Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-77
रायपुर, शुक्रवार 07 नवम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00


## क्विक न्यूज़

### जग्गी हत्याकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** रामअवतार जग्गी हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने सीबीआई की अपील स्वीकार कर इसे छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट वापस भेजने का आदेश दिया, ताकि वहां मामले की मेरिट पर पूरी तरह से सुनवाई की जा सके। वहीं, राज्य सरकार और पीड़ित पक्ष के सतीश जग्गी (रामअवतार जग्गी के पुत्र) की याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने सुनाया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में अभूतपूर्व बहुमत मिलने का विश्वास जताया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य में अभूतपूर्व बहुमत हासिल करेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, बिहार में लोकतंत्र के महापर्व में जन-जन का अद्भुत उत्साह बता रहा है कि विधानसभा चुनावों में राजग को अभूतपूर्व बहुमत मिलने जा रहा है। विदित हो कि राज्य की 243 विधानसभा सीटों में से लगभग आधी सीटों के लिए मतदान किया जा रहा है। इसमें 18 जिलों के 121 निर्वाचन क्षेत्रों में मत डाले जा रहे हैं। इस चरण में लगभग 3.75 करोड़ मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा, हालाँकि सुरक्षा कारणों से कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शाम 5:00 बजे तक सीमित कर दिया गया है।

### शेयर बाजारों में गिरावट जारी, प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह के कारोबार में करीब 387 अंक चढ़ने के बाद अंत में पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 148.14 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को सूचकांक 519 अंक लुढ़का था जबकि बुधवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बाजार में अवकाश था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी शुरुआती तेजी के बाद 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत लुढ़ककर 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। ये दोनों सूचकांक 15 अक्टूबर के बाद के निचले स्तर पर हैं। आईटी और ऑटो को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर दबाव रहा। धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियिलिटी, वित्त, बैंकिंग, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही।

# लाख पालन : मनेंद्रगढ़ वनमंडल बना मॉडल, 37 गांव के 400 कृषकों ने चालू किया लाख पालन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर सरोकार





छत्तीसगढ़ में पलाश पेड़ो की भरमार है। पलाश पेड़ जिसको छत्तीसगढ़ी में परसा कहा जाता है। यह खेतों के मेड़ों में अक्सर पाये जाते हैं। इसके बावजूद इसका कोई व्यावसायिक रूप से उपयोग यहां नहीं हो पा रहा है। लेकिन ये पेड़ लाख पालन के लिए उपयुक्त होते है। इसमें रंगीनी लाख का पालन होता है। वर्तमान में लाख उत्पादन में झारखंड पहले स्थान पर है और छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। वहीं राज्य में देखे तो मनेंद्रगढ़ पहले स्थान पर है, जो अब पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बन चुका है। ग्रामीणों से चर्चा करने पर ग्राम भौता, नारायणपुर, छिपछिपी एवं बुन्देली ग्राम के कृषक लाख पालन के लिए काफी उत्सुकता दिखाया। वहीं अक्टूबर-नवम्बर 2023-24 में पहली बार भौता समिति के भौता, नारायणपुर, छिपछिपी, बुंदेली गांव में तथा जनकपुर चाँटी, जरडोल गांव के पास 34 कृषकों को 2.54 क्विंटल लाख बीहन (बीज) ला कर दिया गया, 276 पेड़ों में संचरण कराया गया। इसके पश्चात माह जून-जुलाई 2024-25 में पुनः 2 समिति भौता एवं बेलबहरा के 3 ग्राम में 0.74 क्विंटल बीहन 4 कृषकों के 80 पेड़ों में लगवाया गया। इसके पश्चात् माह अक्टूबर 2024-25 में 5 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भौता, बेलबहारा, माड़ीसरई, जनकपुर, जनुवा के 9 ग्राम के 126 कृषक के 3117 पलाश पेड़ों में बीहन लाख का संचरण किया गया। इसके पश्चात माह जुलाई 2025 में 10 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के 27 ग्रामों के 205 कृषकों के द्वारा 2037 पलाश पेड़ों में 25.50 क्विंटल बीहन लाख का संचरण किया गया जिसमे से 20.45 क्विंटल लाख बीहन अपने ही जिला यूनियन के कृषकों द्वारा उत्पादन किया गया एवं शेष 4.05 क्विंटल बीहन बलरामपुर से लाया गया था। इसके पश्चात अक्टूबर 2025 में 37 ग्रामों के 400 कृषकों के यहाँ कुल 6 हज़ार पेड़ो में 60 क्विंटल बीहन लाख लगवाया गया। सभी लाख यहाँ के किसानों के द्वारा उत्पादन किया गया था। इसको हर वर्ष 3 गुना बढ़ाने का टारगेट रखा गया है। जानकारों की मानें तो अगले वर्ष तक ये पूरे ज़िले में फैल जायेगा। लाख पालन की सबसे बड़ी समस्या बीहन लाख (बीज) की होती है क्योंकि इसको दूसरे जगह से लाके लगाना बहुत कठिन होता है। जिस रफ़्तार से मनेंद्रगढ़ लाख उत्पादन में आगे बढ़ रहा है, ऐसी उम्मीद की जा रही है कि भविष्य में पूरे छत्तीसगढ़ को बीहन लाख की सप्लाई यही से हो। अगर इसका कास्ट-बेनिफिट एनालिसिस देखे तो जितना लाख बीज में रूप में पेड़ में लगाया जाता है, उसका 2.5 गुना तक उत्पादन हो जाता है। वहीं नेट फायदा डेढ़ गुना तक होता है। इसके साथ ही कई किसान यहां 30-40 हज़ार तक कमा रहे है।



पलाश के पेड़ों का यदि सही उपयोग होता है, तो ये किसान को खेती के अलावा अतिरिक्त आय दे सकते है। इससे छत्तीसगढ़ राज्य से होने वाले पलायन को भी रोका जा सकता है। दरअसल खेती किसानी के अलावा कृषकों के पास दूसरे आय का साधन नहीं होता है। मनेंद्रगढ़ ज़िले के गांवों में भी पलाश पेड़ अधिक संख्या में उपलब्ध है। मनेंद्रगढ़ के क्षेत्रों में पूर्व में लाख पालन कार्य होता रहा है, परंतु कालान्तर में मौसम की मार से और वैज्ञानिक तरीके से लाख पालन कार्य नहीं होने से लाख पालन समाप्त हो गया। अब मनेन्द्रगढ़ वन मंडल किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

**- मनीष कश्यप,** वनमण्डलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़

### कृषक के नाम और आंकड़े

1. समिति भौता, ग्राम छिपीछिपी, कृषक का नाम सर्वजीत सिंह
   2023 अक्टूबर नवंबर क्रय बिहान 40 किलो 45 वृक्ष में राशि 10000.00
   2024 अक्टूबर नवम्बर विक्रय बीहन में 150 किलो राशि 37500.00
   2025 जुलाई विक्रय 125 किलो राशि 31250.00
   दो साल का नेट प्रॉफिट - 58,000 रुपए
2. समिति भौता, ग्राम नारायणपुर, कृषक का नाम उदयनारायण,
   2024 अक्टूबर-नवम्बर क्रय बिहान 60 किलो 70 वृक्ष में राशि 15000.00
   2025 जुलाई विक्रय बीहन में 150 किलो राशि 37500.00
   एक साल का नेट प्रॉफिट - 22,500 रुपए

# वंदे मातरम् से गूंजेगा छत्तीसगढ़ : पूरे वर्ष चलेगा राष्ट्रीय एकता और गौरव का महोत्सव

**वंदे मातरम् की गूंज नई पीढ़ी में जगाएगी राष्ट्रप्रेम और गर्व की भावना : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय**

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पूरे देश के लिए गर्व और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय अवसर है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में इस ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का शुभारंभ 7 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रातः 10 से 11 बजे तक दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री के उदबोधन के पश्चात पूरे देश में एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। गीत के बोल और धुन पोर्टल vandemataramvz®.in पर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम चार चरणों में आयोजित होगा- प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ), और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा। इस दौरान राज्य के सभी जिलों, जनपदों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य के सभी जिलों में मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रत्येक जिले में स्थानीय कलाकारों, छात्रों, सामाजिक संस्थाओं और नागरिक समूहों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सके। प्रदेश के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में वंदे मातरम विषय पर विशेष सभाएँ, निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर निर्माण, एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ होंगी। एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड और स्कूल बैंड के माध्यम से वंदे मातरम् और देशभक्ति गीतों की धुन पर प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी। राज्य पुलिस बैंड भी सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रगीत आधारित कार्यक्रमों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंगेगा। राज्यभर में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत वंदे मातरम् ऑडियो-वीडियो बूथ स्थापित किए जाएंगे। इनमें नागरिक अपनी आवाज़ में वंदे मातरम् गाकर उसे पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। पोर्टल पर गीत की मूल धुन और बोल की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यह पहल लोगों को अपने तरीके से राष्ट्रप्रेम व्यक्त करने का अवसर देगी और आंदोलन को अधिक व्यक्तिगत और भावनात्मक बनाएगी।

## हटाए गए डांगी, अजय यादव को दी गई जिम्मेदारी





**रायपुर।** आईजी रतनलाल डांगी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। आईपीएस डांगी को उनके पद से हटा दिया गया है। अब उनकी जिम्मेदारी आईपीएस अजय यादव को सौंपी गई है। आरोप लगने के बाद यह कार्रवाई 14 दिन बाद की गई है। दरअसल एक महिला ने आईजी डांगी पर यौन उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। मामला के तूल पकड़ने के बाद सरकार ने जांच के आदेश दिए थे। महिला के आरोपों के बाद, आईजी डांगी ने ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया था। 14 दिन की जांच और आंतरिक रिपोर्ट के बाद गृह विभाग ने तत्काल प्रभाव से डांगी को हटाने का आदेश जारी किया। आईजी रतनलाल डांगी की जगह रायपुर रेंज के सीनियर आईपीएस अधिकारी अजय यादव को पुलिस अकादमी का नया प्रभारी बनाया गया है। आईपीएस रतनलाल डांगी की शिकायत की जांच पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आईजी आनंद छाबड़ा को जांच की जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है जांच अधिकारी पहले महिला से पूछताछ करके बयान और डिजिटल साक्ष्य लेंगे। महिला से बयान लेने के बाद आईपीएस रतनलाल डांगी का बयान रिकॉर्ड किया जाएगा। जांच टीम में महिला अफसरों को भी शामिल किया गया है।

# बस्तर में उद्योगपति गोयनका ने किया 120 एकड़ जमीन पर कब्जा, मौके पर पहुंचा जांच दल, पुलिस ने रोका

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार



उद्योगपति महेन्द्र गोयनका पर जमीन कब्जा करने का आरोप है। दरअसल बस्तर में भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम बैल, धरमा, मरकापाल और बड़ेपल्ली के ग्रामीणों की लगभग 120 एकड़ से अधिक निजी जमीनों पर रायपुर के उद्योगपति महेंद्र गोयनका पर कांग्रेस ने कब्जा करने का आरोप लगाया है। मामले को राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर ने प्रमुखता से उठाया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर नौ सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। समिति के संयोजक के रूप में विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक संतराम नेताम को नियुक्त किया गया है। अन्य सदस्यों में बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, चित्रकोट के पूर्व विधायक राजमन बेंजाम, दंतेवाड़ा के पूर्व विधायक प्रत्याशी छवीन्द्र कर्मा, सुकमा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर तथा जिला पंचायत सदस्य लच्छू राम मौर्य शामिल हैं। यह नौ सदस्यीय जांच दल प्रभावित ग्रामों के पीड़ितों से मिलने मौके पर पहुंचा तो पुलिस ने सुरक्षा कारणों से इंद्रावती नदी पार करने की अनुमति नहीं दी। तो वहीं पीड़ित ग्रामीण स्वयं नदी पार कर भैरमगढ़ ब्लॉक के इतामपार पंचायत स्थित उस्परी घाट पहुंचे और जांच समिति के समक्ष अपनी पूरी व्यथा सुनाई। जांच समिति ने उस्परी घाट पर ही भैरमगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी को उद्योगपति महेंद्र गोयनका एवं उनकी पत्नी मीनू गोयनका पर कार्रवाई करने तथा पीड़ितों की जमीनें वापस दिलाने संबंधी ज्ञापन सौंपा। इसके बाद समिति पीड़ितों एवं ग्रामीणों के साथ भैरमगढ़ थाने पहुंची और वहां भी गोयनका दंपति पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर जमीनें वापस दिलाने हेतु आवेदन दिया। संयोजक संतराम नेताम ने कहा कि वे स्वयं मौके पर जाना चाहते थे, किंतु पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर रोका। वहीं कांग्रेसी सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए उद्योगपतियों से मिलीभगत का आरोप लगाया।

## पण्डो समाज की जमीन हथियाने की साजिश



पायनियर संवाददाता ‹ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी जनजाति पण्डो समाज ने रघुनाथनगर तहसील के रीडर तहसीलदार और कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। समाज का कहना है कि भूमाफिया सुभाषचंद पटेल और उसके सहयोगियों के साथ मिलीभगत कर पण्डो परिवारों की जमीन को हड़पने के लिए सरकारी रिकॉर्ड में जातीय हेराफेरी की जा रही है। पण्डो समाज के प्रतिनिधियों ने इस पूरे मामले में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

रिकॉर्ड में छेड़छाड़ जमीन कब्जाने की कोशिश-पण्डो समाज ने कहा कि तहसील कार्यालय में कूट रचना के ज़रिए पण्डो जनजाति की भूमि को 'भुईहार' और 'भुईया' जाति दिखाकर सामान्य वर्ग के नाम दर्ज करने का षड्यंत्र रचा गया है। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि जब कमिश्नर, सरगुजा अंबिकापुर द्वारा पहले ही यह आदेश दिया गया है कि पण्डो जनजाति की भूमि किसी शेष पेज 02 पर

**1314 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद**

# प्रथम चरण की 121 सीटों पर करीब 65 प्रतिशत हुआ मतदान

पायनियर संवाददाता ‹ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव में त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा के बीच 121 विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान में करीब 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद कर दिया। प्रथम चरण के चुनाव में कुल तीन करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाताओं के करीब 65 प्रतिशत वोटरों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर बिहार के दो उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव,राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े पुत्र तेज प्रताप यादव समेत 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद कर दिया। प्रथम चरण में 121 विधानसभा सीटों के लिये 45341 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हुयी। सुरक्षा कारणों से मुंगेर जिले की तीन सीटें तारापुर,मुंगेर और जमालपुर के अलावा सहरसा जिले की सिमरी बख्तियारपुर ,महिषी और लखीसराय जिले की सूर्यगढ़ा सीट के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान शाम पांच बजे समाप्त हो गया, वहीं अन्य सीटों पर मतदान शाम छह बजे समाप्त हुआ। मतदान में जिन दिग्गजों की किस्मत का फैसला मतदाताओं ने किया उनमें राजग से दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, 15 मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मंगल पाण्डे, मदन सहनी, नितिन नवीन, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, रत्नेश सदा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता,संजय सरावगी, डा. सुनील कुमार, जिवेश कुमार, राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू के अलावा बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राम कृपाल यादव,श्याम रजक, अनंत सिह, अमरेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सिंह, उमेश कुशवाहा और मैथिली ठाकुर शामिल हैं। इसी तरह महागठबंधन से जिन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने किया उनमें मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी यादव के अलावा अवध बिहारी चौधरी, डा. रामानंद यादव, वीणा देवी, ललित कुमार यादव, विजेन्द्र चौधरी, रेणु कुशवाहा, खेसारी लाल यादव,आलोक मेहता, भाई वीरेन्द्र, अनिरूद्ध यादव,अवधेश राय शामिल है।इसके अलावा तेज प्रताप यादव, आईपी गुप्ता, शिवदीप लांडे, आनंद मिश्रा, वी.के.रवि, जयप्रकाश सिंह, आर.के.मिश्रा, राम नारायण सिंह, पुष्पम प्रिया, के.सी. सिन्हा समेत अन्य उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला भी मतदाताओं ने ईवीएम में बंद कर दिया । प्रथम चरण के चुनाव में राजग के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के 57, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के दो उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। वहीं महागठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 71, कांग्रेस के 24, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के 14, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के छह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के पांच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के तीन-तीन उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में थे। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज से 118 उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमाया । बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा, जिसमें 122 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा। इसके बाद 14 नवंबर को मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को इस वर्ष समाप्त हो रहा है।

## दुनिया तेजी से बदल रही है, आगे रहने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा : सीतारमण

वार्ता ‹ मुम्बई
www.dailypioneer.com



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया तेजी से बदल रही है और देश को आगे बनाये रखने के लिए हमें मिलकर काम करने की जरूरत है। सीतारमण ने यहां 12वें एसबीआई बैंकिंग एवं आर्थिक सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा, 'आत्मनिर्भरता का मार्ग साहस, सहयोग और खुद को निरंतर परिस्थितियों के अनुकूल ढालने का मार्ग है। हमारे आसपास की दुनिया पहले से कहीं अधिक तेजी से बदल रही है। आगे बने रहने के लिए भारत को एकजुट होकर कार्य करना होगा - सरकार, उद्योग और नागरिक - सभी को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि 'सबका प्रयास' केवल एक नारा नहीं है, यह निरंतर प्रगति की कुंजी है। आत्मनिर्भर भारत के विजन पर बोलते हुए उन्होंने इसके पांच आयामों की उल्लेख किया और उस दिशा में मोदी सरकार के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। ये पांच आयाम हैं-आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक आत्मनिर्भरता, तकनीकी आत्मनिर्भरता, रणनीतिक आत्मनिर्भरता और ऊर्जा आत्मनिर्भरता। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत एक विशाल और खास तरह की विविधता वाला देश है और हम दूसरे देशों की नकल करके आगे नहीं बढ़ सकते। आर्थिक आत्मनिर्भरता का हमारा मार्ग हमारी अपनी वास्तविकताओं, आवश्यकताओं और आकांक्षाओं के अनुसार तय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पूंजीगत आवंटन पांच गुना बढ़कर 11.21 लाख करोड़ रुपये हो गया है, देश के 23 शहरों में मेट्रो रेल चल रही है या बन रही है, बंदरगाह क्षमता दोगुनी हो गयी है।

## राजनाथ ने लघु उद्योग भारती की निस्वार्थ सेवा को प्रेरित करने का आरएसएस को दिया श्रेय



**बेंगलुरु।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लघु उद्योग भारती जैसे संगठनों को निस्वार्थ सेवा और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की भावना से काम करने लिए प्रेरित करने का श्रेय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को दिया है। सिंह ने लघु उद्योग भारती कर्नाटक और आईएमएस फाउंडेशन द्वारा आयोजित आईएमडी 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि संघ का समाज के प्रति सदियों पुराना समर्पण भारत के औद्योगिक और सामाजिक विकास को आकार दे रहा है। उन्होंने कहा, लघु उद्योग भारती ने बिना किसी स्वार्थ के समाज और उद्योग जगत की सेवा करने की प्रेरणा आरएसएस से ली है। संघ लगभग सौ वर्षों से पूरी निष्ठा और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने संघ परिवार के साथ अपने लंबे जुड़ाव पर गर्व व्यक्त करते हुए ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि मैं लंबे समय से संघ परिवार से जुड़ा हुआ हूं। मैं पहले भी जुड़ा था, आज भी जुड़ा हूं और जब तक जीवित रहूंगा जुड़ा रहूंगा। उन्होंने भारतीय समाज में अनुशासन, समर्पण और सेवा की संस्कृति के निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए आरएसएस की सराहना की। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने हमेशा 'सर्व निष्काम सेवा' में विश्वास किया है और इसने पीढ़ियों में राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत किया है।

# बिहार में फिर लौटेगी डबल इंजन की सरकार : धामी

वार्ता ‹ हल्द्वानी
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के रामनगर और हल्द्वानी में मीडिया से बातचीत के दौरान बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि बिहार की जनता एक बार फिर डबल इंजन की सरकार बनाएगी। धामी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में जिस तेजी से विकास कार्य हुए हैं, उसी का परिणाम है कि हर राज्य में जनता भाजपा और एनडीए गठबंधन को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व विकास हुआ है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और हवाई सेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बिहार की जनता 'जंगलराज' से पूरी तरह मुक्ति पा चुकी है और अब सुशासन व विकास की राह पर आगे बढ़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकारें तेजी से काम कर रही हैं, और यही कारण है कि देशभर के लोग विकास व सुशासन के लिए भाजपा की सरकारों पर भरोसा जता रहे हैं। धामी ने विश्वास जताया कि बिहार में इस बार भी बड़े बहुमत से एनडीए की सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बनेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा रोजगार और बेहतर भविष्य की उम्मीद में हैं, और यह तभी संभव है जब राज्य में एनडीए की सरकार बने। उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हम हर उत्तराखंडवासी की जरूरतों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। पिछले 25 वर्षों में राज्य ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं और आने वाले 25 वर्ष उत्तराखंड के लिए स्वर्णिम दशक साबित होंगे।

## धामी ने पूर्व सैनिकों के लिए की कई घोषणाएं

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के रजत जयंती वर्ष के मौके पर हल्द्वानी में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन में प्रतिभाग किया और सैनिक के कल्याण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्गठन और सुदृढ़ीकरण की घोषणा करते हुए कहा कि विभाग की कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा ताकि हर सैनिक परिवार तक योजनाओं का लाभ सहज रूप से पहुँच सके। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी, अल्मोड़ा और पौड़ी में जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों एवं आवासीय भवनों के पुनर्निर्माण का कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने वीर नारियों को आवासीय भवन के निर्माण हेतु मिलने वाली सहायता राशि को दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किए जाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि शहीद सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में सैनिकों के 150 बच्चों के लिए एक आधुनिक छात्रावास का निर्माण किया जाएगा, जिससे सैनिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिकों का जीवन अनुशासन, समर्पण और बलिदान की मिसाल है। सैनिक कभी पूर्व सैनिक नहीं होता, वह सदैव सैनिक रहता है। सम्मेलन में नैनीताल और ऊधमसिंहनगर जिले की 44 वीर नारियों को सम्मानित किया गया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि वीरांगनाओं का सम्मान पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड का पंचम धाम 'सैन्य धाम' का शीघ्र लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में छात्रावास निर्माण के लिए गन्ना सेंटर के पास 6.4 हेक्टेयर भूमि का चिन्हीकरण किया गया है और शीघ्र ही मुख्यमंत्री द्वारा इसका शिलान्यास किया जाएगा। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सम्मेलन में विधायकगण बंशीधर भगत, रामसिंह कैडा, डॉ. मोहन बिष्ट, राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरम्वाल, मेयर गजराज बिष्ट, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले.कर्नल (अप्रा) रमेश सिंह, ले.कर्नल (अप्रा) बीएस रौतेला, कर्नल (अप्रा) जगत सिंह जंतवाल, कैप्टन (अप्रा) पीएस भण्डारी के साथ ही सैकड़ों की संख्या में पूर्व सैनिक और वीर नारियां उपस्थित रहीं।

# माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए : योगी

एजेंसी ‹ चंपारण
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ तो कीमत चुकनी पड़ेगी। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशियों के लिये चुनाव प्रचार करने पहुंचे योगी ने गुरुवार को कहा कि बिहार बदलकर समृद्धि की तरफ बढ़ा है। राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में 1990 से 2005 के मध्य 60 से अधिक जातीय नरसंहार व अपहरण की 30 हजार घटनाएं हुईं। उस समय इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे, व्यापारी के साथ ही सड़क, पुल का भी अपहरण हो जाता था।

पेशेवर माफिया व अपराधी इनके शागिर्द बनते थे। यूपी में माफिया को अब बुलडोजर से रौंद दिया गया है। गुरुवार को दूसरी रैली में उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री व बेतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए कमल खिलाने की अपील की। जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया तो कांग्रेस व राजद गठबंधन पर करारा प्रहार किया और विपक्षी प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण की 121 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। नौजवान, किसान, श्रमिक, माताएं, बहनें, युवा सभी राजग को वोट दे रहे हैं। रुझान बता रहा कि 14 नवंबर को परिणाम आने पर राजग सरकार का नारा फिर बुलंद होगा। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में इनके पार्टनर सपा व कांग्रेस माफिया को गले लगाकर चलती थी और जनता का शोषण करती थी। हमने कहा कि यह नहीं चलेगा। यूपी में नौजवान को नौकरी, रोजगार, शिक्षा, बहन-बेटियों को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन है। वहां युवा मस्त व माफिया पस्त है।

यूपी में माफिया को बुलडोजर से रौंद दिया गया है। योगी ने कहा लखनऊ में डीजीपी आवास के सामने दुर्दांत माफिया ने गरीबों की जमीनों पर कब्जा करके हवेली बनाई थी। एक दिन मैंने कहा कि इसे कब्जे में ले लो। मैं बताऊंगा कि क्या करना है। फिर कब्जे में लेकर उस हवेली पर बुलडोजर चलवाया गया। वहां हमने गरीबों के लिए 72 आवास बनाकर उन्हें चाबी सौंपी। यही काम प्रयागराज में भी किया। माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ तो इसकी कीमत चुकाओगे।

# इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के काम में तेजी जुगाड़ तकनीक से हो रहा कार्य तेज

एजेंसी ‹ इंदौर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश में इंदौर-दाहोद रेल परियोजना को प्रधानमंत्री की पोर्टल सैनिक परियोजना सूची में शामिल किए जाने के बाद अब कार्य में तेजी आ गई है। इसी क्रम में धार से गुणावद तक 18 किलोमीटर हिस्से में दिसंबर तक रेल पटरी बिछाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस समय धार रेलवे स्टेशन से लेकर बीच के हिस्से में पटरी बिछाने का कार्य नई तकनीक के उपयोग से तेजी से किया जा रहा है। सामान्यतः यह कार्य इंजन के पीछे लगने वाली बड़ी मशीन से किया जाता है, लेकिन यहाँ एक ट्रक को संशोधित कर अस्थायी ट्रैकिंग सिस्टम तैयार किया गया है। यद्यपि इस कारण कार्य की रफ्तार कुछ धीमी है, फिर भी रेलवे विभाग को विश्वास है कि दिसंबर तक यह पूरा खंड तैयार हो जाएगा। सागौर से लेकर धार तक करीब 50 किलोमीटर क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक (सब-बेस) कार्य पूरे किए जा रहे हैं। अब स्लीपर बिछाकर उस पर रेल पटरी लगाने का कार्य चल रहा है। रेलवे विभाग का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक धार से सागौर के बीच इंजन ट्रायल रन शुरू कर दिया जाए, जिससे पूरे ट्रैक की तकनीकी स्थिति स्पष्ट हो सके। इंजीनियरों के अनुसार, धार-गुणावद खंड छोटा होने के कारण बड़ी मशीनों का उपयोग संभव नहीं है। इसलिए एक ट्रक को मॉडिफाई कर उस पर वेल्डिंग और रेल ट्रैक बिछाने की व्यवस्था की गई है। यह पूरा सिस्टम स्थानीय स्तर पर तैयार किया गया है ताकि सीमित स्थान में भी कार्य सुचारू रूप से चल सके। रेलवे के इंजीनियर रानु जैन ने बताया कि सागर से धार के बीच जहाँ पहले स्लीपर और पुरानी पटरी रखी गई थी।

# आत्मसमर्पण नीति के तहत झारखंड में 23 नक्सलियों को मिली आर्थिक मदद

एजेंसी ‹ वार्ता
www.dailypioneer.com



झारखंड सरकार ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण नीति के तहत आर्थिक सहायता दिलाकर नक्सलवाद समाप्ति की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकारी विभागों की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 23 आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। यह सहायता सरकार की ओर से नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्रों में पुनर्वास और शांति स्थापित करने के प्रयास का हिस्सा है। झारखंड में पिछले कुछ वर्षों में नक्सलवाद पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। सरकार की विविध नीतियों और प्रयासों के कारण नक्सलवाद की समस्या अब 95 प्रतिशत तक कम हो चुकी है। राज्य के पांच जिले–गिरिडीह, गुमला, लातेहार, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम–अब भी नक्सल प्रभावित हैं। हालांकि, पूरे भारत के 5 राज्यों के 12 सबसे नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में झारखंड से केवल पश्चिमी सिंहभूम जिला शामिल है, जो राज्य में नक्सलवाद मुक्ति की उपलब्धि को दर्शाता है। आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों को दी गई सहायता राशि में उम्रेश यादव को 2 लाख रुपये, जीवन कंडुलना को 2.30 लाख, बोयदा पाहन, बिरसा मुंडू, गोंदा पाहन, गोपाल गंझू, बिरसा मुंडा और कारगिल यादव को 30-30 हजार रुपये का भुगतान हुआ है। वहीं, संतोष गंझु को 1.18 लाख, राहुल गंझु और मनेश्वर गंझु को 1.07 लाख रुपये दिए गए हैं। विनोद दास और गणेश लोहरा को सर्वाधिक 3 लाख रुपये की राशि मिली है। तिलकमेन साहू, ललित बड़ाइक, राजो सिंह, दीपक मांझी, सियोजन टोपनो, कमल सिंह, महेश्वर सिंह, संतोष सिंह, विनोद मुंडा और आकाश सिंह को 2.50-2.50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। यह आर्थिक सहायता नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को पुनः सामाजिक जीवन में समायोजित करने का एक प्रयास है। सरकार का दावा है कि इस नीति और कार्यक्रम के कारण झारखंड नक्सलवाद से लगभग मुक्त हो चुका है। इसके साथ ही राज्य के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भी नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं, जिससे वे मुख्यधारा में लौट सकें और विकास कार्यों में भाग ले सकें।

# प्रदूषण के मद्देनजर सावधानी बरतने की सिविल सर्जन ने दी सलाह

एजेंसी ‹ मोहाली
www.dailypioneer.com

ठंड की शुरुआत और वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए पंजाब में मोहाली जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के निवासियों के लिए परामर्श जारी किया गया है। सिविल सर्जन डॉ संगीता जैन ने कहा कि इन दिनों ठंड बढ़ने और हवा में प्रदूषण के कारण वायरल बुखार, खांसी, जुकाम, सिरदर्द, घबराहट और सांस लेने में तकलीफ जैसी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, सांस संबंधी रोगी और कम प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्ति इस मौसम में अधिक सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के स्तर की जानकारी के लिए लोग प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट देखें। यदि एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 से अधिक हो, तो बाहर जाने से परहेज करें, खासकर सुबह और देर शाम के समय। इस दौरान घरों की खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें। डॉ जैन ने कहा कि जिन्हें सांस लेने में दिक्कत, खांसी, सीने में जकड़न, सिरदर्द या आंखों में जलन की समस्या हो, वे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में डॉक्टर से संपर्क करें। उन्होंने सलाह दी कि बाहर जाते समय मास्क या कपड़े से मुंह ढकें, खुले में लकड़ी, पत्ते या फसली अवशेष न जलायें और आतिशबाजी से परहेज करें। लोगों से अपील की गयी है कि वे मौसमी फलों का सेवन करें, सिगरेट और तंबाकू से दूर रहें, ज्यादा पानी पियें, वाहन में सफर करते समय खिड़कियां बंद रखें और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। साथ ही, अधिक से अधिक पौधे लगाने पर भी जोर दिया गया है, ताकि वायु गुणवत्ता में सुधार हो सके और प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं कम हों।

## वामपंथी धर्मनिरपेक्ष दल एसआईआर के मुद्दे मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलेंगे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के वामपंथी धर्मनिरपेक्ष दलों की बैठक 6 नवंबर को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय भोपाल में हुई। बैठक मे चुनाव आयोग द्वारा मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा पर चिंता व्यक्त करते हुए, इस प्रक्रिया को लेकर आम मतदाताओं के मन में पैदा हुए संदेहों और बिहार के अनसुलझे सवालों का उत्तर दिये बगैर इस प्रक्रिया को शुरू करने के परिणामों पर चर्चा की गई। इन दलों ने 7 नवंबर को शाम चार बजे मुख्य चुनाव अधिकारी से मुलाकात करने का निर्णय लिया है। बैठक में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह, सीपीआई के राज्य सचिव शैलेन्द्र कुमार शैली, समाजवादी पार्टी के रतन लाल बाथम, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राज्य सचिव अजय श्रीवास्तव के अलावा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के बादल सरोज, जिला सचिव तेज कुमार तिग्गा, पी एन वर्मा और सीपीआई के ए एच सिद्दीकी ने हिस्सा लिया।

# हरियाणा में भ्रष्टाचार के मामलों में 78 प्रतिशत बढ़ोतरी : सैलजा

एजेंसी ‹ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



हरियाणा के सिरसा सीट की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एनसीआरबी और एसवीएसईसीबी की संयुक्त रिपोर्ट-2023 के अनुसार हरियाणा में पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार के मामलों में 78.48 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी से प्रदेश देशभर में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति शासन और प्रशासन की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है और राज्य की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। सैलजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की पारदर्शिता केवल नारों तक सीमित है। दस साल से भाजपा भ्रष्टाचार-मुक्त शासन की बात कर रही है, लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। हरियाणा जैसा अग्रणी राज्य अब भ्रष्टाचार के मामलों में शीर्ष पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और किसान कल्याण जैसी मूलभूत सेवाओं में गिरावट आयी है, जबकि रिश्वतखोरी, भाई-भतीजावाद और नीतिगत पक्षपात बढ़ा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि भ्रष्टाचार पर रोक के लिए कठोर और पारदर्शी तंत्र बनाया जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार-मुक्त हरियाणा केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि जवाबदेही और जनता की भागीदारी से संभव है।

# तवा से रोटी पलटती रहनी चाहिए नहीं तो जल जाएगी : लालू यादव

एजेंसी ‹ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए चल रही पहले चरण की वोटिंग के बीच राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने लोगों से महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की है। यादव ने राजधानी पटना के एक मतदान केन्द्र में अपने परिवार के लोगों के साथ मतदान किया। उन्होंने मतदान करने के बाद बिहार में बदलाव की अपील की है। राजद सुप्रीमो यादव ने दिवंगत समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया की बात दुहराते हुए लोगों से प्रदेश की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के खिलाफवोट करने की अपील की। यादव ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी के साथ वोट वाली अंगुली दिखाते हुए एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, तवा से रोटी पलटती रहनी चाहिए नहीं तो जल जाएगी। 20 साल बहुत हुआ! अब युवा सरकार और नए बिहार के लिए तेजस्वी सरकार अति आवश्यक है। यादव ने सीधे तौर पर अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की है। गौरतलब है कि समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया ने समाज के विकास और बेहतर लोकतंत्र के लिए सत्ता बदलते रहने को जरूरी बताया था। उन्होंने कहा था कि रोटी उलटते-पलटते रहो, जिससे वह ठीक से पक सके. एक ही तरफ सिक रही रोटी जल जाती है, पकती नहीं. वैसे ही सत्ता परिवर्तन भी अपरिहार्य है, सत्ता बदलती रहनी चाहिए ताकि आम जनमानस और समाज में निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का भला हो सके।

## महिला आरक्षण मामले पर नहीं हुई सुनवाई, 12 नवंबर की तिथि मुकर्रर

**नैनीताल।** उत्तराखंड में सरकारी नौकरियों में अधिवास के आधार पर प्रदेश की महिलाओं को मिलने वाले 30 प्रतिशत महिला आरक्षण के मामले में सुनवाई नहीं हो पायी,अब इस मामले में 12 नवंबर की तिथि मुकर्रर की गयी है। इस प्रकरण को उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त शिक्षक सत्यदेव त्यागी समेत छह अन्य लोगों की ओर से अलग अलग याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई है। सरकार की ओर से महाधिवक्ता एस एन बाबुलकर इस अदालत में पेश नहीं हो पाए। सरकारी पक्ष की ओर से मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर की अगुवाई वाली पीठ से इस प्रकरण में सुनवाई के लिए 18 नवंबर की तिथि मुकर्रर करने की मांग की गयी। अदालत ने सरकार की मांग को दरकिनार करते हुए 12 नवंबर की तिथि तय कर दी।

## क्वीक न्यूज

### एससी-एसटी वर्ग के विकास के लिए सरकार कर रही निरंतर कार्य : यादव



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दावा किया है कि अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी-एसटी) के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास तथा कल्याण के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उददेश्य है। योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य शासन विभिन्न सुझावों के प्रति संवेदनशील और नवाचारों के लिए तत्पर है। यादव ने पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पहुंची अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण के लिए गठित केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों के साथ चर्चा में आज यह बात कही। इस मौके पर कुलस्ते ने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय समिति द्वारा मैदानी स्तर पर समीक्षा की जा रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लिखा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लिखा पत्र, बीमार बच्चों के इलाज का पूरा खर्च देने की मांग

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में ज़हरीला कफ सीरप पीने से हुई बच्चों की मृत्यु और अनेक बच्चों के बीमार होने की घटना को



लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में बीमार बच्चों के उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा शीघ्र देने की मांग की है। कमलनाथ ने कहा है कि इस दर्दनाक घटना के बाद राज्य सरकार ने घोषणा की थी कि बीमार बच्चों के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी, लेकिन अब तक यह खर्च बच्चों के परिजनों को प्रदान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दु:खद है कि जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया या अब भी उनके उपचार में जुटे हैं, उन्हें सरकार की घोषित सहायता के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि छिंदवाड़ा के कई प्रभावित परिवार अब भी आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं और उनके पास बच्चों के इलाज का खर्च उठाने की क्षमता नहीं है।

### एमएसआरटीसी के सतर्कता विभाग प्रमुख की जल्दी ही होगी नियुक्ति

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) में लंबे समय से रिक्त सुरक्षा एवं सतर्कता विभाग के प्रमुख के पद पर जल्द ही भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) रैंक के एक पुलिस अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक गृह विभाग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री की सहमति से इस पद पर भर्ती के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि अनुभवी और अनुशासित आईपीएस अधिकारी जल्द ही कार्यभार संभालेंगे, जिससे परिवहन निगम का समग्र सुरक्षा ढाँचा मज़बूत होगा। यह कदम फरवरी में स्वारगेट में हुई घटना के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया है, जब एक महिला पर हमले के बाद एमएसआरटीसी की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामियां सामने आयी थीं। परिवहन मंत्री और एमएसआरटीसी के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने उस दौरान कहा था कि जल्द ही एक आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

### एमडी ड्रग्स जप्त, बाल अपचारी सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**धार।** मध्यप्रदेश के धार जिले में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन बस स्टैंड क्षेत्र से एमडी ड्रग्स जप्त की है। इस दौरान पुलिस ने एक बाल अपचारी और एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि निर्माणाधीन बस स्टैंड पर नाबालिग युवक एमडी ड्रग्स लेकर खड़ा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस और साइबर क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तो दो युवकों ने भागने का प्रयास किया। घेराबंदी कर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में बाल अपचारी के साथ आसिम पिता अब्दुल (आयु 22 वर्ष), निवासी गांधी कॉलोनी शामिल है। शुरुआती पूछताछ में बाल अपचारी ने बताया कि वह एमडी ड्रग्स आसीम से लेता था। आरोपी आसीम शहर में ड्रग्स की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर लोगों को बेचता था।

## प्रथम पेज का शेष

# पांडो समाज की जमीन हथियाने की साजिश

भुईहार-भुईया लिखकर किया अपमान-पण्डो समाज ने यह भी आरोप लगाया कि भूमाफिया सुभाषचंद पटेल जानबूझकर शिकायतों में पण्डो परिवारों के नाम के आगे 'भुईहार' और 'भुईया' दर्ज करा रहे हैं, ताकि उन्हें जनजातीय अधिकारों से वंचित कर उनकी भूमि हथियाई जा सके। समाज ने कहा कि यह केवल जमीन पर कब्जे की साज़िश नहीं, बल्कि पण्डो समुदाय के सम्मान और अस्तित्व पर सीधा प्रहार है। 35 साल पुराने कब्जे पर संकट के बादल-ग्राम करमडीहा, ब्लॉक वाड्रफनगर के पण्डो परिवार रामसुभग पण्डो, नाहरसाय पण्डो, गोविंदर पण्डो सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि वे 35 से 40 सालों से अपने खेतों में काबिज़ हैं, मगर अब भूमाफिया और अधिकारी मिलकर इन्हीं जमीनों को वन अतिक्रमण बताकर बेदखली की साजिश रच रहे हैं। समाज का कहना है कि भूमाफिया स्वयं जंगल की जमीन पर काबिज हैं, लेकिन कार्रवाई केवल कमजोर पण्डो परिवारों पर की जा रही है।

कमिश्नर के आदेश की खुली धज्जियां-पण्डो समाज ने कहा कि कमिश्नर, सरगुजा अंबिकापुर द्वारा जारी आदेश के बावजूद भी रघुनाथनगर तहसील में अधिकारियों की मनमानी जारी है। न तो रिकॉर्ड सुधारा गया और न ही भूमाफिया पर कोई कार्रवाई हुई। विभागीय मौन ने साजिश को और मजबूत कर दिया है।

पण्डो समाज की चेतावनी : प्रदेश अध्यक्ष उदय कुमार पण्डो ने कहा कि अब पण्डो समाज चुप नहीं बैठेगा। यह मामला केवल जमीन का नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व और सम्मान का है। अगर शासन-प्रशासन ने अब भी कार्रवाई नहीं की, तो हम राजभवन मार्च और राज्यव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रदेश सचिव देवचंद राम पण्डो ने कहा कि पण्डो समाज दशकों से उपेक्षित रहा है न शिक्षा,न स्वास्थ्य,न भूमि सुरक्षा। अब जब समाज अपने अधिकारों की बात कर रहा है, तब उसे रिकॉर्ड में मिटाने की कोशिश की जा रही है,यह निंदनीय है।

प्रशासन की भूमिका पर सवाल-समाज ने मांग की है कि जिन कर्मचारियों ने रिकॉर्ड में भुईहार-भुईया दर्ज किया है, उनके खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया जाए। साथ ही उन पर तत्काल निलंबन और विभागीय जांच शुरू की जाए। समाज ने कहा कि यह मामला अब सिर्फ एक तहसील का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की जनजातीय सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है।

# उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के काफिले पर उनके निर्वाचन क्षेत्र लखीसराय में हुआ हमला

एजेंसी ‹ लखीसराय
www.dailypioneer.com



बिहार के उप मुख्यमंत्री और लखीसराय विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में उन पर राष्ट्रीय जनता दल समर्थित असामाजिक तत्वों ने उनकी गाड़ी पर पथराव किया। सिन्हा ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि लखीसराय विधानसभा क्षेत्र के खुरियार इलाके में बूथ नंबर 405 पर राजद समर्थित असामाजिक तत्व कब्जा किये हुये हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों ने उनकी पार्टी भाजपा के एजेंट को बूथ से जबरन हटा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद के गुंडे समाज के कुछ वर्गो के लोगों को मतदान नहीं करने दे रहे थे, जिससे पूरे इलाके में तनाव बना हुआ था। सिन्हा ने कहा कि जब वह खुरियार जाने लगे तो रास्ते में राजद के गुंडो ने उनके काफिले पर पत्थर, कीचड़ और गोबर फेंका। उन्होंने कहा कि सत्ता से बाहर रहने के बावजूद राजद के गुंडो का रवैया नहीं बदला है और वह समाज में हिंसा और तनाव फैलाना चाहते हैं। उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन को इस संबंध में सुबह से ही सूचना दी जा रही थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती बूथ पर कर दी गयी जबकि उन्हें पेट्रोलिंग के लिये तैनात किया जाना था। इस बीच बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने लखीसराय के पुलिस अधीक्षक को इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देशा दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को मतदान करने से रोका नहीं जा सकता है और जो इस तरह की गतिविधि में शामिल होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 2025 : जिले में धान खरीदी की निगरानी हेतु इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर गठित



पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर हरिस एस द्वारा जिला स्तरीय इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर एवं नियंत्रण कक्ष का विधिवत गठन करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय नया रायपुर से प्राप्त निर्देशों और जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल की अनुशंसा के आधार पर यह पहल किया गया है। इस सेल का प्राथमिक उद्देश्य धान खरीदी के दौरान संभावित अनियमितताओं पर नियंत्रण रखना और धान के अवैध पुनर्चक्रण को रोकना है, ताकि वास्तविक किसानों को ही उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके। उक्त जिला स्तरीय कंट्रोल सेल जिला विपणन अधिकारी कार्यालय जगदलपुर में स्थापित की गई है, जहाँ नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी प्रभावी ढंग से निगरानी सुनिश्चित करेंगे। सेल में तैनात अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर सत्येन्द्र कुमार बंजारे को प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। उनके साथ सहायक प्रोग्रामर मेहरुन निशा और अघम भास तकनीकी सहायक और डेटा प्रबंधन का कार्य देखेंगे। साथ ही डाटा एंट्री ऑपरेटर अभिषेक पाण्डेय और अभिषेक राव डेटा प्रविष्टि एवं संचालन में सहायता करेंगे। वहीं जिला विपणन कार्यालय के लेखा अधिकारी बलिराम कश्यप को इस महत्वपूर्ण सेल का नियमित रूप से सुचारू संचालन एवं मॉनिटरिंग की जवाबदेही सौंपी गई है। कंट्रोल सेल अपने कामकाज में संपूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक रजिस्टर का उपयोग करेगा, जिसमें समस्त गतिविधियों को पृथक से दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा सेल का एक मुख्य कार्य जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय सूचना का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना होगा। समस्त प्राप्त शिकायतें व सुझाव और निराकरण की जानकारी नियंत्रण कक्ष नंबर +91-74898-70170 पर संकलित की जाएगी और तत्पश्चात इसे खाद्य शाखा जगदलपुर को प्रेषित किया जाएगा।

# धनी धर्मदास साहब प्रगट उत्सव पर तोरण्डी परिक्षेत्र में उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का माहौल





पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के ग्राम तोरण्डी में कार्तिक पूर्णिमा 2025 के अवसर पर अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ इस वर्ष भी धनी धर्मदास साहब प्रगट उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र के ग्राम अमरावती, मालगांव, बीजापुर, घोड़सोडा, सिलाटी, करंडी, हीरापुर, इंगरा और माकड़ी के कबीरपंथ समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कबीर पंथ बस्तर प्रचारक महंत फूलदास ने सदगुरु कबीर साहब के वाणी वचनों का अमृत रसपान कराते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को सत्संग का संदेश दिया। इसी क्रम में सात्विक आनंदी चौका आरती का आयोजन महंत बुधमन दास के करकमलों से सम्पन्न हुआ। वहीं ध्वजारोहण व निशान पूजा का कार्य महंत रामेश्वर दास द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानिकपुरी पनका समाज ब्लॉक अध्यक्ष माकड़ी सन्यासी दास ने की, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया। इस अवसर पर सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन के छत्तीसगढ़ राज्य सह युवा प्रतिनिधि अर्जुनदास प्रधान तथा ज्ञक्ट मिशन जिला युवा प्रतिनिधि, कोंडागांव के नकुल नाग विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिक्षेत्र में भक्ति, सेवा और सदभाव का अदभुत वातावरण देखने को मिला।

# चिखलपुट्टी में आयोजित सुपोषण चौपाल में शामिल हुईं कलेक्टर



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ग्राम चिखलपुट्टी के आंगनबाड़ी केन्द्र प्लाटपारा में आयोजित सुपोषण चौपाल एवं पालक बैठक में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी स्थिति की जानकारी ली तथा उपस्थित माताओं से संवाद किया।

कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक परिवार को स्वस्थ व्यवहार अपनाना आवश्यक है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्तनपान कराएं और स्वयं भी पौष्टिक एवं संतुलित आहार लें। उन्होंने बताया कि हर दो घंटे के अंतराल पर शिशुओं को स्तनपान कराना उनके शारीरिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने बच्चों का वजन नियमित रूप से कराने और निर्धारित डाइट चार्ट के अनुसार भोजन कराने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बच्चों को रेडी टू ईट आहार नियमित रूप से देने को कहा। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत विविध गतिविधियों का कलेक्टर ने अवलोकन किया और उनकी सराहना की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धनराजी शुक्ला ने परवरिश के चौंपियन कार्यक्रम के तहत 'नाप-तौल' थीम पर माताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक जानकारी दी। साथ ही समुचित देखभाल और पोषण आहार के बारे में भी बताया।

# केशकाल में उद्यमिता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कार्यालय जनपद पंचायत केशकाल के सभा कक्ष में उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष केशकाल बिहारी लाल शोरी की अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला में नगर की महिला स्व सहायता समूहों को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें समूह के महिलाओं ने बड़ी, मिनी राईस मिल, अचार, पापड़, मक्का पोहा के निर्माण हेतु उत्सुकता दिखाई।

# बयानार में राजमिस्त्री प्रशिक्षण का 30 दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए एक सराहनीय कदम उठाते हुए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जगदलपुर द्वारा आयोजित 30 दिवसीय ऑफ कैम्पस राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन ग्राम पंचायत बयानार, विकासखण्ड कोंडागांव में हुआ।

इस प्रशिक्षण में ग्राम बयानार एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निर्माण कार्यों की तकनीकी जानकारी जैसे ईंट जोड़ाई, माप-जोख, सीमेंट-रेत अनुपात, प्लास्टरिंग, दीवार निर्माण, वाटर लेवल सेटिंग, सुरक्षा उपाय एवं निर्माण गुणवत्ता नियंत्रण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उददेश्य ग्रामीण युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जैसे शासन के महत्वपूर्ण योजना त्वरित निर्माण कराया जाना है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा जगदलपुर द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षु को राजमिस्त्री कार्य हेतु आवश्यक टूलकिट भी वितरित की गई, जिससे वे अपने कार्य को स्वयं प्रारंभ कर सकें और आत्मनिर्भर बनें।

# हितावर में विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलम्पिक हुआ समापन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल का समापन हितावर मैदान में हुआ। इस आयोजन में खो-खो कबड्डी वॉलीबॉल फुटबॉल एथलेटिक्स एवं अन्य खेलों का प्रदर्शन किया गया पांच जोन से चुनकर आए खिलाड़ी अपने खेलों का प्रतिभा दिखाएं और विजेता बनकर जिला सस्तरीय आयोजन के लिए चयनित हुए प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने बाले को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि ग्रामीण स्तर में यह खेल होते रहना चाहिए ताकि ग्रामीणों को भी खेल क्षेत्र में आगे जाने का अवसर प्राप्त हो।इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष दीपिका भदौरिया, सीईओ एम आर कश्यप, बीईओ प्रमोद भदोरिया एबीईओ मनोज सिंह राठौड़ बीआरसी रत्तू राणा, संकुल समन्वयक शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

# कलेक्टर और एसपी ने निर्माणाधीन पासंगी पुल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के साथ फ़रसगांव और पासंगी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में आ रही दिक्कतों को दूर करने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने निर्माण कार्य सुचारू ढंग से संपन्न कराने में आवश्यक सहयोग की अपील की। चर्चा के दौरान एक माह के भीतर डायवर्सन बनाने के लिए समय दिया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य की महत्ता को देखते हुए निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, एसडीएम अश्वन पुसाम सहित तहसीलदार और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरएसएस द्वारा चलाई जा रहीं हैं व्यापक गृह संपर्क अभियान



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के अंतर्गत देशभर में 20 नवंबर तक गृह संपर्क अभियान चला रहीं हैं। साथ ही हिंदू सम्मेलन आयोजित करने की रूपरेखा तय कर रहा हैं। जिसके तहत बुधवार हाइरिच टावर फुटबॉल ग्राउंड में स्वयं सेवक घर घर जाकर भारत माता की तैलचित्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष की पुस्तिका,पंच परिवर्तन का पर्चा वितरण किया गया। यह कार्यक्रम बस्ती-मंडल स्तर पर हो रही हैं। गृह संपर्क अभियान में पालको, युवा युवतियों एवं विशिष्टजनों से संपर्ककिया जा रहा हैं। गृह संपर्क अभियान में पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता ,पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्य बोध के बारे में लोगों को जागरुक कर रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दक्षिण बस्तर विभाग प्रचारक महेंद्र नायक,नगर संचालक रामकृष्ण बैरागी, मोहित देशमुख, मृत्युंजय साहू, गजेंद्र गुप्ता, दिनेश साहू उपस्थित थे।

## सर्व आदिवासी समाज ने जताया विरोध

# विभूतियों के अपमान और एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



सर्व आदिवासी समाज जिला बीजापुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा को सौंप कर प्रदेश में मूलनिवासी समुदाय (ST, SC, OBC) के सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभूतियों के साथ हो रहे लगातार तिरस्कार, मूर्तियों के अपमान तथा प्रशासनिक भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के वीर सपूतों शहीद वीर नारायण सिंह और वीर गुंडाधुर धुरवा की मूर्तियाँ बसना और जगदलपुर में खण्डित की गईं, परंतु आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह न केवल प्रदेश के नायकों का अपमान है बल्कि पूरे मूलनिवासी समाज की आस्था पर प्रहार है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि राज्य में प्रवासी समुदाय के लोगों द्वारा बनाए गए ट्रस्टों में मूल छत्तीसगढ़िया लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। जब मूलनिवासी परंपरागत अधिकारों की मांग करते हैं, तो उन्हीं पर पुलिस कार्रवाई होती है। वहीं, जब उनके देव-धामी या विभूतियों का अपमान किया जाता है, तो प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है। जग्गूराम तेलामी ने कहा कि यह द्वेषपूर्ण एवं दोयम दर्जे का व्यवहार राज्य के मूल निवासियों के प्रति गहरा अन्याय है। यदि प्रशासन ने समय रहते ऐसे भेदभावपूर्ण रवैये में सुधार नहीं किया, तो आने वाले दिनों में पूरे राज्य में व्यापक जनआक्रोश भड़क सकता है। सर्व आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि दोषी अधिकारियों एवं तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और मूलनिवासियों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के सचिव कमलेश पैंकरा, उपाध्यक्ष पाकलू तेलम, महार समाज अध्यक्ष अजय दुर्गम, सतीश झाड़ी, श्रवण सैंड्रा, जिल्यूस तिर्की, सतीश मंडावी सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# गोवर्धन सेवा समिति ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया राधा कृष्ण मंदिर का 25 वां स्थापना दिवस





पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव स्थित गोवर्धन सेवा समिति यादव समाज द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर का 25वां स्थापना दिवस बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। समाज से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंदिर में भगवान श्री राधा कृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा वर्ष 2000 में विधि-विधानपूर्वक की गई थी। तब से लेकर अब तक हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर यह उत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष मंदिर स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखंड रामायण पाठ से हुआ, जो पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाता रहा। इसके उपरांत हवन पूजन और प्रसाद वितरण किया गया। दिनभर श्रद्धालु जन मंदिर में दर्शन के लिए आते रहे और भक्ति गीतों की मधुर ध्वनियों से परिसर गूंजता रहा। इस अवसर पर यादव समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने भगवान राधा कृष्ण से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होना समाज के लिए गर्व और आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर गोवर्धन सेवा समिति द्वारा भविष्य में मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और भक्ति कार्यक्रमों के विस्तार की भी घोषणा की गई। भक्तों के लिए यह अवसर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# पर्यावरण विभाग के निर्देशों का खनिज अमला नहीं कर रहा पालन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



गौण खनिज उत्खनन के लिये निकाले गये निविदा शर्तों में रैम्प बनाने का एक निर्देश जारी किया गया है। इसका पालन वैध रेत खदान चलाने वाले संबंधित ठेकेदारों ने आज तक नहीं किया है। इन शर्तों में एक शर्त यह भी थी कि प्रत्येक ठेकेदार नदी किनारे वृक्षारोपण करेगा, इसका भी पालन नहीं किया जा रहा है। संबंधित विभाग जितने भी अधिकारी आये, उन्होंने निविदा शर्तों का पालन कराने में घोर लापरवाही की है और रैम्प तथा वृक्षारोपण के अभाव में नदी का दायरा कट-कटकर बढ़ता ही जा रहा है। यही नहीं वैध खदान संचालकों द्वारा निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाकर भी उत्खनन किया जा रहा है जिससे महानदी में कुछ स्थानों पर रेत के साथ साथ नर कंकाल पाया गया है। हद तो यह है कि वैध खदान के आड़ में तथाकथित रेत माफियाओं द्वारा खुलेआम चोरी की जा रही है और विभाग पूरी तरह मिलीभगत से ऐसे लोगों को खुल्लमखुल्ला छूट दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षों पूर्व जब नदी के भाग को रेत खनन के लिये निविदा जारी कर संबंधित ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया था तो उन्हें पर्यावरण विभाग एवं शासन के आदेशानुसार प्रत्येक वैध खदानों में रैम्प तथा वृक्षारोपण की अनिवार्य शर्तें बताई गई थी। यह भी कहा गया था कि जो ठेकेदार वृक्षारोपण अथवा रैम्प बनाकर काम नहीं करेगा, उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। लेकिन वर्षों गुजर गये, खनिज विभाग के अधिकारी नियम शर्तों का पालन ही करवा रहे। साथ ही साथ वैध खदानों के आड़ में अवैध रेत खनन के साथ साथ मुरूम, गिट्टी का भी अवैध खनन के लिये गौण खनिज माफियाओं को पूरी तरह छूट दिया हुआ है। जब इसकी शिकायत लेकर ग्रामीणजन खनिज विभाग के अधिकारी से मिलना चाहते हैं तो वे मिलने से भी इनकार कर देते हैं। खबर तो यह भी है कि खनिज विभाग में पदस्थ एक कर्मी स्वयं रेत की ठेकेदारी करवा रहा है और इससे प्राप्त राशि का आपस में बंदरबांट कर रहा है। खनिज विभाग के अधिकारी के लापरवाही से वैध खदान संचालन करने वालों ने अब तक जो रैम्प और वृक्षारोपण नहीं किया है, उन शर्तों को पालन कराने में खनिज विभाग के अधिकारी पूरी तरह फिसड्डी साबित हो रहे हैं। इसी का परिणाम है कि नदी में उतरने के लिये वैध एवं अवैध ठेकेदार कहीं से भी ट्रक, ट्रेक्टर, जेसीबी उताकर मनमाने स्तर पर शाम होते ही जेसीबी, चैन माउंटेन मशीन चलाकर नदी से रेत की निकासी कर रहे हैं जिसकी जानकारी होते हुए भी विभाग के लोग आंखे बंद किये हुए हैं। खनिज विभाग के द्वारा पिछले कई वर्षों से रेत खनन का ठेका पद्धति से संबंधित व्यक्तियों को एक निर्धारित क्षेत्र के अंतर्गत रेत उत्खनन की अनुमति प्रदान की गई है। लेकिन ऐसे लोग भी निर्धारित क्षेत्र से बहुत बड़े भूभाग में खनन करवाकर शासन को हानि पहुंचा रहे हैं जिससे शासन को प्रतिवर्ष करोड़ों रूपये की हानि उठानी पड़ रही है। तुर्रा यह कि रेत माफियाओं द्वारा प्रति घनमीटर के हिसाब से खदानों को आबंटित किया गया है और उसका एक निर्धारित दर भी तय किया गया है किंतु रेत माफियाओं द्वारा हजारों रूपये में वाहन देख-देखकर पैसा वसूला जा रहा है। खबर तो यह भी है कि प्रतिदिन 300 से 400 हाईवा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की नदी से रेत उत्खनन करवा रहे हैं जिसमें कुछ निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं अवांछित तत्वों द्वारा भी संबंधित हाईवा, ट्रेक्टरों से 200 से 300 रूपये की अवैध वसूली की जा रही है। बड़ी-बड़ी वाहनों के चलने से कुछ ग्रामीण लोगों ने इस पर आपत्ति उठाई। लेकिन इनकी आपत्तियों को खनिज अमला और ठेकेदार दोनों ने नजरअंदाज कर दिया। हालत यह है कि भारी भरकम वाहनों के चलने से कोलियारी से लेकर जोरातराई और उसके आगे तक सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे हो गये हैं जिससे पूर्व में दुर्घटनाओं का सिलसिला चल पड़ा था। इन दुर्घटनाओं में कुछ लोगों की मौत भी हो चुकी है। 32 ग्राम के लोगों ने जीर्णशीर्ण सड़क को लेकर 100 दिनों तक आंदोलन किया था और सड़क को बनाने की मांग की थी जिस पर शासन ने पिछले माह करोड़ों रूपये की लागत से बनने वाली इस सड़क की स्वीकृति प्रदान की थी। लेकिन इसके बाद भी नवनिर्माणाधीन सड़कों में भारी वाहनों का चलना जारी है।

## मनसा देवी मंदिर प्रांगण में मनाया गया आंवला तरी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गणो ने किया प्रसाद ग्रहण





पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

कार्तिक मास के शुक्ल चतुर्दशी को अंचल में सामूहिक रूप से आंवला तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ग्रामीण क्षेत्रों में यह सामूहिक आयोजन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। इसके लिए सभी ग्रामीण क्षेत्रों में गांव के नर्सरी, देवालय, मैदान पर एकत्रित होते हैं और सुरम्य वातावरण में सर्वप्रथम आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना कर इसके पश्चात सभी मिलकर भोजन बनाकर सामूहिक भोज का आंनद लिया गया। इस तरह का सामूहिक आयोजन बहुत कम देखने को मिलता है, यही कारण है कि ग्रामवासियों के इस कार्यक्रम की चर्चा पूरे अंचल मे होती रही। कार्तिक मास के अंतिम सप्ताह में इस बार मनसा देवी मंदिर प्रांगण ब्लाक कालोनी में भी महिलाओं के द्वारा भी आंवला तरी भोज का आनंद लिया गया। इसके साथ ही अंचल में बड़े उत्साह के साथ लोग अपने क्षेत्र, गांव आदि स्थानों पर पिकनिक करते हुए आंवला तरी भोज किया गया हैं। इस तरह आयोजन को लेकर पूरे गांव के लोग कई दिनों से तैयारी में जुट जाते हैं। प्रत्येक घरों से इस आयोजन के लिए चावल, पैसा इकट्ठा कर स्वेच्छा से मनाया गया।तो कहीं कुछ परिवार मिलकर, कहीं एक मोहल्ले के लोग तो कहीं पूरे गांव के लोग भी एक साथ सामूहिक भोज का आंनद लेने की खबर है।

## गुरुनानक देव जी की 556वीं जयंती पर बलौदाबाजार भक्ति के रंग में सराबोर रहा



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गुरुनानक देव जी की 556वीं जयंती के पावन अवसर पर बलौदाबाजार भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर रहा। नगर में सिख समाज और सिंधी समाज दोनों ने अलग-अलग किन्तु समान श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रकाश पर्व का आयोजन किया। पूरे शहर में भक्ति गीतों की गूंज, सजावट और श्रद्धालुओं की भीड़ ने वातावरण को पवित्र बना दिया। सिंधी पंचायत के तत्वावधान में बुधवार सुबह सिंधी गुरुद्वारा से प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें युवक-युवतियों, बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्ति गीतों के साथ यह प्रभातफेरी नयापारा, संत कंवर राम कॉलोनी, नया बस स्टैंड, गणेश चौक, बजरंग चौक, अंबेडकर चौक, सिंधी कॉलोनी, पुरानी बस्ती, नेहरू चौक और गांधी चौक से होती हुई पुनः गुरुद्वारा पहुंची।

### गुरुग्रंथ साहिब की पालकी पर पुष्पवर्षा से स्वागत

इस दौरान श्रद्धालुओं ने रास्ते में जगह-जगह गुरुग्रंथ साहिब की पालकी का पुष्पवृष्टि के साथ स्वागत किया। शहर के कई प्रमुख चौकों पर लोगों ने आरती उतारकर सतगुरु को नमन किया। प्रभातफेरी में शामिल बाइक रैली ने भी विशेष आकर्षण पैदा किया।

### सतगुरु की महिमा अपार... भजन ने भावविभोर किया

दोपहर 11:30 बजे भोग और दोपहर 1 बजे लंगर का आयोजन हुआ। दोपहर बाद आयोजित शोभायात्रा में भजन गायक सनी परवानी की भक्ति प्रस्तुति जय हो प्रकाश पर्व की और 'सतगुरु की महिमा अपार' ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। झांकियों से सजी ट्रॉलियां, रंग-बिरंगी रोशनी, सजावट और हर चौक पर हो रहा पुष्पवर्षा स्वागत इस शोभायात्रा की विशेषता रही। भक्त जन भजनों पर थिरकते हुए पूरे नगर में आनंद का वातावरण बना रहे थे।

### सिख समाज ने भी आयोजन कर दिखाई एकता और सेवा की भावना

इसी दिन सिख समाज द्वारा नया बस स्टैंड स्थित गुरुद्वारा में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह 4 बजे प्रभातफेरी से शुरुआत हुई, जिसके बाद पाठ साहब का समापन दोपहर 1 बजे हुआ। तत्पश्चात गुरु का लंगर वितरित किया गया। शाम 3:30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पंच प्यारों की अगुवाई में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। गुरुग्रंथ साहिब की सुसज्जित पालकी रथ पर विराजित थी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रथ पर पुष्पवृष्टि कर भव्य स्वागत किया। कई चौकों पर मंच बनाकर नागरिक समितियों और विभिन्न समाजों ने जल और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। भक्ति संगीत की धुनों, सतनाम वाहे गुरु के जयघोष और झांकियों की झिलमिलाहट से पूरा नगर आलोकित हो उठा। रात में गुरुद्वारा परिसर में जन्मोत्सव कार्यक्रम और शब्द-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय रागी जत्थों ने मधुर कीर्तन प्रस्तुत किए।

### दोनों समाजों ने पेश किया श्रद्धा और सौहार्द्रता का उदाहरण

हालांकि दोनों समाजों ने प्रकाश पर्व के आयोजन अलग-अलग किए, लेकिन पूरे नगर में एक ही भावना गूंजती रही गुरुनानक देव जी के प्रेम, सेवा और समानता के उपदेश। सिंधी समाज और सिख समाज के श्रद्धालुओं के उत्साह, लंगर सेवा की निःस्वार्थ भावना और नगरवासियों के स्वागत ने इसे एक उत्सव में बदल दिया।

## आदिवासी समाज ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया ईसर गौरा-गौरी का विवाह



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के तत्वावधान में इस वर्ष भी परंपरागत रूप से ईसर गौरा-गौरी विवाह महापर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर के नया बस स्टैण्ड के पास स्थित गोड समाज भवन में आयोजित इस वार्षिक उत्सव में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और देवों के देव बुढ़ा देव व माता पार्वती (गौरा) के विवाह समारोह के साक्षी बने। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं कलश लेकर लंबी कतारों में नाचते-गाते हुए चल रहीं थीं। पूरे वातावरण में ईसर गौरा की जय के जयकारों से गूंज रही थी। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर इस पर्व को उल्लास और भक्ति के साथ मनाया।

### लोक परंपरा और मान्यता

स्थानीय मान्यता के अनुसार नए फसल सीजन की शुरुआत ईसर-गौरा पर्व के साथ होती है। श्रद्धालु नए धान की बालियां अपने आराध्य देव को अर्पित कर समृद्ध फसल की कामना करते हैं। यह भी मान्यता है कि ईसर गौरा-गौरी विवाह के पश्चात ही आदिवासी समाज में विवाह समारोहों की शुरुआत की जाती है। साथ ही कहा जाता है कि सुरोंती की रात से ही मौसम में बदलाव आने लगता है और ठंड की आहट महसूस होने लगती है।

### घर-घर में उत्सव का माहौल

इस पर्व की तैयारी एक सप्ताह पूर्व से ही शुरू हो जाती है। घरों की लिपाई-पुताई, सजावट और सफाई के साथ लोग अपने आराध्य की शादी में कोई कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखते हैं। दूसरे दिन देव प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है, जिसमें महिलाएं और पुरुष नाचते-गाते हुए शामिल होते हैं।

## शिवा प्रधान को मिला संगम प्रेम ललिता समाज सेवा सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

मानवता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन एवं वरदान एंबुलेंस सेवा संस्था के अध्यक्ष शिवा प्रधान को संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति, मगरलोड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संगम प्रेम ललिता समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। समिति द्वारा प्रधान को समाज सेवा में उनके सतत समर्पण, मानव कल्याण की भावना और निस्वार्थ सेवाभाव के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति ने उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हुए आशीर्वाद भी प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंबिका मरकाम, विधायक सिहावा उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता डुमनलाल ध्रुव, अध्यक्ष जिला हिंदी साहित्य परिषद धमतरी ने की। समारोह का सफल संचालन वीरेंद्र सरल अध्यक्ष संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड द्वारा किया गया जिसमें समिति के सभी सदस्यगण, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अर्जुनी वन परिक्षेत्र में संदिग्ध मांस बिक्री की जांच जारी







पायनियर संवाददाता ◄ कसडोल
www.dailypioneer.com

अर्जुनी वन परिक्षेत्र में पशु मांस की बिक्री को लेकर एक नया मामला सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, किसी ने गाय के मांस को चीतल का मांस बताकर बेचे जाने की शिकायत की थी। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुँचे और घटनास्थल से मांस का नमूना जब्त किया गया। इस सिलसिले में रेंजर श्री रूपेन्द्र साहू ने बताया कि विभाग को घटनास्थल से चीतल का मांस नहीं मिला। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मांस के सैंपल को आगे जांच के लिए भेजा गया है।इस बीच, क्षेत्र में चर्चा है कि बिना फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आए यह कैसे कहा जा सकता है कि मांस किस जानवर का है। नागरिकों का कहना है कि जांच की निष्पक्षता और प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।वन विभाग ने अश्वासन दिया है कि जैसे ही फॉरेंसिक रिपोर्ट प्राप्त होगी, पूरे मामले की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। क्षेत्रीय निवासियों और समाज के जिम्मेदार लोगों की नजर अब जांच प्रक्रिया और आगे की कार्रवाई पर टिकी है।

### फॉरेंसिक रिपोर्ट की प्रतीक्षा

## गौरव विद्या मंदिर में आगामी बाल दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली शंकर बाल उन्नयन सेवा समिति द्वारा संचालित गौरव विद्या मंदिर में आगामी 14 नवंबर बालदिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें प्ले एवं पहली कक्षा में जलेबी दौड़ कक्षा दूसरी में कुर्सी दौड़ तीसरी में गेंद संग्रह चौथी में गुब्बारा उछालो पांचवी में त्रिटंगी दौड़ छठवीं में बोरा दौड़ कक्षा सातवीं में निबंध प्रतियोगिता मेरा विद्यालय कैसा हो आठवीं में निबंध प्रतियोगिता विद्यालय का प्रधान पाठक मैं होता तो क्या करता 9वीं बालिका रंगोली 10वीं बालिका मेहंदी बालक ड्राइंग पेंटिंग कक्षा ग्यारहवीं निबंध अनुशासन कक्षा बारहवीं तात्कालिक भाषण गंगा मैया, गौ माता, गायत्री माता ,रानी लक्ष्मीबाई ,वीर शिवाजी, श्री राम, जी सरस्वती माता, मेरा विद्यालय, देश के प्रधानमंत्री जी हमारा छत्तीसगढ़। इस प्रकार से प्रतियोगिता रखा गया है जिसमें प्रथम द्वितीय प्राप्त प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर पुरस्कृत किया जाएगा जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल के द्वारा दिया गया।

## सरदार पटेल 140 करोड़ देशवासियों के आदर्श : कविंद्र जैन



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के शुभ अवसर पर केंद्र की मोदी सरकार देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी तारतम्य में 8 नवंबर को आमदी नगर पंचायत यूनिटी पदयात्रा प्रारंभ होगी जो गांधी मैदान तक आयेगी। इसमें अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व सांसद एवं छ ग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री एवं विधायक कुरूद अजय चंद्राकर, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, रंजना साहू, अरुण सार्वा, नेहरू निषाद, रामू रोहरा, इंदर चोपड़ा सहित सभी प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी इस पदयात्रा में अपनी सहभागिता देंगे। यह यूनिटी मार्च ग्राम पोटियाडीह, मुजगहन, रत्नाबांधा, घड़ी चौक, मठ मंदिर चौक होते हुए गांधी मैदान जाएगी। इस दौरान आमदी, मुजगहन और गांधी मैदान धमतरी में सभा भी आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा गांव गांव एवं शहर के शक्ति केंद्रों में बैठक आयोजित कर लोगों से इस पदयात्रा में सहभागिता की अपील कर रही है। धमतरी के रिसाई माता शक्ति केंद्र की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता कविंद्र जैन ने कहा कि सरदार पटेल 140 करोड़ देशवासियों के आदर्श हैं। उन्होंने देश की 562 से अधिक रियासतों का विलय भारत में करके राष्ट्रीय एकता स्थापित करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी स्मृति में आयोजित पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता, वार्डवासी को शामिल होकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि देना चाहिए। भाजपा नेता राजेंद्र शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च में रिसाई माता शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले अंबेडकर वार्ड, पोस्ट ऑफिस वार्ड और बनिया पारा वार्ड से सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी शामिल होंगें। पार्षद कुलेश सोनी, पिंटू यादव और चंद्रभागा साहू तथा बैठक प्रभारी नीतू त्रिवेदी ने भी सभी से पदयात्रा में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विजय ठाकुर, श्यामा साहू, मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# धमतरी जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया प्रारंभ

## कलेक्टर ने मतदाताओं से फॉर्म भरने एवं बीएलओ का सहयोग करने की अपील की




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया 4 नवम्बर से प्रारंभ हो गई है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है। जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मतदान अधिकार के प्रति सजग रहते हुए परिगणना फॉर्म भरें और संबंधित बीएलओ को समय सीमा के भीतर जमा करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में फॉर्म जमा न करने पर मतदाता का नाम आगामी मतदाता सूची से हटाया जा सकता है, इसलिए सभी पात्र मतदाता समय पर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। जागरूक मतदाता बनें, फॉर्म भरें और लोकतंत्र को मजबूत करें। उन्होंने लोगों से यह भी अनुरोध किया कि वे स्वयं, अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इस प्रक्रिया की जानकारी दें और आवश्यक दस्तावेज समय रहते तैयार रखें।

### एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य

इस विशेष पुनरीक्षण का प्रमुख लक्ष्य मृत व्यक्तियों, स्थायी रूप से निवास बदल चुके अथवा दो स्थानों पर नाम दर्ज कराए गए मतदाताओं के नामों को सूची से हटाना है। साथ ही फर्जी नामों की पहचान कर उन्हें निरस्त किया जाएगा, ताकि शुद्ध और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार की जा सके।

### मतदाता रखें आवश्यक तैयारियां

सभी मतदाता दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो सफेद बैकग्राउंड सहित अवश्य खिंचवा लें। बीएलओ द्वारा परिगणना फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे सही जानकारी सहित भरकर निर्धारित समय सीमा में जमा करवाना आवश्यक होगा। फॉर्म के साथ 11 में से किसी भी दो वैध दस्तावेजों की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी, जैसे जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मूल निवास प्रमाण पत्र, 10वीं बोर्ड की अंक तालिका, जाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर अथवा भूमि आवंटन प्रमाण पत्र इत्यादि।

### तीन श्रेणियों में किया गया है मतदाता पंजीकरण का वर्गीकरण

1 जुलाई 1987 से पूर्व जन्मे मतदाताओं को स्वयं का एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे व्यक्तियों को स्वयं का एक और माता या पिता में से किसी एक का दस्तावेज आवश्यक होगा। जबकि 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे व्यक्तियों के लिए स्वयं, माता और पिता तीनों के दस्तावेज अनिवार्य रहेंगे। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी मिश्रा ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो और कोई भी व्यक्ति मतदान अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा जताई।

# ठेकेदारों की पार्टी : वाटर प्लांट प्रभारी बोले.. आयुक्त लेंगे एक्शन, चेयरमैन ने कहा जिम्मेदारों पर हो कारवाई

**प्रतिबंधित एरिया होने के बाद भी ठेकेदारों ने की मनमानी,सख्ती होनी चाहिए, पहले भी हिदायत दी गई थी, लेकिन नहीं दिखा असर**


रायपुर, बुधवार 05 नवंबर 2025
www.dailypioneer.com
पायनियर
पायनियर फालोअप

गंदे पानी की सप्लाई, विरो... कांग्रेसी, प्लांट में जाने से रोका, अंदर चल रही थी निगम ठेकेदारों की पार्टी, मचा हंगामा

सप्लाई होने वाले पानी को कांग्रेसी गिलास में लेकर पहुंचे, अधिकारियों ने कहा पीकर देखिए

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मोहारा वाटर प्लांट प्रतिबंधित जगह है, उसके बाद भी ठेकेदारों ने वहां पार्टी की। यह मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। इसे लेकर जिम्मेदारों से बात की गई। इस पर जल विभाग के प्रभारी प्रणय मेश्राम ने कहा कि उन्हें ठेकेदारों के दीपावली मिलन की जानकारी नहीं थी। निगम कमिश्नर को जानकारी दे दी गई है, वहीं आगे एक्शन लेंगे। दूसरी तरफ जल विभाग के चेयरमैन सुनील साहू ने कहा कि यह गलत तरीका है, संवेदनशील जगह पर पार्टी नहीं होनी चाहिए। जिम्मेदार जो भी है, उन पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए मीटिंग भी बुलाएंगे। ज्ञात हो कि शहर में गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। इसका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इसे लेकर ही कांग्रेसी मोहारा वाटर प्लांट प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रतिबंधित एरिया का हवाल देकर कांग्रेसियों को बाहर रोक दिया गया। जब कांग्रेसियों ने देखा तो वाटर प्लांट परिसर में निगम ठेकेदारों की पार्टी चल रही थी। इस पर कांग्रेसियों ने हंगामा मचाया और इसे मनमानी करार दिया। साथ ही यह भी सवाल उठाए कि यदि कोई अप्रिय घटना हो जाए तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। क्योंकि पानी का भराव यहां रहता है, सुरक्षा की लिहाज से भी इस क्षेत्र को प्रतिबंधित किया गया है, फिर इस तरह के कृत्य पर सख्ती बरती जानी चाहिए।

### मीटिंग ली गई थी दिए थे निर्देश

पूर्व में नगर निगम में एक मीटिंग भी हुई थी। उसमें अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा की गई थी। इसी बीच मोहारा वाटर प्लांट में किसी तरह का आयोजन नहीं करने की भी बात स्पष्ट तौर पर कही गई थी। इसके बाद भी इस तरह नगर निगम के ठेकेदारों ने दीपावली मिलन के नाम पर पार्टी की। जबकि यहां इस तरह के आयोजन पर पूरी तरह से प्रतिबंधित है। दूसरी तरफजल विभाग के अधिकारी और चेयरमैन इसकी जानकारी नहीं होने की बात कर रही है। यह भीसमझ से परे है।

### ठेकेदारों पर एफआईआर हो और निगम भी कार्रवाई करें

मोहारा वाटर प्लांट शासकीय जगह है। वहां जाना भी प्रतिबंधित है, ऐसे में वहां पार्टी करना पूर्णतः गलत है। यह शासकीय स्थान पर अनाधिकृत प्रवेश का मामला है। इसके अलावा नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करने का भी मामला बनता है। ठेकेदार संघ की ओर से बाकायदा समाचार भी जारी किया गया, जिसमें वहां मौजूद लोगों के नाम भी स्पष्ट रूप से लिखे गए हैं। इस पर सख्ती जरूरी है।

# स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहा है अमलेश्वर पालिका, नगर में नहीं हो रही साफ-सफाई

**पालिका प्रशासन की लापरवाही से जगह-जगह कचरे के ढेर, स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा**

पायनियर संवाददाता ◀ अमलेश्वर
www.dailypioneer.com




नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में स्वच्छता की हालत बदतर होती जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के दावे और अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित रह गए हैं। नगर के कई इलाकों में सड़क किनारे कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिन्हें हटाने की कोई व्यवस्था नहीं दिख रही। अमलेश्वर डीह, खुडमुड़ा, मगरघटा और भोथली जैसे क्षेत्रों में जगह-जगह फैला कचरा न केवल बदबू फैला रहा है, बल्कि मच्छरों और बीमारियों को भी आमंत्रण दे रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सफाईकर्मी कई-कई दिनों तक इन क्षेत्रों में दिखाई नहीं देते, और शिकायत करने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

**सिर्फ दिखावे की सफाई, मुख्य मार्ग तक सीमित डस्टबिन**-कुछ महीने पहले नगर पालिका द्वारा सड़क किनारे डस्टबिन रखे गए थे, लेकिन ये केवल मुख्य मार्ग तक ही सीमित हैं। बस्तियों की गलियों और अंदरूनी सड़कों पर न तो डस्टबिन हैं, न ही नियमित सफाई की व्यवस्था। इससे मजबूर होकर लोग सड़क किनारे या खाली जगहों पर कचरा फेंक रहे हैं। निवासियों का कहना है कि पालिका प्रशासन सिर्फ सफाई अभियान के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है। नगर की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है।

**जनता में बढ़ रही नाराजगी, कार्रवाई की मांग**-लोगों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जाए और सभी बस्तियों में डस्टबिन उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, कचरा निस्तारण के लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए ताकि नगर की सूरत बदले और स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य सार्थक हो सके।

# ओशो आश्रम उमदा रोड भिलाई-3 में तीन दिवसीय ध्यान शिविर सम्पन्न

**महापौर कोसरे रहे उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि, समापन दिवस पर दो नए साधकों ने ली संन्यास दीक्षा**

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



उमदा रोड स्थित ओशो आश्रम भिलाई-3 में चल रहा तीन दिवसीय विशेष ध्यान शिविर ओशो संध्या दर्शन के साथ सम्पन्न हुआ। गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर आयोजित इस शिविर का संचालन स्वामी शशिकांत सदैव द्वारा किया गया। तीन दिनों तक चले इस आध्यात्मिक शिविर में ध्यान, नृत्य, मौन और आत्म-जागरूकता के विविध सत्रों ने साधकों को गहरे ध्यान के अनुभव से जोड़ा। शिविर का शुभारंभ हुआ था, जिसमें भिलाई-चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उदघाटन सत्र में कहा कि ओशो का दर्शन समय में मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन पाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने ओशो के विचारों को आधुनिक समाज में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि भौतिक प्रगति के साथ-साथ यदि हम भीतर की शांति को खो देते हैं, तो जीवन अधूरा रह जाता है। महापौर ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए साधकों को नियमित ध्यान साधना अपनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान ओशो संन्यासियों और साधकों ने आश्रम में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग रखी, जिस पर कोसरे ने स्थल निरीक्षण कर शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। तीन दिवसीय इस शिविर में प्रतिदिन सुबह गतिशील ध्यान, दोपहर में प्रवचन सत्र और शाम को मौन ध्यान एवं ओशो संगीत संध्या का आयोजन हुआ। स्वामी शशिकांत सदैव ने साधकों को बताया कि ध्यान केवल किसी विशेष आसन में बैठने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की सजग कला है।

# गुरु नानक देव के 556वें प्रकाश पर्व पर नगर के गुरुद्वारों में उमड़ी श्रद्धा की बयार

**पाठ, कीर्तन, पुष्प वर्षा और लंगर सेवा से गूंजा नगर—नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी हुआ आयोजन**

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com






सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु धन-धन गुरु नानक देव महाराज के 556वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर नगर के विभिन्न गुरुद्वारों – नेहरू नगर गुरुद्वारा, सेक्टर-6 गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, बेबे नानकी गुरुद्वारा खुर्सीपार एवं हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा – में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सवेरे से ही संगतों ने गुरुद्वारों में माथा टेक कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं तरक्की के लिए अरदास की। पूरे दिन पाठ, कीर्तन, पुष्प वर्षा, रहिरास साहिब का पाठ, अरदास एवं लंगर सेवा के कार्यक्रमों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर संगतों को पंथ के महान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक बाबा बंता सिंह के दर्शन और आशीर्वचन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने प्रवचनों में गुरु नानक देव की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। इस पावन अवसर पर हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाएँ मानवता को प्रेम, समानता और सेवा के मार्ग पर अग्रसर करती हैं। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में सद्भाव और भाईचारे का वातावरण बनाना चाहिए। गुरु परंपरा की सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए, बीरा सिंह मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल द्वारा इस पावन अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य परामर्श, जाँच और आवश्यक उपचार संबंधी सेवाएँ प्रदान की गईं। गुरु नानक देव की शिक्षाएँ आज भी मानवता को प्रेम, समानता और सेवा के मार्ग पर अग्रसर करती हैं। उनके बताए सिद्धांत समाज में सर्वहित, करुणा और भाईचारे की भावना को जीवित रखते हैं। आओ, इस पावन पर्व पर हम सभी संकल्प लें कि गुरु नानक देव जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सेवा, दया और एकता को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाएँ।

# शराब की तस्करी, आरोपी निकला शराब दुकान का गार्ड, पुलिस ने की गिरफ्तार

- **चिखली पुलिस ने आरोपी को बाइक से शराब का परिवहन करते पकड़ा**

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले में शराब तस्करों और कोचियों पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी के तहत चिखली चौकी पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को अरेस्ट किया। पूछताछ में वह आरोपी शराब दुकान का ही गार्ड निकला। आरोपी अपनी ड्यूटी करने के दौरान दूसरों से शराब खरीदी करता और उसके बाद उसे ले जाकर अवैध रूप से बिक्री करता। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को को अवैध शराब के परिवहन को लेकर खबर मिली। इस पर टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर अरेस्ट किया। शांतिनगर निवासी आरोपी अविनाश पिता छबिलाल साहू अपनी बाइक सीजी 08 एबी 0731 में शराब लेकर जा रहा था। आरोपी के पास से पुलिस की टीम ने 90 पौवा शोले देशी मसाला जब्त किया गया, साथ ही बाइक को भी जब्त किया गया। कार्रवाई में जब्त जुमला 34 हजार रुपए बताया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शराब भट्टी में गार्ड के पद पर था। तैनात ड्यूटी के बाद अपने साथी से खरीदी करवाता था और इकट्ठा कर बिक्री करता था।

# स्थानांतरण के बाद भी नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में जमे हुए उप अभियंता

- इंजीनियर के कार्यों में अनियमितता के आरोप, पार्षदों में नाराजगी तेज

पायनियर संवाददाता ◀ अमलेश्वर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन के नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 18 सितंबर को प्रदेश के नगरीय निकायों में पदस्थ 93 उप अभियंताओं के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए थे। इसके बावजूद कई अधिकारी अपने पुराने पदस्थ निकायों में ही डटे हुए हैं। ऐसा ही एक मामला नगर पालिका परिषद अमलेश्वर का है, जहां स्थानांतरित उप अभियंता प्रवीण साहू अब तक अपनी नई पदस्थापना स्थल नगर पंचायत पाटन नहीं पहुंचे हैं।

**त्योहारों के बाद भी नहीं हुए रवाना**-नगरी प्रशासन के नियमों के अनुसार स्थानांतरण के 15 दिनों के भीतर अधिकारी को नवीन पदस्थ स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होता है। किंतु बताया जा रहा है कि प्रवीण साहू दशहरा और दीपावली बीत जाने के बाद भी अमलेश्वर में ही कार्यरत हैं। नगर पालिका सूत्रों के अनुसार, उनके स्थान पर पुराने इंजीनियर ढालेंद्र ठाकुर को पुनः अमलेश्वर बुलाया गया है, जिससे सत्ता पक्ष के पार्षदों में नाराजगी देखी जा रही है।

**पार्षदों ने जताई नाराजगी, उठाए सवाल**-नगर के कुछ पार्षदों ने स्थानांतरण पत्र को मीडिया के साथ साझा करते हुए सवाल उठाया है कि, जब स्थानांतरण आदेश जारी हो चुका है, तो अधिकारी अब तक अपने नए कार्यस्थल पर क्यों नहीं गए? उन्होंने यह भी कहा कि, एक ही अधिकारी का लगातार एक ही जगह बने रहना प्रशासनिक दृष्टि से उचित नहीं है। इस मुद्दे को लेकर अब नगर में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

**कार्यों में अनियमितता, लोग हुए जख्मी**-मिली जानकारी के अनुसार, उप अभियंता प्रवीण साहू के कार्यकाल में कई निर्माण कार्यों में अनियमितताएं देखी गई हैं।पौनी पसारी योजना के तहत बने बाजार परिसर में निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं। बताया गया है कि बाजार के चारों ओर नाली पर लोहे की जाली लगाई गई थी, जिसके कारण कई लोग जख्मी हुए। बाद में जाली को हटाकर सिमेंटीकरण कराया गया, फिर भी बाजार परिसर में नाली के बाद पानी भराव और कीचड़ की समस्या बनी हुई है।

**नगरवासी परेशान**-स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बरसात के दिनों में बाजार परिसर में जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों को भारी परेशानी होती है। निवासियों का कहना है कि यदि इंजीनियर समय पर सुधारात्मक कार्य करते, तो ऐसी स्थिति नहीं बनती।

**नगर में बढ़ी चर्चाएं**-उप अभियंता के स्थानांतरण के बावजूद अमलेश्वर में बने रहने को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि नगरी प्रशासन जल्द कार्रवाई कर स्थानांतरण आदेश का पालन सुनिश्चित करे, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज द्वारा रेंज स्तरीय दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में कार्यालय सभागार कक्ष में रेंज स्तरीय दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 320 से अधिक प्रकरणों की क्रमवार समीक्षा की गई, जिनमें दुर्ग के 181, बालोद के 102 तथा बेमेतरा के 44 प्रकरण शामिल थे। बैठक में महिला संबंधी अपराध, पॉक्सो एक्ट, हत्या एवं हत्या के प्रयास, एनडीपीएस एक्ट तथा चिटफंड प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। पुलिस महानिरीक्षक गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि– दोषसिद्धि की दर को बढ़ाया जाए, विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए, अभियोजन विभाग के साथ समन्वय को और सशक्त किया जाए। आदतन अपराधियों पर विशेष निगरानी के निर्देश- आईजी गर्ग ने कहा कि जो अपराधी बार-बार अपराध कर समाज में भय का वातावरण बनाते हैं, उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि– ऐसे अपराधियों की जमानत निरस्त कराने हेतु न्यायालय में त्वरित पहल की जाए। स्थानीय पुलिस द्वारा नियमित निगरानी रिपोर्ट तैयार की जाए। अधिकारियों की उपस्थिति और सहयोग-बैठक में अभियोजन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से–संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एस.एस. ध्रुव, उप संचालक दुर्ग भीम सिंह राजपूत, उप संचालक बालोद अनुरेखा सिंह, उप संचालक बेमेतरा अर्पणा अग्रवाल, अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा ज्योति सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक बालोद मोनिका ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक बैजन्ती माला तिग्गा, डीएसपी दुर्ग भारती मरकाम, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, सहायक उप निरीक्षक हेमंत त्रिपाठी, डाटा एंट्री ऑपरेटर तेजस्वी गौतम एवं पुलिस पी.आर.ओ. प्रशांत कुमार शुक्ला शामिल रहे। बैठक में स्पष्ट किया गया कि दोषमुक्ति के मामलों में कमी लाने के लिए साक्ष्य संकलन से लेकर अभियोजन समन्वय तक हर स्तर पर पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि दोषसिद्धि दर में सुधार ही पुलिस की कार्यक्षमता का वास्तविक पैमाना है।

**ग्राम धनगांव के ग्रामीणों को लगातार हो रही परेशानी, आक्रोश पनपा, ग्रामीणों के साथ यूथ कांग्रेस के नेता भी रहे मौजूद**

# फ्लाईओवर का निर्माण, सर्विस रोड नहीं, धूल से परेशानी, चक्काजाम कर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम धनगांव में बन रहे रेलवे फ्लाईओवर निर्माण के चलते अवस्था के खिलाफधनगांव, इंदामरा, बरगा और बम्हनी के जनप्रतिनिधियों के साथ युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी की अगुवाई में चक्का जाम कर विरोध दर्ज करवाया गया। काफी समय से ग्रामीणों को यहां दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर वहां जोरदार प्रदर्शन किया गया। गांव के सरपंच जागेश्वर देवांगन ने बताया कि हमारे और आसपास के गांव के लोग बहुत परेशान है। यहां ठेकेदार न तो सर्विस रोड का निर्माण करवाता न धूल रोकने के लिए कहीं पानी का छिड़काव करवाता, न लाइट लगाया गया है। लगातार गड्ढों में गिरकर ग्रामीण घायल हो रहे हैं। कई लोगों के हाथ-पैर तक टूट चुके है और ठेकेदार को शिकायत करने पर धमकी देता है कि जो करना हैं कर लो। वहीं राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने अधिकारियों और ठेकेदार को खरी खोटी सुनाई। तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। द्विवेदी ने कहा कि जब से भाजपा ट्रिपल इंजन की जंग लगी सरकार आई है, तब से ठेकेदारों की मनमानी चल रही है। क्यों कि ठेकदारों से कमीशन लेकर उनको संरक्षण देने का कार्य किया जा रहा है। तभी ठेकेदारों की मनमानी चल रही है जो बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**प्रदर्शन के बाद सर्विस रोड का काम शुरू** - आंदोलन के तुरंत बाद ठेकदार ने सर्विस रोड निर्माण प्रारंभ करवाया और ठेकेदार ने 2 दिन के भीतर सारी समस्याओं को दूर करने का भी विश्वास दिलाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी धनगांव सरपंच जागेश्वर साहू, बरंगा सरपंच विनोद कंवर, उप सरपंच खोमलाल साहू, पंच चंद्रशेखर मालेकर, राजू वर्मा, नरेंद्र देवांगन, गेंदालाल देवांगन, राजेंद्र, महेंद्र मालेकर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, राजा यादव, मोहित कोचरे, दीपक सोनकर अन्य लोग मौजूद रहे।

## वोटरों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क शुरू, कॉल कर ले पूरी जानकारी

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर संबंधी कार्यक्रम की घोषणा की गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क एवं आईटी डेस्क स्थापित किया गया है। इस पर संपर्क कर मतदाता एसआईआर के संबंध में जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तर पर स्थापित हेल्प डेस्क में व्याख्याता डीएलएमटी भूपेश साहू से एवं आईटी डेस्क में सहायक प्रोग्रामर भूपेन्द्र सिंह से दूरभाष क्रमांक 07744-226315 पर संपर्क कर मतदाता एसआईआर के संबंध में जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**
कार्यालय कार्यपालक निदेशक (वित्त)(दूरभाष – 0771–2576565,4336)

निविदा आमंत्रण सूचना

1.छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर स्थित अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त ) कार्यालय : कार्यपालक निदेशक (वित्त) के लिए निविदा क्र. 06–01/वाहन/टीआर–61/1349, दिनांक 03.11.2025 के माध्यम से 02 वर्ष की अवधि के लिए 01 वाहन (कार केटेगरी) किराये पर लेने हेतु पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि 24.11.2025 संध्या 4:30 बजे तक एवं निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 24.11.2025 संध्या 05:00 बजे निर्धारित की गई है।

2.निविदा प्रपत्र कार्यालय से क्रय कर सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 2000/– जो कि "Manager RAO-HQ, CSPTCL, Raipur" के पक्ष में नगद/डीडी/बैंकर्स चेक (रायपुर मे देय) के माध्यम से देय हो, स्वीकार किये जायेंगे।

3.निविदा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी कंपनी के वेबसाईट http://www.cspc.co.in /CSPTCL/Tender Notice/Finance Office देख सकते है।

Samvad-45799/2

अति.महाप्रबंधक (वित्त)-दो
छ.ग.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लि. रायपुर

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें

## संपादकीय

### बिहार चुनाव वादों की बाढ़

बिहार एक और चुनाव के दौर से गुजर रहा है, यह पांच साल की प्रघटना है जो जमीन पर कुछ भी नहीं बदलती है लेकिन इसे पूरी तरह से झटका देती है। जैसे ही बिहार में 6 नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा, हाल के दिनों में सबसे कड़े मुकाबले वाले विधानसभा चुनावों में से एक के लिए मंच तैयार हो गया है। यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि न केवल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए गठबंधन के लिए, बल्कि राजद-कांग्रेस गठबंधन के नेतृत्व वाले भारतीय ब्लॉक के लिए भी दांव ऊंचे हैं, क्योंकि उनकी ताकत और एकजुटता का परीक्षण किया जाएगा। ऐसे राज्य में जहां राजनीतिक समीकरण जातिगत गणित पर आधारित हैं और गठबंधन बदलना अपवाद से अधिक एक नियम है, दोनों पक्ष बिल्कुल विपरीत आख्यान प्रस्तुत कर रहे हैं।

मुद्दे नये नहीं हैं, लेकिन वादे नये हैं। अनुमानतः, कथा वास्तविक समस्याओं और समाधानों से बहुत दूर है। बिहार के मतदाताओं से चाँद का वादा किया जा रहा है, सीता मंदिर से लेकर बाढ़ नियंत्रण तक, शहरों के पुनरुद्धार से लेकर रक्षा गलियारे तक, सूर्य के नीचे लगभग सब कुछ, लेकिन उस आदमी की तत्काल चिंताओं से वंचित हैं जो ईवीएम पर बटन दबाएगा।

भाजपा के नेतृत्व में राजग अपने अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासित बिहार दृष्टिकोण और नीतीश कुमार के शासन रिकॉर्ड के इर्द-गिर्द पेश कर रहा है, भले ही यह कितना भी कमजोर क्यों न हो गया हो। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिवहर और सीतामढी में रैलियों को संबोधित करते हुए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप का अनावरण किया: औद्योगिक रोजगार पैदा करने के लिए एक रक्षा गलियारा, बंद चीनी मिलों का पुनरुद्धार, हर जिले में कारखाने और हवाई अड्डों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बदलना। यह कब और कैसे होता है यह बिल्कुल अलग बात है।

शायद सबसे भावनात्मक वादा बिहार को बाढ़ मुक्त बनाने का शाह का आश्वासन है, यह एक आवर्ती त्रासदी है जिसने दशकों से राज्य की अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया है। एनडीए ने मिथिलांचल में 50,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए कोशी नदी का उपयोग करने और बाढ़ नियंत्रण के लिए एक आयोग बनाने का संकल्प लिया है।

पुनौरा धाम में 850 करोड़ रुपये के सीता मंदिर के साथ-साथ, सीतामढी से अयोध्या तक वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने की योजना, सांस्कृतिक प्रतीकवाद के साथ विकास का मिश्रण है - पहचान की राजनीति के साथ बुनियादी ढांचे को जोड़ने की एक परिचित भाजपा रणनीति। दूसरी ओर, भारतीय गुट बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि और सामाजिक न्याय के क्षरण के इर्द-गिर्द एक लड़ाई लड़ रहा है, जो बड़े विकास के लिए एनडीए की पिच के समान ही काल्पनिक है। तेजस्वी यादव खुद को बिहार के युवाओं की आवाज के रूप में पेश करते रहते हैं, बार-बार पलायन और बेरोजगारी के दोहरे संकट का जिक्र करते हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि इससे कैसे पार पाया जाएगा।

कांग्रेस, हालांकि एक गौण भूमिका निभा रही है, लेकिन राहुल गांधी की बुलेट रैलियों से उत्साहित है, एक कल्याण-केंद्रित मुद्दे के माध्यम से अपनी चुनावी प्रासंगिकता को फिर से स्थापित करना चाहती है जिसमें किसान समर्थन और महिला सशक्तिकरण शामिल है। लेकिन बिहार में यह कभी भी सीधी लड़ाई नहीं है, छोटे, क्षेत्रीय और सीमांत खिलाड़ियों, जैसे पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी, एआईएमआईएम और कई जाति-आधारित संगठनों की बढ़ती उपस्थिति परिदृश्य को जटिल बनाती है और मतदाताओं को भ्रमित करती है।

हालांकि वे कई सीटें नहीं जीत सकते हैं, वोट-स्प्लिटर के रूप में उनकी भूमिका निर्णायक रूप से करीबी मुकाबले वाले निर्वाचन क्षेत्रों में परिणामों को बदल सकती है और मार्जिन को स्विंग कर सकती है और गठबंधन अंकगणित को प्रभावित कर सकती है। इसका परिणाम 14 नवंबर को ईवीएम की गिनती के बाद उपलब्ध होगा।

# जनादेश, नेतृत्व और विरासत की लड़ाई

**एनडीए के पास पूरे बिहार में एक ठोस नेटवर्क है, जिसमें भाजपा और जनता दल यूनाइटेड दोनों के कार्यकर्ता शामिल हैं, साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समूहों से भी समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित हालिया विकास परियोजनाओं ने एनडीए के अभियान को मजबूत करने में मदद की है।**



कल्याणी शंकर
लेखिका, वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं।




आगामी 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव बेहद प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद है, जिसमें शामिल सभी दलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जबकि जनमत सर्वेक्षण सत्तारूढ़ एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के पक्ष में हैं, वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ मजबूत सत्ता विरोधी भावनाओं को अस्पष्ट करते हैं। बीजेपी नेता अभी से ही जीत का दावा कर रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स को ऐलान किया कि बीजेपी-एनडीए बिहार में व्यापक जीत दर्ज करेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि सर्वेक्षण में पार्टियां और उनके नेता शामिल होते हैं। वे नेतृत्व, जाति की गतिशीलता और मतदाता धारणा पर भी निर्भर करते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेतृत्व वाला और कांग्रेस तथा छोटे दलों के साथ गठबंधन वाला इंडिया ब्लॉक दो दशकों के एनडीए शासन को समाप्त करना चाहता है। मजबूत नेतृत्व और संगठन के साथ, मतदाताओं का मूड आगे एक अस्थिर दौड़ का सुझाव देता है।

स्थानीय विधायकों के बीच असंतोष, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोजगार सृजन की कमी के साथ मिलकर, सत्तारूढ़ गठबंधन के समर्थन को कमजोर करता है। हालांकि एनडीए को उच्च जातियों और वृद्ध मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है, लेकिन युवाओं और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समूहों को शामिल करने में इसकी असमर्थता पार्टी के लिए चुनौतियाँ पेश करती है।

चुनाव के नतीजे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के प्रचार नेताओं से काफी प्रभावित होते हैं। कुमार को मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं से मजबूत समर्थन प्राप्त है, जो मुफ्त बिजली, स्वच्छ पानी और एक करोड़ (10 मिलियन) नौकरियां पैदा करने की योजना जैसी उनकी पहल की सराहना करते हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 25 लाख महिलाओं की सहायता करने वाले महिला कल्याण कार्यक्रम के लिए प्रत्येक को 10,000 रुपये आवंटित किए हैं।

सी-वोटर सर्वे में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा गया; उत्तरदाताओं ने उन्हें अपना पसंदीदा मुख्यमंत्री चुना। एक आश्चर्यजनक दावेदार जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर थे, जो 16 प्रतिशत वोट के साथ एक पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में उभरे।

एनडीए के पास पूरे बिहार में एक ठोस नेटवर्क है, जिसमें भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) और जेडी (यू) (जनता दल यूनाइटेड) दोनों के कार्यकर्ता शामिल हैं, साथ ही आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) समूहों से भी समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित हालिया विकास परियोजनाओं ने एनडीए के अभियान को मजबूत करने में मदद की है।

भाजपा ने जद (यू) का समर्थन किया और भाजपा के शीर्ष नेता एनडीए के लिए प्रचार कर रहे थे, और वित्तपोषण कोई मुद्दा नहीं है। हालाँकि, एनडीए स्थानीय स्तर पर संघर्ष करता है, जहाँ उसके पास अपने विरोधियों के समान विश्वसनीयता और जमीनी समर्थन का अभाव है। राजद के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव को एक वफादार मुस्लिम-यादव मतदाता आधार होने के बावजूद एक महत्वपूर्ण

**इस समय नीतीश कुमार के लिए एक हार उनके राजनीतिक करियर का अंत हो सकती है। राहुल और प्रियंका गांधी को भी अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। चिराग पासवान, प्रशांत किशोर और अन्य छोटे दलों के लिए नतीजे महत्वपूर्ण हैं। चुनाव परिणाम कुछ नेताओं को मदद करेंगे और दूसरों के लिए चुनौतियां पैदा करेंगे। यह एक अद्भुत अनुभव होगा।**

चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जो मतदाताओं का लगभग 30 प्रतिशत है। नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष पसंद बने हुए हैं। लालू यादव के बेटे तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन उपायों का वादा किया है। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य देखभाल जैसे बढ़े हुए सामाजिक कल्याण लाभ, साथ ही सरकारी रोजगार अभियान और छोटे व्यवसायों के लिए समर्थन के माध्यम से रोजगार सृजन की पहल शामिल हैं।

तेजस्वी राजद का नेतृत्व करते हैं, लेकिन उनके पिता, लालू प्रसाद यादव और परिवार के अन्य सदस्य अभी भी महत्वपूर्ण प्रभाव रखते हैं। पारिवारिक विवाद अक्सर तेजस्वी को पार्टी की रणनीति के बजाय आंतरिक विवादों को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर करते हैं। कुछ लोगों को कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें नौकरी के बदले जमीन घोटाले की ईडी जांच भी शामिल है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले प्रचार नहीं किया था लेकिन अब कांग्रेस के वफादारों से समर्थन जुटाने के लिए रैलियां और रोड शो करने की योजना है। उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी राज्य में सक्रिय रूप से प्रचार कर रही हैं। हालाँकि, पार्टी मजबूत स्थानीय नेताओं की कमी के कारण संघर्ष कर रही है। कांग्रेस के लगातार खराब प्रदर्शन को गठबंधन में एक कमजोर कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। 1995 के बिहार विधानसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस किसी भी चुनाव में 30 से अधिक सीटें जीतने में कामयाब नहीं हुई है। इस बार, कांग्रेस ने 61 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं, जिनमें से 56 सीटों पर भाजपा और जद (यू) के खिलाफ सीधा मुकाबला है - ये सीटें काफी हद तक एनडीए के नियंत्रण में हैं।

भाजपा मुख्य रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में काम करती है, जिसमें लगभग 30 प्रतिशत आबादी शामिल है। ऐतिहासिक और सामाजिक कारकों के परिणामस्वरूप, इसका उच्च जाति का प्रभुत्व, पिछड़े और हाशिये पर रहने वाले समुदायों तक इसकी अपील को सीमित करता है, जो कि महत्वपूर्ण ओबीसी और दलित आबादी वाले बिहार जैसे राज्य में एक चुनौती हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत बीजेपी नेता बिहार में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

एनडीए नीतीश कुमार के कल्याण अनुभव पर प्रकाश डालता है, जबकि इंडिया ब्लॉक युवा नेतृत्व और मतदाता भागीदारी को बढ़ावा देने पर जोर देता है। युवा वोट और समग्र मतदान बिहार के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण होगा। नवीनतम वोटवाइब सर्वेक्षण में एमजीबी 34.7 प्रतिशत और एनडीए 34.4 प्रतिशत के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है। जन सुराज को 12.3 फीसदी का समर्थन है, जबकि 8.4 फीसदी को त्रिशंकु विधानसभा का अनुमान है। यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि यह स्थानीय और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर कई नेताओं के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। अगर मोदी और अमित शाह जीतते हैं, तो अगले साल के चुनाव में उनके पास बेहतर मौका होगा।

इस समय नीतीश कुमार के लिए एक हार उनके राजनीतिक करियर का अंत हो सकती है। राहुल और प्रियंका गांधी को भी अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। चिराग पासवान, प्रशांत किशोर और अन्य छोटे दलों के लिए नतीजे महत्वपूर्ण हैं। कुल मिलाकर, चुनाव परिणाम कुछ नेताओं को मदद करेंगे और दूसरों के लिए चुनौतियां पैदा करेंगे। यह एक अद्भुत अनुभव होगा।

# स्वतंत्रता का मंत्र बना- वंदेमातरम्



शिवप्रकाश
राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा

भारत सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में एवं गृह मंत्रालय द्वारा पत्र निकालकर राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की 7 नवंबर 2025 से 1 वर्ष के लिए 150 वीं जयंती मनाने का निर्णय किया है । इसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अक्टूबर मास की अपनी मन की बात में पुनः दोहराया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित समाज में चलने वाली अन्य संस्थाएं भी वंदेमातरम् की 150 वीं जयंती मना रही है। देश भक्ति के साथ सांस्कृतिक महत्व को समाज तक ले जाने का यह प्रयास सराहनीय है।

23 जून 1757 को बंगाल में स्थित प्लासी के मैदान में हुए नवाब सिराजुद्दौला एवं लार्ड क्लाइव के मध्य हुए युद्ध में भारत को ब्रिटिशो द्वारा पराजय मिलने के कारण भारत का स्वतंत्रता सूर्य अस्त हो गया । इस पराजय के पश्चात् भारत का शेष क्षेत्रभी ब्रिटिशों के अधीन आ गया और हम गुलाम हो गए। हमारी अवस्था का वर्णन करते हुए रूस के प्रसिद्ध दार्शनिक टॉलस्टॉय ने कहा कि एक व्यापारी कंपनी ने 20 करोड़ जनसंख्या वाले राष्ट्र को गुलाम बना दिया, केवल 30 हजार लोगो को अपने अंदर लाकर।

गुलामी के कालखंड में अपने देश की दुर्दशा देखकर समाज के मन में भारत माँ को गुलामी से मुक्ति की आकांक्षा भी हिलोरे मारने लगी थी। समाज के अलग-अलग वर्गों में स्वतंत्रता का शंखनाद भी प्रारंभ हो गया था। माँ काली के अनुयायी एवं गुरु गोरखनाथ की परम्परा से जुड़े संतों ने गाँव-गाँव अलख निरंजन का उदघोष कर स्वतंत्रता देवी को जागृत किया। संथाल जनजाति में जन्में दोनों भाई सिद्धू-कानू ने 1885 में 10 हज़ार संथालियों के साथ अपनी भूमि अपनायेंगे, अपनी सरकार बनायेंगे का उदघोष किया। अंग्रेज़ों के विरुद्ध 1857 का संगठित सशस्त्र आंदोलन का भी सूत्रपात हुआ।

समाज में प्रज्ज्वलित देश भक्ति के वातावरण में 27 जून 1838 को एक महापुरुष का जन्म हुआ जिनको नाम मिला बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, कुशाग्र बुद्धि, देवनागरी, बंगला, अंग्रेजी के विद्वान थे बंकिम बाबू जैस्सोर (अब बांग्लादेश) में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त हुए। अंग्रेजों के अत्याचार एवं यातनाओं को देखकर साहित्य के माध्यम से समाज जागृति लाने का संकल्प करते हुए उन्होंने अनेक लेखों, निबंधों एवं उपन्यासों की रचना की। जिसमें श्री कृष्णचरित्र, दुर्गेश नंदिनी, राज सिंह, चंद्रशेखर जैसी कृतियां प्रसिद्ध है। उन्होंने अपने समस्त लेखन से अंग्रेजी शासन कीदुर्नितियों को ही समाज के सम्मुख लाने का कार्य किया। इन्हीं उपन्यासों में से एक विश्व प्रसिद्ध सन्यासी विद्रोह को आधार देकर एक कृति प्रसिद्ध हुई आनंदमठ जिसमें राष्ट्रगीत वंदेमातरम् की उपस्थिति हुई। आनंदमठ में वर्णित वंदेमातरम् जिसका गायन भारत माता की स्तुति के स्वरुप में सन्यासी करते हैं, वह लालगोला केंद्रित मुर्शिदाबाद एवं नदियां (बंगाल) जिले में स्थित है।

7 नवंबर 1875 को वंदेमातरम् गीत की रचना हुई। यह शुभ दिन भारतीय कालगणना में कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी थी। यह शुभ दिवस अक्षय नवमी होने के कारण जगद्धात्री की पूजा का दिवस है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गुरुवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा वन्देमातरम् का गायन हुआ। जिसकी प्रस्तुति राग मल्हार में हुई। 1896 के बाद कांग्रेस के अधिवेशनों में वंदेमातरम् गायन एक परंपरा बन गई।

बंगाल से उठने वाले स्वतंत्रता आंदोलन को विभाजित करने के लिए अंग्रेजों ने बंग-भंग की योजना का क्रियान्वयन किया। जिसकी घोषणा 16 अक्टूबर 1905 को उन्होंने की। बंगाल का प्रभाव कम करना, बंगाली क्रांतिकारियों का प्रभाव कम करना है एवं हिंदु-मुस्लिमों का विभाजन बंग-भंग का उददेश्य था। विभाजन से पूर्व ही दूरदर्शी नेतृत्व ने 7 अगस्त 1905 को कलकत्ता टाउन हॉल में सभा का आयोजन किया। प्रत्येक आने वाला व्यक्ति एक ही उदघोष कर रहा था वंदेमातरम्। 16 अक्टूबर को आयोजित दुख-दिवस के अवसर पर आनंद मोहन बसु एवं सुरेंद्र नाथ बनर्जी के नेतृत्व में सेंट्रल मैदान कलकत्ता में 50,000 लोग वंदे मातरम् का उदघोष करते हुए 3.5 किलोमीटर नग्न पाद चलकर आए। मन्मथ नाथ मिस्र के नेतृत्व में वंदेमातरम् संप्रदाय की रचना हो गई। अंग्रेजों की सजा के विरोध में एक युवक ने 500 बार वंदेमातरम् लिखा। क्रांतिकारी कोड़े खाते थे और वंदे मातरम बोलते थे। जिस कारण अंग्रेजों ने वंदेमातरम् उदघोष पर ही प्रतिबंध लगा दिया। अब वंदेमातरम् संपूर्ण देश ही नहीं, स्वतंत्रता का संकल्प लेकर कार्य करने वाले विदेशस्थ क्रांतिकारियों का भी मंत्र बन गया। हजारों लोग 14 अप्रैल 1906 असमके बिहु उत्सव में छाती पर वंदेमातरम् का बैच लगाकर आए। 22 दिसंबर 1908 को दशम गुरु गोविन्द सिंह के जन्म दिवस पर लंदन स्थित इंडिया हाउस में वंदेमातरम् का गायन हो गया। 22 अगस्त 1907 को स्टाट गार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में कामा द्वारा वंदेमातरम् का गायन हुआ। कनाडा-अमेरिका में स्थित क्रांतिकारी परस्पर मिलने पर अन्य संबोधन छोड़कर वंदेमातरम् ही बोलने लगे। भगिनी निवेदिता द्वारा निर्मित ध्वज पर वंदेमातरम् अंकित हो गया। महर्षि अरविन्द ने वंदेमातरम् समाचार पत्र प्रकाशित करने पर अंग्रेजों द्वारा सजा पायी। महाकवि सुब्रमण्यम द्वारा तमिल में वंदे मातरम् का अनुवाद एवं महात्मा गाँधी द्वारा गुजराती में तथा अन्य भाषा तेलुगु, कन्नड़, मलयालम एवं उर्दू में भी अनुवाद हुआ। संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार द्वारा नागपुर के नील सिटी विद्यालय निरीक्षण के समय अंग्रेज इंस्पेक्टर का वन्देमातरम् के साथ स्वागत किया गया। इस सभी के कारण वंदेमातरम ने स्वतंत्रता के दीवानों के लिए मंत्र का रूप ले लिया।

स्वतंत्रता के साथ-साथ वन्देमातरम् स्वदेशी का भी मंत्र बना। बंग-भंग की घोषणा के दिन दुख-दिवस के आयोजन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने राखी बांधकर स्वदेशी का संकल्प कराया। उस दिन विदेशी वस्तुओं का तिरस्कार एवं स्वदेशी का संकल्प लिया। विदेशी वस्तुओं की होली जलाते समय वंदेमातरम् राष्ट्राय स्वाहा के मंत्र का उच्चारण हुआ। एक ही दिन में स्वदेशी प्रचार के लिए 70,000 रूपए का दान आया। स्वदेशी का संकल्प लेते समय महिलाओं ने संकल्प किया कि विवाह के समय वह करघे पर बनी हुई बंगाली साड़ी एवं हाथ में कांच की नही, शंख की स्वदेशी चूड़ियां ही पहनेंगी। अंग्रेजों द्वारा निर्मित वस्तुओं के विरोध में भारत में स्वदेशी कंपनियां जन्म लेने लगी उदाहरण स्वरूप तूतूकुड़ी (तमिलनाडु) में स्वदेशी नेविगेशन जैसी अनेक कंपनियों का जन्म हो गया। लोकमान्य तिलक वंदेमातरम् एवं स्वदेशी के आधार बन गए। वीर सावरकर ने वंदेमातरम् बोलकर विदेशी वस्तुओं की होली जलाई। लाला लाजपत रायने वन्देमातरम् बोलकर लाठी केप्रहार सहन किए। अब आनंदमठ से निकलकर वंदेमातरम् संपूर्ण देश के लिए स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वदेशी का भी मंत्र बन गया।

अंग्रेजों के षडयंत्र का परिणाम भी धीरे-धीरे प्रकट हुआ। जो मंत्र देशभक्तों की प्रेरणा बना उसमें कुछ लोगों को बुतपरस्ती नजर आने लगी। 1923 के काकीनाड़ा के कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन अध्यक्ष मोहम्मद अली ने यह कहकर कि इस्लाम में मूर्ति पूजा एवं संगीत स्वीकार नहीं है, वंदेमातरम् गायन का विरोध किया। जबकि बदरुद्दीन तैयब, मोहम्मद रहीमतुल्ला सयानी, नवाब सैय्यद मोहम्मद बहादुर, डॉ एम ए अंसारी जैसे मुस्लिम अध्यक्षों ने कभी वन्देमातरम् का विरोध नहीं किया। 1915 से सतत वंदेमातरम् का गायन करने वाले महान देशभक्त विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने यह कहकर कि यह किसी व्यक्ति नहीं कांग्रेस का मंच है वंदेमातरम् का संपूर्णगायन किया। लेकिन इस विरोध के कारण कांग्रेस नेतृत्व झुकता चला गया। पूर्ण वंदेमातरम् के स्थान पर दो ही पदों का गायन प्रारंभ किया, एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा एक पत्र के द्वारा सूचित किया गया कि दो चरण ही गाये जाए एवं अन्य कोई इसके स्थान पर दूसरा गाना भी गा सकते है। 15 अगस्त 1947 को सुचेता कृपलानी ने वन्देमातरम् का गायन एवं सरदार पटेल के आग्रह पर आकाशवाणी पर प्रसिद्ध संगीतज्ञ ओंकारनाथ ठाकुर द्वारा संपूर्ण वंदेमातरम् का गायन हुआ। तत्कालीन नेतृत्व द्वारा अलग-अलग प्रकार के हास्यपूर्ण तर्क देकर वंदेमातरम् के स्थान पर जनगणमन को राष्ट्रगान का स्थान दिया गया। जिसके संबंध में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन ने कहा कि मैं ऐसी कांग्रेस की कल्पना भी नहीं कर सकता जो वंदेमातरम को राष्ट्रगान से नकारती है। धन्य प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जिन्होंने 24 जून 1950 को दोनों ही गीत वंदेमातरम् एवं जनगणमन को राष्ट्रगान का सम्मान दिया एवं सभा की समाप्ति पर सभी ने वंदेमातरम कहकर परस्पर अभिवादन किया। अभी-अभी संपन्न हुई 31 अक्टूबर 2025 को एकता परेड में अलग-अलग वाद्य यंत्रों के माध्यम से वंदेमातरम् की संगीतमय प्रस्तुति उन सभी प्रश्नों का उत्तर मिलते हुए भी हम सबने देखा है। विभाजन के जो बीज साम्राज्यवादियों ने हमारे देश में बोए थे एवं अदूरदर्शिता के कारण हमारा जो तत्कालीन नेतृत्व उसमें फंस गया था, वह अलगाववादी वृक्ष के रूप में हमारे सम्मुख खड़े हैं। 1947 में भारत के विभाजन की विभीषिका भी हम देख ही चुके हैं। पुनः ऐसा न होपाए ,हम सांस्कृतिक एकता के आधार पर एकजुट हों इसकी आवश्यकता है। वंदेमातरम् गीत उसी सांस्कृतिक एकता का गीत है। वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती इसी संकल्प पूर्ति में सहायक बनेगी। इस शुभ अवसर पर सम्पूर्ण देश आनंद, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का

## आप की बात

### बसों के बाद वंदे भारत लॉक

करोड़पति में प्रतियोगी से पूछे गए सवाल पर उससे मिले जवाब के लिए अमिताभ बच्चन कहते हैं लॉक किया जाए, लेकिन आजकल तो बिना सवाल/जवाब के ही यात्री बस हो या फिर वन्दे भारत ट्रैन अचानक उसके दरवाजे लॉक होने लगे हैं. बेचारे ट्रैन यात्री या तो घबरा जाते हैं या फिर बसों में लगी आग की भेंट बस यात्री चढ़ जाते हैं। गया से हावड़ा पहुंची वन्दे भारत ट्रैन के यात्री अनाउंसमेंट होते ही जब लाइन लगाकर स्टेशन पर उतरने के लिए तैयार हुए तो ट्रैन के दरवाजे लॉक हो गए। काफी समय तक नहीं खुले तो वे घबरा गए. घबराहट तब और ज्यादा बढ़ गई जब एसी कोच की लाइट भी बंद हो गई तब बच्चे भी रोने लग गए. काफी समय बाद आखिर ऑटो लॉक को मैन्युल टेक्नीशियनों ने खोला तब सभी यात्री ट्रैन से उतर पाए. इसी तरह पिछले कुछ समय में एसी कोच बसों में भी मार्मिक घटनाएं हुई हैं जिनमें आग लगने पर बसों के दरवाजों के ऑटो लॉक नहीं खुल पाए और अनेक यात्रियों की विभिन्न घटनाओं में जिंदा जल जाने से अत्यंत ही दुखद मृत्यु हो गई. बहुत से बेचारे घायल भी हो गए। बसें भी जलकर खाक हो गई। सभी मामलों में जांच होगी। दोषी पाए जाने पर उन्हें सजा भी मिल सकती है। बस मालिकों को तो बीमा मिल गया होगा और मृतकों/घायलों को सरकारी मुआवजा। पर घटनाएं तो दुखद ही हो रही हैं।

**- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर**

### इबादत नहीं काले कारनामे

अक्सर जब बच्चों की शिक्षा प्राप्त करने या इबादत करने की जगहों पर जैसे स्कूल-मदरसे आदि जगहों पर जब वहां के शिक्षक या मोलाना कोई काले धंधे करते पाए जाते हैं तो हमे बेहद दुखी होता है। कारण स्कूल या मदरसे हमारे बच्चों के शिक्षा प्राप्ति के केंद्र रहते हैं एवं जब यहां पर इस तरह के काले कारनामों का करोबार जिक्र सुनाई पड़ता है तब इस कारण हमारे देश की शिक्षा पद्धति भी बदनाम होती है एवं इसके कारण फिर न केवल देश बल्कि विश्व भर में हमारी बदनामी तथा जग हंसाई भी होती है। एमपी के खण्डवा जिले के एक ग्रामीण मदरसे से बीस लाख के नकली नोट बरामद होना एवं उसके एक मोलाना का इसमें लिप्त होना तो यही दर्शार्ता है कि यहां काफी समय से ये नकली नोट का गौरखधंधा चल रहा था । यह भी कहा जा रहा है कि मोलाना के इस काम में उसे एक निर्लंबित डाक्टर भी मदद कर रहा था।आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि शिक्षा देने वाला मोलाना एवं लोगों को जीवन देने वाला डाक्टर आज देश की जनता को न केवल ठगने बल्कि गुमराह करने का भी काम कर रहा हैं। एक तरफ हमारा देश फर्श से अर्श तक जाने की बात कर रहा है यानी हमारे देश की इस इक्कीसवीं सदी में काफी अधिक तरक्की हो रही है वहीं दूसरी ओर तरफ इस तरह के ये काले कारनामे ,ये नासूर देश को बदनामी के गर्त में भी ले जाते हैं। अतः आज बहुत जरूरी है कि हमें ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**- मनमोहन राजावत, शाजापुर**

### अमेरिका में जनादेश

इसी मंगलवार को हुए अमेरिका में दो राज्यों का गवर्नर एवं न्यूयोर्क महानगर का मेयर का चुनाव के नतीजों ने न सिर्फ रिपब्लिकन पार्टी को पराजित नहीं किया है बल्कि उस उग्र राष्ट्रवाद जैसे खतरनाक विचारधारा को अमेरिकी मतदाताओं ने कुचल दिया है। मंगलवार को पूरे देश में हुए हाई-प्रोफाइल चुनावों में डेमोक्रेट्स की जीत हुई, जिसमें न्यूयॉर्क शहर का मेयर चुनाव और न्यू जर्सी और वर्जीनिया में गवर्नर के चुनाव शामिल हैं। कैलिफोर्निया में, वोटरों ने अपने राज्य का कांग्रेस का नक्शा फिर से बनाने का फैसला किया, जिससे डेमोक्रेट्स को हाउस की पाँच सीटें मिल सकती हैं। इन चुनावों से यह समझने में मदद मिलती है कि प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के ऑफिस में पहले नौ महीनों के बारे में अमेरिकी कैसा महसूस करते हैं। रिपब्लिकन की हार के बाद, ट्रंप ने चुनाव के नतीजों के लिए अपने बैलेट पर न होने और लंबे समय तक सरकारी शटडाउन को ज़िम्मेदार ठहराने की कोशिश की। क्या पहली जनवरी को जब जोहरान ममदानी मेयर का पदभार ग्रहण करेंगे तो क्या ट्रम्प न्यूयोर्क शहर को मिलने वाला संघीय वित्त सहायता को रोक देंगे ? ट्रम्प अपने करतूतों से न सिर्फ दुनिया भर के देशों को दुखी किया है बल्कि खुद अमेरिकी जनता को हर तरह से परेशान किया है। अब टेर्रिफ वो 5 फीसदी लगाएं या 500 फीसद, उसको अंततः कौन भुगतेगा ? जाहिर है अमेरिकी उपभोगता को ही सारा बोझ सहना पड़ रहा है।

**- जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर**

### नया बखेड़ा बांग्लादेश का

पाकिस्तान से मधुर संबंधों के बनते बांग्लादेश में भी विस्तारवादी पनपने लगी है। हाल ही में अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को अपनी विवादास्पद किताब ह्यआर्ट ऑफ ट्रायम्फह्न भेंट की है जिससे एक नया कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। इस पुस्तक के कवर पर बने नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों विशेष रूप से असम और आसपास के इलाकों को बांग्लादेश का हिस्सा दशार्या गया है। यह नक्शा कथित तौर पर ग्रेटर बांग्लादेश की उस विवादास्पद अवधारणा का प्रतीक है जिसे कुछ कट्टरपंथी संगठन वर्षों से बढ़ावा देते रहे हैं। यूनुस का यह कदम भारत की संप्रभुता पर प्रत्यक्ष चुनौती है और इसे उनकी राजनीतिक मंशा से जोड़कर देखा जा रहा है। यह प्रकरण ऐसे समय में सामने आया है जब बांग्लादेश और पाकिस्तान के संबंधों में हाल में नजदीकी बढ़ी है जिससे क्षेत्रीय संतुलन पर भी प्रश्न उठने लगे हैं। भारत सरकार की ओर से अब तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है किंतु कूटनीतिक हलकों में इसे गहरी चिंता का विषय माना जा रहा है।

**- अमृतलाल मारू, रवि, इंदौर**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

# निर्देशों का उलंघन, नगरपालिका सलाहकार समिति की अब तक नही हुई एक भी बैठक




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का कहना है कि नगरीय निकायों में सामान्य सभा कराने के मामले में नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। मतलब चुने हुए जनप्रतिनिधि अपने निकायों में लोकतांत्रिक व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं। मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने पत्र जारी किया है। दरअसल निकायों के लिए नियम है कि कामकाज के लिए प्रत्येक दो माह में कम से कम एक बार सामान्य सभा कराना अनिवार्य है। लेकिन ऐसे मामलों में ट्रिपल इंजन की नगर सरकार वाली बालोद नगर पालिका अन्य नगरीय निकायों से दो कदम आगे है। पालिका के चुने हुए पदाधिकारी नियमतः सामान्य सभा करवाने से तो बच ही रहे हैं, गठित सलाहकार समिति की भी अब तक एक भी बैठक नहीं हुई है। जबकि नियमतः दो महीने में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से समिति की बैठक बुलाई जानी है।

### दो बार समिति का गठन बैठक एक भी नही

पालिका में नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार दो बार विभागवार सलाहकार समिति का गठन किया गया। लेकिन समिति गठित किए जाने के बाद बैठक बुलाने को लेकर नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। पहली बार 13 मार्च एवं दूसरी बार 18 जून को नगर पालिका में समितियां गठित की गई है। लेकिन पूरे 7 महीना बीतने के बाद अब तक किसी भी सलाहकार समिति की एक भी बैठक नहीं हुई।

### प्रत्येक समिति में हैं 5 सदस्य, सदस्यों को नहीं मालूम महत्व

नगर पालिका अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के तहत प्रत्येक समिति के लिए 5 सदस्य नियुक्त किए गए हैं। इनमें पहला सदस्य संबंधित विभाग का पीआईसी सदस्य, सभापति है। इनके अलावा निर्वाचित पार्षदों में से चार अन्य पार्षदों को भी समिति में शामिल कर 5 सदस्यीय सलाहकार समिति बनाई गई है। ज्यादातर समिति सदस्यों को सलाहकार समिति का महत्व और कर्तव्य की जानकारी नहीं है। समिति की हर दो महीने में कम से कम एक बार बैठक होनी है। लेकिन 13 मार्च से नवंबर महीने की शुरुआत हो गई है। 7 महीने से अधिक समय में एक भी बैठक किसी भी समिति की नहीं हुई है।

### विधिवत नहीं हो रही बैठक

विभिन्न विभागों में सलाहकार समिति के सदस्यों की विधिवत बैठक नहीं हो रही है। यहां तक कि समिति से सलाह लिए बिना ही सभापति पीआईसी में अपने विभाग का एकतरफा पक्ष रख रहे हैं। पालिका में विधि तथा सामान्य प्रशासन, आवास पर्यावरण एवं लोकनिर्माण विभाग, जलकार्य, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, राजस्व तथा बाजार, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति पुनर्वास तथा नियोजन, शिक्षा, महिला तथा बाल विकास विभाग है। जिसमें 20 में से 19 भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद अलग-अलग विभाग में सलाहकार सदस्य या प्रभारी सदस्य हैं।

### सलाहकार समिति के गठन पर उठ रहे सवाल

छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 के धारा 71 एवं प्रेसीडेंट इन कौंसिल में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने नगर पालिका अंतर्गत विभिन्न विभागों के लिए सलाहकार समिति का गठन किया है। वहीं एक भाजपा पार्षद को किसी भी समिति का सदस्य नहीं बनाया गया है। जो उनका अधिकार था।

राज्योत्सव के चलते व्यस्त चल रहे थे, बैठक को लेकर सीएमओ से बात हुई है, सामान्य सभा की बैठक भी अप्रैल के बाद अक्टूबर में 4 माह बाद आहूत की गई थी।

**प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, बालोद**

# 17 लाख की इनामी नक्सली महिला कमला सोड़ी ने किया आत्मसमर्पण

## 14 साल से माओवादी संगठन से जुड़ी थी, अब मुख्यधारा में लौटी





पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा पर सक्रिय 17 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली कमला सोड़ी उर्फ उंगी उर्फ तरूणा (30 साल) ने गुरुवार को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण किया। कमला सोड़ी साल 2011 से माओवादी संगठन में शामिल थी। वह एमएमसी (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन में सक्रिय थी और पुलिस पर हमले की योजना, नए लोगों की भर्ती और प्रचार जैसे काम करती थी। वह ग्राम अरलमपल्ली, थाना दोरनापाल, जिला सुकमा की रहने वाली है और लंबे समय से नक्सल गतिविधियों में जुड़ी हुई थी।

### शासन की नीति का असर

सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति-2025 और पुलिस के लगातार प्रयासों का ही यह परिणाम है। पुलिस और सुरक्षा बल नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार संपर्क और जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इसी के चलते कई नक्सली समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

### मिली प्रोत्साहन राशि

आत्मसमर्पण करने पर कमला सोड़ी को सरकार की नीति के तहत 50,000 की प्रोत्साहन राशि दी गई है। आगे उसे पुनर्वास योजना के तहत अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी।

### नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ रहा भरोसा

सुरक्षा बलों के अभियान, विकास कार्य, सड़क और बिजली जैसी सुविधाओं के विस्तार से अब ग्रामीणों का शासन पर भरोसा बढ़ रहा है। पुलिस और जनता के बीच संवाद से कई नक्सली हिंसा छोड़कर शांति का रास्ता अपना रहे हैं।

# राजहरा व्यापारी संघ ने की नेशनल हाईवे के उन्नयन और नए मार्गों के निर्माण की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



राजहरा व्यापारी संघ ने छत्तीसगढ़ के सभी स्टेट हाईवे और राज्य से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के उन्नयन और नए मार्गों के निर्माण की मांग केंद्र सरकार के समक्ष रखी है। राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने इस मसले को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है तथा उन्हें ज्ञापन दिया है। वाधवानी ने अपने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी रजत जयंती मना रहा है, जिसकी नींव स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने रखी थी। इसी क्रम को आगे आप और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवीन छत्तीसगढ़ के निर्माण को आगे बढ़ाया है, और आगे भी आप पूर्ण सहयोग करेंगे। अतः आपसे निवेदन है कि छत्तीसगढ़ के 2 लेन मार्गो को 4 लेन में और 4 लेन मार्गो को 8 लेन मार्ग में परिवर्तन कराया जाए तथा नए मार्गो का निर्माण कराया जाए। गोविंद वाधवानी ने पत्र उल्लेख किया है कि कवर्धा-नारायणपुर स्टेट हाईवे 05 को 4 लेन किया जाए। पुरूर (धमतरी) गड़चिरोली नेशनल हाईवे 930 को 4 लेन किया जाए। दुर्ग-झलमला स्टेट हाईवे को 4 लेन किया जाए। दल्ली राजहरा (मानपुर चौक) स्टेट हाईवे 930 से मुजलगोंदी घाट ओनाकोना को सीधे नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जगदलपुर मार्ग से जोड़ा जाए। इससे महाराष्ट्र के चंद्रपुर गढ़चिरोली की जनता रुट शॉर्ट होंने से सीधे रायपुर और जगदलपुर आ-जा सकेंगे। गोविंद वाधवानी ने धमतरी-जगदलपुर नेशनल हाईवे 30 को 8 लेन एक्सप्रेस हाईवे बनाने पर भी जोर दिया है। उन्होंने नागपुर-रायपुर मेशनल हाईवे 53 को 8 लेन एक्सप्रेस हाईवे बनाने की मांग रखी है। वाधवानी ने कहा है कि नागपुर की तर्ज पर दल्ली राजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर बिलासपुर में डबल ट्रिपल डेकर मेट्रो रेल का निर्माण किया जाए, कवर्धा राजनांदगांव, नारायणपुर, गीदम, किरंदुल, बैलाडीला स्टेट हाईवे 05 को राष्ट्रीय राजमार्ग एक्सप्रेस हाईवे 6 लेन में कर सीधे विजयवाड़ा से जोड़ा जाए। वाधवानी ने जगदलपुर से हैदराबाद को एक्सप्रेस हाईवे 6 लेन कर सीधे जोड़ने, जगदलपुर से विजयवाड़ा को एक्सप्रेस हाईवे 6 लेन कर सीधे जोड़ाने, जगदलपुर और विशाखापटनम को सिक्स लेन एक्सप्रेस हाईवे बनाकर कर सीधे जोड़ने, रायपुर से जगन्नाथ पुरी को 8 लेन एक्सप्रेस हाईवे बनाकर सीधे जोड़ने और रायपुर से कोलकाता को 08 लेन एक्सप्रेस हाईवे कर सीधा जोड़ने की मांग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष रखी है। वाधवानी ने कहा है कि इन मार्गो और मैट्रो के निर्माण से इस क्षेत्र और जनता का विकास तीव्र गति से होगा।

# राष्ट्रीय कवि संगम क़ा दीवाली मिलन सह काव्य गोष्ठी सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ थान खम्हरिया
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बेमेतरा का दीपावली मिलन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन अधिवक्ता एवं कवि संगम बेमेतरा जिला अध्यक्ष विवेक पोल के निज निवास में बेमेतरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ भाग्यश्री पोल के सुमधुर सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ जिसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मनोज बख्शी, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक अजय शर्मा समाजसेविका व पार्षद नीतू कोठारी, जेडी निषाद तथा कवि कमल शर्मा कमल (राष्ट्रीय कवि संगम उपाध्यक्ष छ्ग प्रांत) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र विरदी (राष्ट्रीय कवि संगम सलाहकार) ने की। पत्रकार अरविंद गोस्वामी की उपस्थिति विशेष रूप से रही। इसके बाद पधारे हुए कवियों की कवि गोष्ठी हुई जिसमें छंदकार हेमशंकर पाटिल हेम (हाटराका) ने शानदार छंद पढ़ें, ईश्वर आरुग वीररस कवि(ठेलका साजा) ने छंद मुक्तकों से विषमताओं पर वार किया। जगदीश सोनी बेरला ने समसामयिक एवं प्रेरक कविताओं से संदेश दिया हृदय विश्वकर्मा बेरला ने अपने मधुर गीतों से कोरोना की विभीषिका और बेटी पर केंद्रित सृजन पढ़ें। नरेन्द्र साहू (कुसमी) ने गौमाता पर कविता पढ़ी, कमल शर्मा कमल ने राधाकृष्ण के पावन प्रेम पर कवितायें पढ़ी, सुनिल शर्मा नील ने अपने परिचित अंदाज में राष्ट्रवाद, बेटियों, पुलवामा और छत्तीसगढ़ स्वाभिमान पर काव्यपाठ किया। कार्यक्रम मे अपने उदबोधन में मुख्यअतिथि बख्शी ने समाज निर्माण मे आदिकाल से आजतक कवियों की महत्ता पर प्रकाश डाला, विषमताओं पर सदैव मुखर होने की बात कही। महेन्द्र विरदी ने पिता के महत्व को प्रतिपादित करते हुए विवेक पोल को पिता की विरासत को आगे बढ़ाने में उनके योग की सराहना की तथा कहा कि जो किसी को भी समझाने कि क्षमता रखे वह साहित्यकार है। कमल शर्मा ने कवि संगम के उददेश्य इनके प्रकल्प अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इनकी शाखाओं व साहित्य के बढ़ोत्तरी हेतु संस्था के प्रयासों को बताया। जिला अध्यक्ष विवेक पोल ने अतिथियों व कवियों का आभार प्रदर्शन व्यक्त किया। इसका संचालन कवि सुनिल शर्मा नील ने किया।

# अगहन में एक माह तक चलने वाली लक्ष्मी पूजन हुआ प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अगहन मास में एक माह तक चलने वाली लक्ष्मी जी की पूजा की शुरुआत गुरुवार से जिले के विभिन्न घरों में प्रारंभ किया गया अगहन के गुरुवार को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा शुरू की होती है। यह पूजा धन, समृद्धि और सौभाग्य के लिए की जाती है। गुरुवार के एक दिन पूर्व बुधवार को पूजा कक्ष को सुंदर सजाया जाता है जिसमें आंवला केला पत्ता से मंड़प के रूप में बनाया गया था एवं महिलाओं ने मुख्य द्वार पर रंगोली बनाई तथा घर को सजाया गया और आंगन में चौक भी पुरा गया। यह माँ लक्ष्मी का स्वागत करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा मुख्य द्वार की सजावट, कलश स्थापना भी किया गया और माता लक्ष्मी की प्रतिमा या फोटो की पूजा हेतु रखा गया। बुधवार की रात लक्ष्मी जी की पूजा शुरू किया गया दुसरे दिन गुरुवार को स्नान के बाद, दिनभर व्रत रखने का संकल्प लेकर विधिवत पूजा शुरू किया गया। देवी लक्ष्मी को स्नान कराकर अक्षत सिंदुर कुमकुम चढ़ाया गया और गेंदा फूल, केला, सेव, जैसे फूल और फल चढ़ाएं उसके बाद वस्त्र, श्रृंगार का सामान अर्पित किया गया। भोग के रूप में घर में बनाएं विभिन्न प्रकार के व्यंजन चढ़ाएं पूजा के बाद आरती एवं संबंधित कथा का पाठ भी महिलाओं के द्वारा किया गया। दोपहर को फिर लक्ष्मी जी की पूजा आरती के साथ भोग लगाएं और शाम को भी लक्ष्मी पूजा कर आरती की गई एवं प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद को भक्तों में बांटें।

# कवर्धा मेडिकल फर्जीवाड़ा केस में नई हलचल




## निलंबित लिपिक दीपक सिंह ठाकुर पर विभागीय जांच का रास्ता साफ

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के बहुचर्चित मेडिकल फिटनेस फर्जीवाड़ा मामले में निलंबित लिपिक दीपक सिंह ठाकुर पर विभागीय जांच का मार्ग अब पूरी तरह प्रशस्त हो गया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा याचिका वापस लिए जाने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग उनके विरुद्ध लंबित विभागीय जांच पुनः प्रारंभ करने की तैयारी में है।

### निलंबन से लेकर कोर्ट आदेश तक पूरी कार्रवाई का क्रम

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 03 जनवरी 2025 को लिपिक दीपक सिंह ठाकुर को निलंबित किया गया था। इसके बाद 21 जनवरी 2025 को उन पर आरोप पत्र जारी करते हुए 17 मार्च 2025 को विभागीय जांच संस्थित की गई थी। दीपक सिंह ठाकुर ने अपने निलंबन और जांच प्रक्रिया को चुनौती देते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका (डब्ल्यूपीएस नं. 975/2025) दायर की थी। न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास की एकलपीठ ने 24 मार्च 2025 को प्रारंभिक सुनवाई में विभागीय जांच पर रोक लगा दी थी। इसके अनुपालन में 03 अप्रैल 2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कवर्धा ने विभागीय जांच प्रक्रिया स्थगित कर दी थी। हालांकि, याचिकाकर्ता द्वारा 30 अक्टूबर 2025 को आवेदन प्रस्तुत कर स्वेच्छा से याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी गई, जिस पर 04 नवंबर 2025 को माननीय न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए याचिका को 2द्धह्लद्ध-स्रह्य2ह्व 2द्धह्लद्ध द्यद्बड्डद्गह्ल4 कर दिया, यानी अब विभाग को जांच आगे बढ़ाने की पूरी छूट मिल गई है।

### अब विभागीय जांच फिर से शुरू होगी

हाईकोर्ट से याचिका वापस होने के बाद स्वास्थ्य विभाग अब दीपक सिंह ठाकुर के खिलाफविभागीय जांच फिर से प्रारंभ करेगा। विभागीय जांच में नेत्र सहायक अधिकारी मनीष जॉय, नव आरक्षक डेविड लहरे और खेमराज के बयान को निर्णायक माना जा रहा है, क्योंकि आरोप है कि मनीष जॉय के फर्जी हस्ताक्षर का उपयोग कर डेविड लहरे और खेमराज को मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किए गए।

### पूरे प्रकरण में साख पर लगी दांव

इस मामले में न केवल विभागीय अनुशासन बल्कि मेडिकल प्रमाणन प्रक्रिया की साख भी दांव पर है। सूत्रों के अनुसार, विभागीय जांच समिति जल्द ही आरोपी लिपिक दीपक सिंह ठाकुर, शिकायतकर्ता मनीष जॉय और संबंधित पुलिसकर्मियों को बयान के लिए नोटिस भेज सकती है।

### अब निगाहें जांच समिति पर

अब यह देखना होगा कि जांच समिति कितनी शीघ्रता से प्रक्रिया आरंभ करती है और क्या विभाग इस फर्जीवाड़े के सभी पहलुओं का खुलासा कर पाएगा। फिलहाल इतना तय है कि कवर्धा मेडिकल फर्जीवाड़ा केस एक बार फिर प्रशासनिक और न्यायिक हलचल का केंद्र बन गया है।

# महिला सुरक्षा, नशामुक्ति एवं यातायात नियमों पर सतत जनजागरूकता कार्यक्रम जारी







पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में डीएसपी माया शर्मा के पयर्वेक्षण में जिलेभर में निरंतर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में डीएसपी बोनिफेस एक्का के नेतृत्व में साइबर सेल व महिला सेल बालोद के द्वारा बालोद जिले के गुरुर नगर के डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय में साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति अभियान एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न सामाजिक, कानूनी एवं साइबर सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### दी गई साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी

साइबर सेल बालोद से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेंद्र द्वारा बताया गया कि अज्ञात लिंक या एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचें, क्योंकि इनसे मोबाइल में मालवेयर इंस्टॉल होकर बैंक संबंधी जानकारी चोरी हो सकती है। डिजिटल अरेस्ट जैसे नए ऑनलाइन फ्रॉड में अपराधी स्वयं को पुलिस या किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर डराते हैं और पीड़ित से ऑनलाइन पैसे वसूलते हैं। ऐसे कॉल या वीडियो कॉल पर विश्वास न करने की सलाह दी गई। फर्जी लोन एप्स जो अत्याधिक ब्याज दर पर कर्ज देते हैं और बाद में व्यक्तिगत फोटो या डेटा का दुरुपयोग करते हैं, उनसे सावधान रहने को कहा गया। ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स से खरीदारी करते समय केवल विश्वसनीय प्लेटफॉर्म का उपयोग करने, नकली वेबसाइट या लिंक से बचने एवं भुगतान करते समय सावधानी बरतने के उपाय बताए गए। बालोद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करें, और जागरूक रहकर ही डिजिटल युग में सुरक्षित रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी, हैकिंग या ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल www.cybercrime.gov.in या टोल फ्री नंबर 1930 पर दर्ज करने की अपील की गई।

### महिला सुरक्षा और कानूनी जागरूकता

कार्यक्रम में महिला सेल से एएसआई सीता गोस्वामी द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता पर भी विशेष बल दिया गया। छात्राओं को महिला संरक्षण संबंधी कानून, जैसे दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, तथा साइबर बुलिंग और रिवेंज पोर्न जैसे अपराधों के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन नंबर 112 की जानकारी भी साझा की गई।

### नियमो का पालन करने दिलाई गई शपथ

इसके अतिरिक्त, उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को नशामुक्त जीवन जीने, महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार अपनाने, और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे जनजागरूकता अभियानों से समाज में सुरक्षा, संवेदनशीलता, साइबर साक्षरता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने में मदद मिलती है। इस जागरूकता कार्यक्रम में महिला सेल बालोद से एएसआई सीता गोस्वामी, महिला आरक्षक द्रौपति साहू साइबर सेल बालोद से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेंद्र, आरक्षक रविकांत गंधर्व महाविद्यालय के प्राचार्य खेम लाल रावटे, सहायक प्रोफेसर रोहित सोरी, प्रज्ञा कोरपे एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

## विधायक दलेश्वर व प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र ने की शिरकत

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



तहसील के अंतर्गत परिक्षेत्रीय साहू संघ दिवानभेड़ी व कोकपुर का शपथग्रहण कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू व छत्तीसगढ प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। साहू समाज के दोनों दिग्गजों ने समाज में शिक्षा, व्यवसाय व एकजुटता को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का आव्हान किया। कोकपुर में आयोजित शपथग्रहण कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व महामंत्री व तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, नवनिर्वाचित तहसील उपाध्यक्ष डेरहीन साहू, संगठन सचिव कमल साहू, तहसील संयोजक मूलचंद साहू, सहसंयोजक हेमसिंग साहू सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में विधायक ने सामाजिक दायित्व के अवसर का लाभ उठाकर समाज के लिए बेहतर करने आव्हान किया। छग प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने सामाजिक दायित्वों को मिलजुलकर निर्वहन करते हुए समाज मे शिक्षा व व्यवसाय को बढ़ावा देने का आव्हान किया। कार्यक्रम को तहसील के संरक्षक अमरनाथ साहू व अध्यक्ष हेमंत साहू व जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। कोकपुर परिक्षेत्र मे नवनिर्वाचित अध्यक्ष बेलस साहू, उपाध्यक्ष हेमंत साहू व मोहनी साहू, संगठन सचिव गोविन्दा साहू व मीना साहू, सचिव यादो राम साहू, कोषाध्यक्ष खेमचंद साहू, अंकेक्षक पोवादास साहू सहित सभी प्रकोष्ठ के संयोजक, सहसंयोजक व सचिव को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष प्यारेलाल साहू सहित सभी पूर्व पदाधिकारियो ने वर्तमान पदाधिकारियो को कार्यभार सौपा गया। इसी प्रकार दिवानभेड़ी परिक्षेत्र मे नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, उपाध्यक्ष लीला साहू व सावित्री साहू, सचिव महेश साहू, कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू, संगठन सचिव रिखी साहू व इंदु साहू ने शपथ ग्रहण किया। अतिथियों का प्रतीक चिह्न व श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र साहू व अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

# जिले के साहित्यकार डॉ विनोद कुमार वर्मा को मिला राज्य अलंकरण सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

डॉ विनोद कुमार वर्मा को आँचलिक साहित्य के लिए राज्य अलंकरण सम्मान 2025 के अंतर्गत लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती वर्षगांठ के समापन समारोह के अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित दिग्गज हस्तियों के कर कमलो से प्रदान किया गया, तथा यह आँचलिक साहित्य का सबसे बड़ा अलंकरण है, अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री नोबेल कुमार वर्मा ने विनोद कुमार वर्मा बिलासपुर को मिले इस सम्मान पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रदेश का गौरव बताया है, राज्य अलंकरण 2025 हेतु छत्तीसगढ़ी साहित्य में अभूतपूर्व योगदान के लिए बिलासपुर के डॉ विनोद कुमार वर्मा को लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। यह आँचलिक साहित्य का सबसे बड़ा अलंकरण है।



आँचलिक साहित्य के लिए इस पुरस्कार की शुरूआत वर्ष 2022 से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गई है जिसमें छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी आदि बोली-भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्य सृजन के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इससे पूर्व वर्ष 2022 में गीतकार डॉ जीवन यदु राही एवं वर्ष 2024 में लोक साहित्य के रचयिता, सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कवि डॉ पीसीलाल यादव को यह अलंकरण प्रदान किया जा चुका है। इस तरह छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार के रुप में दिया जाने वाला यह तीसरा अलंकरण है जो 05 नवंबर की संध्या राज्योत्सव के समापन समारोह में प्रदान किया गया, उल्लेखनीय है विनोद कुमार वर्मा मित्रमंडल नेहरुनगर के अध्यक्ष हैं, 22 फरवरी 1954 को नवगठित सक्ती जिले के एक छोटे से गाँव फगुरम में जन्में, ठेठ ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े एम.एस-सी. कृषि व पी-एच. डी. तक शिक्षा प्राप्त नेहरूनगर बिलासपुर में निवासरत कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार वर्मा को राज्य अलंकरण प्रदान जाना मित्रमंडल के लिए गौरव की बात है। डॉ विनोद कुमार वर्मा का संबंध छत्तीसगढ़ के एक प्रतिष्ठित राजनैतिक परिवार से है, परन्तु उन्होंने कृषि विज्ञान को अपना कैरियर चुना और सहित्य में ख्याति अर्जित की। उनके पिता गाँधीवादी नेता स्व भवानीलाल वर्मा जाँजगीर लोकसभा के सांसद, बड़े भाई मुकेश कुमार वर्मा मालखरौदा विकासखंड से जनपद अध्यक्ष और छोटे भाई नोवेल कुमार वर्मा विधायक व मंत्री रहे हैं। उनके पिता स्व भवानीलाल वर्मा ने लगातार पाँच विधानसभा चुनावों में विजयश्री प्राप्त की थी। हिन्दी और छत्तीसगढ़ी दोनों भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्य का सृजन करते हुए डॉ विनोद कुमार वर्मा ने अब तक 12 पुस्तकें लिखी है और दो दर्जन से अधिक पुस्तकों का संपादन किया है। उनकी हिन्दी कहानी मछुआरे की लड़की को बस्तर विश्वविद्यालय के एम.ए. हिन्दी के पाठ्यक्रम में मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, चंद्रधर शर्मा गुलेरी, उषा प्रियम्बदा की कहानियों के साथ शामिल किया गया है परन्तु राज्य शासन द्वारा उनको यह सम्मान छत्तीसगढ़ी साहित्य के लिए प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी साहित्य में छत्तीसगढ़ी का सम्पूर्ण व्याकरण, विमर्श के निकष पर छत्तीसगढ़ी छत्तीसगढ़ी का मानकीकरण मार्गदर्शिका और नक्सलवाद की पृष्ठभूमि में सद्यःरचित उपन्यास 'उवत सुरुज के अगोरा उनकी चर्चित कृतियाँ हैं।

# आसन नहीं है डगर पार लगाना की, गांव-गांव का यही हाल

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत आसान नहीं है डगर पार लगाना की कहावत सही में दिखाई पड़ती है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी आज ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात के दिनों में पानी से भरे बड़े-बड़े गड्ढे और ठंड के दिनों में धूल का गुब्बार यह आम बात जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में दिखाई पड़ रहा है। हम किस गांव की बात करें सभी गांव का हाल बेहाल नजर आता है। खम्हरिया से लेकर कचंदा, भोथिया से लेकर कलमीडीह, वहीं पर बहेराडीह से लेकर हरदीडीह, कुटराबोड़ से लेकर हरदीडीह, बरेकेलखुर्द से भातमाहुल, बरेकेलकला से देवरीमठ तथा अनेको गांव का हाल बेहाल है जहां पर बरसात के गद्दे भरे नहीं हुए हैं जिससे राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । जिससे चोटील होकर अनेक बाइक चालक को स्वास्थ्य केंद्र का शरण लेना पड़ता है। जिनका खामियाजा क्षेत्र की जनता उठा रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए भी आज तक दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की समस्याएं हमेशा बनी हुई है। जिससे ग्रामवासी काफी परेशान हैं ।कही-कही बारहमासी सड़क दिखाई पड़ती है लेकिन अधिकांश भागों में उबड खाबड रास्ते से राहगीरों को आना जाना पड़ता है। जिससे चोटिल होकर हाथ पैर टूटने की संख्या आए दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर मैं देखने को मिल रही है। एक तो तेज रफ्तार बाइक और दूसरी तरफ सड़क में गड्ढे युक्त डगर होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डबल इंजन के साथ यहां पर ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए भी इस तरह की समस्याएं क्षेत्र में बनी हुई है जबकि इस क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के नेता चुने गए हैं। चुनाव के समय नेता तो अनेक वादा करते हैं लेकिन जब चुनाव हो जाता है तो सभी वादे भूल जाते हैं यह आप सभी जनता जान रहे हैं।

नेताओं की कथनी और करनी में बहुत अंतर होता हैं। चुनाव जीतने के बाद सभी नेता अपने वादे को दरकिनार कर देते हैं चाहे वह किसी भी पार्टी का नेता हो। इस तरह से देखा जाए तो जैजैपुर विधानसभा में हमेशा की तरह उबड़ खाबड रास्ते ही ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने को मिलेगा। आम राहगीरों को डगर पार करना बड़ी समस्या बन गई है।कब तक जनता इन समस्या का निजात पाएंगे।

# नानक जयंती पर मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने गुरुद्वारे में पहुंचकर टेका मत्था

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

कार्तिक पूर्णिमा के पावन मौके पर शहर के सिंधी पंचायत एवं सिक्ख समाज द्वारा गुरु नानक देव की जयंती पर्व का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया, इस अवसर पर शहर के बुधवारी बाजार में स्थित गुरुद्वारा भवन में जहां गुरु नानक जी की पूजा अर्चना हुई तो वहीं शहर के विभिन्न संगठनों के लोगों ने पहुंचकर समाज बंधुओ को गुरु नानक जयंती पर शुभकामनाएं दी, तथा शहर की मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने भी गुरुद्वारा भवन पहुंचकर समाज की महिलाओं को गुरु नानक जयंती पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मत्था टेका तथा पूरे क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना भी की, इस दौरान प्रमुख रूप से मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा की पूर्व अध्यक्ष रीना नरेश गेवाड़ीन, रश्मि प्रकाश अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, सोनू शर्मा, राखी अग्रवाल, रेखा बंसल, विकास अग्रवाल, प्रीति विकास गर्ग, आलोक अग्रवाल सहित काफी संख्या में महिला सदस्य मौजूद थे। लंगर में भी शामिल हुई। गुरुद्वारा भवन में आयोजित गुरु नानक जयंती पर्व पर लंगर के कार्यक्रम में भी मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया तथा इस अवसर पर शहर की पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिख समाज द्वारा किए जाने वाले ऐसे आयोजनों की भी प्रशंसा की।



# महाराजा अग्रसेन सम्मान 2025 से नवाजे गए समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक भव्य समारोह में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित अलंकरण समारोह में बिलासपुर के समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल राजू को महाराजा अग्रसेन सम्मान 2025 से नवाजा गया इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव रजत वर्ष के समापन समारोह पर, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन के मुख्य आतिथ्य में तथा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेंन डेका की अध्यक्षता में, एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अति विशिष्ट आतिथ्य, डॉ रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़, विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल अंबिकापुर की उपस्थित में महाराजा अग्रसेन सम्मान 2025 जो की सामाजिक समरसता एवं सामाजिक सेवा विकलांग सेवा के क्षेत्र दिया गया, अमर अग्रवाल, एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल, के सहयोग से, छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ सम्मान राजेंद्र राजू अग्रवाल बिलासपुर को भव्य समारोह रायपुर में, प्राप्त हुआ, सम्मान प्रतीक के साथ ही साथ दो लाख रुपए का सम्मान निधि प्राप्त हुआ, महाराजा अग्रसेन सम्मान छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा सामाजिक समरसता एवं सेवा तथा विकलांग सेवा के संदर्भ में दिया गया, तथा अलंकरण सम्मान मिलने वाले समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल राजू छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद में पिछले 25 वर्षों से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर है, राजेंद्र अग्रवाल राजू ने इस अलंकरण सम्मान मिलने पर कहा है कि मैं अति उत्साहित हूं और ज्यादा ऊर्जा के साथ आगे सेवा कार्य करने हेतु मेरा उत्साह कई गुना हो गया एवम आगे भी विकलांगता के क्षेत्र में पर्यावरण के क्षेत्र में एवं वाटर हार्वेस्टिंग के क्षेत्र में काम करने की इच्छा है।




# जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, छात्रावास, भोजनालय, कक्षाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से विद्यालय में हो रही पढ़ाई, भोजन व्यवस्था तथा विद्यालय में मिलने वाली आधारभूत सुविधाओं के संबंध में बातचीत करते हुवे जानकारी ली। कलेक्टर ने अध्ययनरत बच्चों से उनके पढ़ाई की गुणवत्ता को परखने के लिए विद्यार्थियों से कुछ सवाल भी किए। जिस पर बच्चों द्वारा प्रश्नों का बेहतर ढंग से जवाब दिया गया। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रशासन को पढ़ाई की गुणवत्ता को निरंतर बढ़ाने, परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन को प्राथमिकता से बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण माहौल आवश्यक है। उन्होंने अध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ बेहतर संवाद बढ़ाने तथा नवाचार आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम सक्ती अरूण सोम, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रशासनिक स्टाफ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदीप शर्मा ने राज्योत्सव में दी बेहतरीन प्रस्तुति



पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव 2025 में कोरबा जिले की प्रतिभाशाली कलाकार संदीप शर्मा ने अपने साथियों मोना जायसवाल और बिंदु तिवारी के साथ बेहतरीन गाने की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोरबा के घंटाघर में 2 नवंबर से 4 नवंबर तक आयोजित किए इस राज्योत्सव में दिलीप शडंगी, अलका चंद्राकर, राहुल सिंह जैसे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति और लोक परंपराओं का सुंदर प्रदर्शन किया। संदीप शर्मा ने सबसे पहले जरी की पगड़ी बांधे सुंदर आंखों वाला भजन की प्रस्तुति दी। इसके बाद साजन फिल्म का गजल जिए तो जिए कैसे बिन आपके गाया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ी गीत मिठ मिठ लागे माया के बानी, फिल्मी गीत सारा जमाना हसीनों का दीवाना की प्रस्तुति दी। श्रोताओं के विशेष डिमांड पर फिर से एक और भजन मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे की प्रस्तुति दी। इसके बाद गजल चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल और उसके बाद आजा सनम मधुर चांदनी में हम गीत की प्रस्तुति दी। संदीप शर्मा ने इससे पूर्व भी कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कोरबा के पाली महोत्सव, जांजगीर मे बैरिस्टर छेदी लाल महोत्सव बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, उत्तरप्रदेश, बिहार और गोवा सहित विभिन्न शहरों में आयोजित कार्यक्रमों में गीतों की प्रस्तुति देकर प्रशंसा अर्जित की है। संदीप शर्मा को कलकत्ता मे आयोजित राष्ट्रीय भजन प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार मिल चूका है। इसके साथ ही मलेसिया के कुआलालमपुर मे आयोजित प्रतियोगिता मे द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके है।

# गुरु नानक की शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया अग्रवाल समाज एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

कार्तिक पूर्णिमा के पावन मौके पर सिंधी समाज एवं सिख समाज के आराध्य देव गुरु नानक की जयंती के पावन मौके पर निकली गुरुद्वारा भवन से शोभा यात्रा का शक्ति शहर के अग्रवाल समाज एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज शक्ति शाखा ने जोरदार स्वागत किया, अग्रवाल सभा एवं श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति 2025 शक्ति द्वारा शहर के हटरी धर्मशाला में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियो ने गुरु नानक जी की शोभायात्रा में चल रहे रथ पर गुरु नानक जी को पुष्प अर्पित कर एवं पूजा अर्चना की तथा इस दौरान सिंधी समाज एवं सिख समाज के उपस्थित सभी बंधुओ को जहां स्वल्पाहार कराया गया एवं समाज के प्रमुख जनों को माला एवं दुपट्टा पहना कर सम्मान भी किया गया इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिख समाज के सैकड़ो की संख्या में समाज बंधु महिलाएं, नवयुवक, बुजुर्ग जन एवं यूवतियां भी शामिल थी तथा सभी एक ड्रेस कोड में नजर आए तो वहीं इस अवसर पर गुरु नानक जी की शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकारों द्वारा शस्त्र प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें काफी वीरता भरे प्रदर्शन किए गए तथा गुरु नानक जी की शोभा यात्रा के सामने पंच प्यारे आगे- आगे चल रहे थे, जिनका समाज की महिलाओं ने उनके पूरे मार्ग में पुष्प वर्षा के माध्यम से उनका अभिनंदन किया वहीं पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिख समाज द्वारा भी अग्रवाल समाज के इस आत्मीय स्वागत पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवं श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति 2025 के अध्यक्ष विकास अग्रवाल विक्कू दुल्हन के नेतृत्व में स्वागत का कार्यक्रम किया गया, तथा कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन शक्ति जिला इकाई के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू एवं मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मनीष कथूरिया भी मौजूद रहे।




# सरकारी कॉलेज जेठा में राष्टीय फाइलेरिया उन्मूलन पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय कांति कुमार भारतीय महाविद्यालय शक्ति में छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय फलेरिया उन्मूलन हाथी पांव बीमारी कैसे होता है और इससे बचने की क्या-क्या सावधानी रखनी है, इस पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया । जिसमें राज्य पीसीआई इंडिया के असिस्टेंट स्टेट कोऑर्डिनेटर रोहित कुमार ने जानकारी दिया, राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कायक्रम को हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। यह एक गंभीर ला इलाज बीमारी है। इस पर चर्चा की किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को भी यह बीमारी आने वाले समय में हो सकती है इससे बचाव के एकमात्र उपाय है फाइलेरिया कार्यक्रम के दौरान में मितानिन द्वारा बूथ स्तर पर या डोर टू डोर दवा खिलाई जाती है उसको आवश्यक रूप से खाएं तभी इस बीमारी से बच सकते हैं,ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस गंभीर बीमारी के बारे में आवश्यक रूप से बताएं तभी हमारा घर परिवार राज्य और देश सुरक्षित हो सकता है। गंभीर रूप से बीमार ग्रसित व्यक्ति गर्भवती महिलाओं 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा सेवन नहीं करना है यह बताया। दवा को अनिवार्य रूप से खाना खाने के बाद सेवन करना है खाली पेट नहीं खाना है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नवघटा जनपद पंचायत स.लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// निविदा //

क्रमांक/71/निविदा/ग्रा.पं./वर्ष 2025-26 — दिनांक 06/11/2025

ग्राम पंचायत नवघटा जनपद पंचायत स. लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत निविदा दिनांक से आगामी एक वर्ष हेतु निम्नानुसार सामाग्री की अनुमानित / संभावित आवश्यकता हैः-

| छड़ | | | | सीमेंट | मिट्टी | | रेती | सेंटरिंग | ईंट | मुरूम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8MM | 10MM | 12MM | 16MM | | 20MM | 40MM | | | | |
| 50KG | 200KG | 400KG | 200KG | 2000 BAG | 350 CuM | 50 CuM | 300CuM | 500SqM | 5000 No | 50 Cum |

उपरोक्तानुसार सामाग्री की आवश्यकता कार्य की स्वीकृति पर निर्भर करेगा। साथ ही उक्त योजनान्तर्गत कार्य की भौतिक स्थिति अनुसार मूल्यांकन/सत्यापन पश्चात प्रस्तुत देयक के आधार पर एफटी.ओ. तैयार किया जाता है, जिसका एफ.टी.ओ. प्रोसेस होने पर राशि सीधे वेण्डर के खाते में अंतरण होता है। एफ.टी.ओ. का प्रोसेस होने की निश्चित अवधि/तारीख तय नहीं होता हैं। कार्य में अग्रिम राशि भुगतान का प्रावधान नहीं है।

अतः उपरोक्तानुसार दिनांक 06/11/2025 से 12/11/2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत नवघटा जनपद पंचायत स. लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) में रजिस्टर्ड के माध्यम से/प्रतिनिधी/स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

सरपंच
ग्राम पंचायत नवघटा
जनपद पंचायत स.लोहरा

सचिव
ग्राम पंचायत नवघटा
जनपद पंचायत स.लोहरा


सरपंचों ने कलेक्टर और सीईओ से लगाई गुहार, पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

# ग्राम पंचायतों में ठप्प पड़े विकास कार्यों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com




एमसीबी जिले भर की ग्राम पंचायतों में ठप्प पड़े विकास कार्यों को लेकर सरपंचों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया। लंबे समय से रुके हुए ग्राम पंचायतों के कार्यों और वित्तीय अनुदानों की देरी से वितरण के विरोध में जिले के सभी सरपंचों ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा। सरपंचों ने ज्ञापन में मांग की कि ग्राम पंचायतों में मूलभूत विकास कार्यों जैसे नालियों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सड़क मरम्मत, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण और स्वच्छता कार्यों को तत्काल शुरू किया जाये साथ ही 15वें वित्त आयोग की राशि, संस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये निधि, और मनरेगा के लंबित कार्यों को शीघ्र स्वीकृति देने की भी मांग रखी। सरपंचों ने कहा कि पंचायतों में महीनों से कोई कार्य नहीं हो रहा है जिससे ग्रामीणों में भारी असंतोष है। इस मौके पर सरपंचों की मांगों को जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, सदस्य उजित नारायण सिंह और रामजीत लकड़ा (भगत बाबू) ने समर्थन दिया। तीनों प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में विकास ठप्प पड़ना चिंताजनक है और प्रशासन को तत्काल निधियों का वितरण सुनिश्चित करना चाहिए ताकि जनहित के कार्य गति पकड़ सकें।

## पूर्व विधायक गुलाब कमरों का सरकार पर हमला

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भरतपुर सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार को दो वर्ष होने को हैं लेकिन आज तक ग्राम पंचायतों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। सरकार बताए कि विकास का पैसा आखिर गया कहाँ? उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी और वे विधायक थे। तब भरतपुर सोनहत के प्रत्येक ग्राम पंचायत में काम होता था। डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। कमरों ने यह भी कहा कि अगर जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो वे स्वयं ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।


## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. ....../अ-2 वर्ष 2024-25
ग्राम-पोंड़ी

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण **ग्राम-पोंढ़ी** को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के द्वारा ''दुकान निर्माण'' के लिए ''व्यवसायिक प्रयोजन'' हेतु अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

आवेदक का नाम-**प्रदीप चन्द्रवंशी**, पिता का नाम-**नरेश चन्द्रवंशी**, जाति-**कुर्मी**, ग्राम का नाम-**बोड़ला (तहसील बोड़ला)**, खसरा नं.-**221/2**, कुल रकबा-**0.016 हे.**, प.ह.नं.-**20**

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनाँक 12.11.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक - 28.10.2025**
**पेशी दिनांक - 12.11.2025**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक 2437/क/भू.व्यप/अविअ/2025
सरायपाली दिनांक 06/10/2025

आवेदक नयन चितलांग्या पिता प्रकाश चितलांग्या निवासी ग्राम राजनांदगांव जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम बोंदानवापाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 788, 795, 796, 847, 852, 854, 855 रकबा क्रमशः 0.20, 0.51, 0.38, 0.35, 0.35, 0.40, 0.30 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 17/11/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक 2445/क/भू.व्यप/अविअ/2025
सरायपाली दिनांक 14/10/2025

आवेदिका सरोज पठानिया पति सुरेश पठानिया निवासी ग्राम झिलमिला तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम हर्राटार में स्थित भूमि खसरा नंबर 498/2 रकबा 0.43 हे. में से 0.0450 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 17/11/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली**

## नाम परिवर्तन

मैं श्री कोदण्ड प्रसाद पाण्डे पिता श्री गोर्वधन पाण्डे उम्र 50 वर्ष जाति ब्राम्हण ग्राम गुनपुर जिला बस्तर छ.ग. जो कि शपथपूर्वक निम्नानुसार उक्त कथन करता हूँ।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा ड्रायविंग लाइसेंस नम्बर CG1720100008976 है। जिससे मेरा नाम kodand pandey लिखा गया है।
3. यह कि मेरा आधार कार्ड, नम्बर 616213207005 पेन कार्ड, नम्बर BWNPP8509H
4. नाम Kodanod Prasad Pandey लिखा गया है। जो कि सही है।
5. यह कि मेरा नाम ड्रायविंग लाइसेंस में मेरा नाम आधार कार्ड, पेन कार्ड, के अनुसार मेरा नाम Kodanod Prasad Pandey नाम लिखने के समर्थन यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

1. उपरोक्त शपथकर्ता उपर वर्णित कंडिका 1 से 4 तक जानकारी सही है। सत्य है।

**शपथकर्ता**

# डी.ए.वी. स्कूल जांता के विद्यार्थियों ने राज्योत्सव में किया कमाल कचरे से कंचन मॉडल को तीनों दिनों मिला विशेष सम्मान

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी में डी.ए.वी. स्कूल जांता के विद्यार्थियों ने अपने अनोखे और प्रेरणादायक मॉडल वेस्ट टू वेल्थ कचरे से कंचन से सबका ध्यान आकर्षित किया। इस मॉडल में विद्यार्थियों ने यह दर्शाया कि कैसे फसल अवशेष (पैरा) से मशरूम उत्पादन किया जा सकता है और उपयोग के बाद बची मशरूम अवशेष सामग्री को जैव उर्वरक के रूप में प्रयोग कर शून्य अपशिष्ट समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। राज्योत्सव के पहले दिन सांसद विजय बघेल ने प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण किया। उन्होंने डी.ए.वी. स्कूल जांता के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत वेस्ट टू वेल्थ - कचरे से कंचन मॉडल की गहराई से जानकारी ली और विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे नवाचार देश के भविष्य को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने स्कूल परिवार को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह प्रयास अन्य स्कूलों के लिए प्रेरणादायक है। दूसरे दिन बेमेतरा जिला कलेक्टर रणबीर सिंह प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत कचरे से उपयोगी संसाधन बनाने की प्रक्रिया को बारीकी से समझा और कहा कि यह मॉडल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बना सकता है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की टीमवर्क की सराहना की। तीसरे दिन कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू और कैबिनेट मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन विधायक नवागढ़ विधानसभा दयालदास बघेल ने उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने विद्यार्थियों के मॉडल को विस्तार से देखा और कहा कि डी.ए.वी. स्कूल जांता के छात्र केवल शिक्षा में नहीं, बल्कि नवाचार और पर्यावरण चेतना में भी अग्रणी हैं। मंत्री महोदय ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विद्यालय ही भविष्य के वैज्ञानिकों और प्रशासनिक अधिकारियों को तैयार करते हैं। तीनों दिनों तक डी.ए.वी. स्कूल जांता का वेस्ट टू वेल्थ – कचरे से कंचन मॉडल दर्शकों, अधिकारियों और आगंतुकों के बीच मुख्य आकर्षण बना रहा। मॉडल के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि यदि इच्छाशक्ति और नवाचार का संगम हो तो कचरा भी 'कंचन' बन सकता है। विद्यालय के प्राचार्य पी के जायसवाल ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और वैज्ञानिक सोच से विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह उनके परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की टीम ने संयुक्त रूप से प्रस्तुति दी, जिसे सभी अतिथियों ने सराहा।

# जानकी देवी की आंखों से मिली दो नेत्रहीनों को रोशनी

## देहदान से चिकित्सा महाविद्यालय के विधार्थियों को होगा लाभ

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जानकी देवी की आंखों से मिली दो नेत्रहीनों को रोशनी मिली देहदान से चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा, रिसर्च पर लाभ होगा। स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम जिला बेमेतरा अंतर्गत जिला चिकित्सालय बेमेतरा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक लोकेश साहू एवं जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ. बी.एल. राज के मार्गदर्शन में नेत्रदान एवं देहदान करने वाले 74 वर्ष स्वर्गीय जानकी देवी शुक्ला जी के बेटे अजय शुक्ला को उल्लेखनीय कार्य हेतु देहदान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तथा इस अवसर पर चिकित्सकों के द्वारा यह जानकारी दी गई की जानकी देवी शुक्ला के द्वारा किए गए नेत्रदान के उपरांत दो नेत्र को आंखों की रोशनी मिल चुकी है। उक्त कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा सदस्य प्रदेश कार्य समिति भाजपा विजय सिन्हा नगर पालिका अध्यक्ष, अशोक शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष, विद्या सागर रात्रे जिला सहायक नोडल अधिकारी (अंधत्व), किशोर तिवारी पत्रकार अधिमान्यता प्राप्त विकास तम्बोली पार्षद, पंचु साहू पार्षद, संजय तिवारी जिला मिडिया अधिकारी (स्वास्थ्य विभाग) उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ रोहलेडर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को नेत्रदान, व देहदान के महत्व को विस्तार जानकारी देते हुए कहा कि उनके निधन के बाद भी उनकी आंखें दुनिया देखती रहेगी। नेत्रदान से जहां दो लोगो के आंखो को रोशनी मिलेगी वहीं समाज के अन्य लोगों के लिए यह प्रेरणादायक रहा। नेत्रदान कोई भी कर सकता है, इसके लिए पहले से नेत्र दान करने घोषणा पत्र भरना आवश्यक नहीं होता है। नेत्रदान करने घर वालों की सहमति ही आवश्यक होता है। परिजन की मृत्यु होने पर शीघ्र ही नेत्र विभाग को सुचित करना चाहिए। मृत्यु के चार घंटे के भीतर नेत्र निकालना होता है। नेत्रदान कर, किसी की अंधेरी दुनिया में रोशनी से भरा जा सकता है। स्वर्गीय जानकी देवी शुक्ला ने नेत्रदान एवं देहदान कर समाज के समक्ष मानव सेवा का अनुपम एवं अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। नेत्रदान के लिए विद्या सागर रात्रे जिला सहायक नोडल अधिकारी 999 से संपर्क किया जा सकता है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ। इस दौरान कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में ग्राम भालूकोन्हा की आरती साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत करने, ग्राम खुरसुनी के ग्रामीणों ने फसल क्षति का मुआवजा राशि दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम सिवनी की पूर्णिमा सिन्हा ने मितानित प्रोत्साहन राशि दिलाने, खामतराई की जामबाई ने प्राकृतिक आपदा से घर में हुई क्षति का मुआवजा दिलाने, ग्राम पैरी के धुर्वाराम ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने सहित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुँचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन मे अपर कलेटक्टर नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# समाजसेवी भुवन जांगड़े को मिला गुरु घासीदास सम्मान



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम सिरवाबांधा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व कवि साहित्यकार भुवन दास जांगड़े गौंटिया को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिम राज्यपाल रमेन डेका एवं अन्य मंचासीन अतिथियों के कर-कमलों से गुरु घासीदास सामाजिक चेतना एवं दलित उत्थान 2025 राज्य अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भुवन दास जांगड़े को गुरु घासीदास के विचारों व उपदेशों को जन जन तक पहुंचाने, दलित उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, नशाबंदी, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण आदि विभिन्न क्षेत्रों में विगत पच्चीस वर्षों से रचनात्मकता कार्य करने के लिए मेडम, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। भुवन जांगड़े को आकाशवाणी रायपुर, दूरदर्शन केन्द्र रायपुर, यूनिसेफ नई दिल्ली व अनेक सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा भी अनेकों बार सम्मानित किया जा चुका है। इस सम्मान अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल,व अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। भुवन दास को गुरु घासीदास सामाजिक चेतना सम्मान 2025 मिलने पर उनके पारिवारिक जनों, इष्ट मित्रों ग्रामीणों व सामाजिक बंधुओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# आंवला पूजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



नेशनल हाइवे 53 स्थित जय मां खल्लारी मंदिर परिसर कोडारबांध में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर 5 नवम्बर को आंवला पूजन पर्व पर काफी संख्या में श्रदालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा सुबह 10 बजे शुरु हुई । दोपहर 12 बजे से आंवला भात प्रसादी वितरण शुरु हुआ जो लगभग शाम बजे तक निरंतर चलता रहा। लगभग 15 हजार श्रद्धालु आंवला भात प्रसादी ग्रहण किये। पूरा आयोजन मेला जैसा लगा।अध्यक्ष किशोर चन्द्राकर ने बताया कि यह आयोजन विगत 20 - 21 वर्षो से निरंतर जन सहयोग से होते आ रहा है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। इस वर्ष गौ माता की पूजा के साथ गौपाष्टमी मनायी गयी। समाज सेवी श्रद्धालुओं में डॉ. रश्मि विजय चन्द्राकर, दाऊलाल चन्द्राकर,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मीना सुनील शर्मा, मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदकुमार चन्द्राकर,डॉ. लेखराम चन्द्राकर,डॉ. रामगोपाल यादव,डॉ. युगल चन्द्राकर, नवीन चन्द्राकर, रामनिवास चन्द्राकर बिरकोनी, शैलेन्द्र चन्द्राकर बेलसोण्डा शामिल हुए। निखिल मनोजकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुन्द व बलरामकांत साहू अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव ने सेवा भाव से प्रसादी वितरण कार्य में सहयोग किया । पूजा अनुष्ठान मंदिर के पुजारी हरीश दुबे ने विधि विधानपूर्वक सम्पन्न किया । प्रचार सचिव बन्धु राजेश्वर ने खरे ने कोडार वाली जय माँ खल्लारी की ऐतिहासिक जानकारी दी। शंभू भट्ट, पुनीत राम, जगदीश ध्रुव, जनकराम साहू, सुनील चन्द्राकर, शिव यादव गौतम सिन्हा, के.के .सिन्हा,पिन्टू सिंह, होरीलाल पटेल, रमेश,रविन्द्र व हेमन्त चन्द्राकर, गणपत यादव,ग्राम कोडारबांध, कुहरी, पिरदा, मालीडीह, कौवाझर, तुमगाँव व समीपस्थ ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। सचिव हर्ष शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने समिति के सदस्यों,पदाधिकारियों व प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से समस्त सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हाईटेक पांवर एवं स्टील उद्योग के खिलाफ श्रमिकों के आंदोलन , भारी तनातनी के मध्य बनी सहमति



## श्रमिक बंटे दो धड पर ,एक धड में नाराजगी व आक्रोश

पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

दो दिनो की गहमागहमी के मध्य श्रमिकों का आंदोलन पर अभी विराम लगा है , वहीं अधिकतर श्रमिकों में अभी भी उबाल देखी जा रही है ,जिसके चलते श्रमिकों के मध्य दो फाड़ होने की आसार हैं चुंकि यह मामला क्षेत्रवाद की ओर इशारा कर रही है। रायपुर जिला, तिल्दा जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत परसदा में संचालित हाईटेक पांवर एवं स्टील कंपनी के श्रमिकों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कंपनी के मुख्य गेट के सामने दो दिन पूर्व से अनिश्चितकालीन काम बंद कर आंदोलन पर डटे हुए थे, जिसके चलते उद्योग प्रभावित हुआ, इसी बीच बीते दिन एकाएक हाईटेक पांवर एवं स्टील कंपनी ने मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन कंपनी बंद किये जाने का सूचना पत्र का चस्पा करते हुए संबंधित श्रमिकों के मध्य वायरल किया ,फिर भी आक्रोशित श्रमिक गेट के सामने पंडाल लगाकर डटे रहे ।इसी दरम्यान बीती रात्रि को श्रमिकों के बीच एक सूचना वायरल हुआ, जिसमें लिखा हुआ था कि 06/11/2025 प्लांट मैनेजमेंट के आदेश अनुसार सुबह 8.30 बजे प्लांट के गेट के पास पहूचना है ।जिसका रेस्ट है वह भी आवेगा कोई भी कर्मचारी एब्सेंट नहीं रहेगा, कोई भी प्राब्लम हो प्लांट अवश्य पहुंचना है जो कर्मचारी नहीं आयेगा वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। वायरल सूचना पत्र के अनुसार सहमे हुए श्रमिकों ने कंपनी के आधार किलोमीटर के फासले में एकत्रित हुए। इस नया मोड़ को लेकर श्रमिकों का कहना है कि कुछ कंपनी के चाटुकार लोग अपने हित साधने एक नया कारनामा करते हुए अपने मंसूबो पर सफ्ल हो गया, लेकिन वही कंपनी गेट के सामने फिर तनातनी का माहोल निर्मित हो गया था। कंपनी के सिपहसालारो माने जाने वालों पर आरोप है कि उन्होंने कंपनी के मिलीभगत से श्रमिकों को दो फाड़ में करने में सफल रहा, जिसके चलते श्रमिकों के मध्य नाराजगी देखी जा रही है। कंपनी के मुख्य गेट के सामने घंटों तक प्रशासन व श्रमिकों के मध्य नोक झोंक हुआ। फिर तहसीलदार, थाना प्रभारी के मौजूदगी में त्रिपक्षीय बैठक हुई, बैठक में एक सहमति बनी जिसके अनुसार वन रोल प्रकिया जिसमें वर्तमान में 20 कर्मचारियों को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया है। उनमें से 60/ कर्मचारी ग्राम परसदा के निवासी हैं जो कि 12 है वहीं 40/ कर्मचारी जो कि 08 अन्य कर्मचारी होंगे, जिसे स्थायी रूप में रखा जावेगा, माह अप्रेल की वन रोल प्रक्रिया में 50/ ग्राम परसदा की श्रमिकों तो वहीं 50/ अन्य श्रमिकों को अवसर दिया जावेगा, इस पर चयन वरिष्ठता के आधार पर होगी। हजारों श्रमिकों के सहारे संचालित कंपनी के सहमति पर अधिकतर श्रमिक असंतुष्ट नजर आ रहे हैं और उनका मानना है कि यह आंदोलन एक साजीश की भेंट चढ़ गई है।

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु घर घर पहुंच रहे



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची अद्यतन कार्य हेतु गहन पुनरीक्षण अभियान 4 नवम्बर से शुरू हो चुकी है। इसके तहत जिले में बूथ लेबल आफिसर्स द्वारा घर-घर सम्पर्क कर मतदाताओं को फार्म वितरण आरंभ किया गया है। बूथ लेबल ऑफिसर अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए घर-घर पहुंचने लगे हैं ताकि मतदाता सूची से जुड़ी हर विसंगति को मौके पर ही दूर किया जा सके। उनका मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे, खासकर वे युवा जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। इसके साथ ही बूथ लेबल ऑफिसर मृत या स्थायी रूप से अन्यत्र बाहर जा चुके मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया भी पूरी कर रहे हैं, जिससे सूची त्रुटिहीन और अद्यतन बन सके। इस गहन पुनरीक्षण के माध्यम से निर्वाचन आयोग का लक्ष्य न केवल एक पारदर्शी बल्कि सर्वाधिक समावेशी मतदाता सूची तैयार करना है। निर्वाचन आयोग द्वारा इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सभी मतदाताओं एवं नागरिकों से अभियान को सफ्लतापूर्वक संपन्न करने के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है। बूथ लेबल ऑफिसर (बीएलओ) चुनावी कार्यालयों तक सीमित न रहकर सीधे जनता से जुड़ रहे हैं। इनकी सहायता के लिए स्थानीय मैदानी अमले रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इत्यादि को वालेंटियर्स नियुक्त किया गया है।

# दुर्गापाली के छात्र-छात्राओं ने किया नया रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दुर्गापाली के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य निमंकर पटेल व शिक्षकों के साथ नया रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर भारतीय वायुसेना का सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम का रोमांचक एयर शो का प्रदर्शन दिखया गया। एयर शो नया रायपुर के सेन्ध तालाब के ऊपर हुआ। इस शो में 9 हॉक एम के 32 फायटर जेट्स एक साथ उड़ान भरे और बॉम्ब बर्स्ट, हार्ट इन द स्काई,एरो हेड, जैसे रोमांचक प्रदर्शन पेश किये।पायलटों के हैरतअंगेज साहस और करतबों को देखकर छात्र-छात्रायें मंत्रमुग्ध होते रहे।14 गरुड़ कमांडर रस्सी के सहारे नीचे उतरे।ग्रुप कैप्टन अजय दशरथी टीम को लीड किये,स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल भी टीम का हिस्सा रहे जो छत्तीसगढ़ के हैं। रोमांच व गौरव का अदभुत संगम विद्यार्थियों ने करीब से देखा। तत्पश्चात शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को दिखाया गया। उसके पश्चात विद्यार्थियों को विधानसभा के नये भवन को बाहर से अवलोकन कराया गया,तत्पश्चात जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। आदिवासी अनुसंधान व प्रशिक्षण संस्थान परिसर में बने इस म्यूजियम में सरगुजा से लेकर बस्तर तक के आदिवासियों के रहन-सहन,खान-पान,संस्कृति और परम्पराओं को विद्यार्थियों को देखने का अवसर मिला । इस म्यूजियम को आदिम जनजातियों की भौगोलिक बसाहट, के हिसाब से उत्तर,मध्य व दक्षिण में बांटा गया है। यहां 14 गैलरियों में प्रदेश की 42 जनजातियों संबंधित पूरी जानकारी जानने समझने को मिला। इसमें विभिन्न जनजातियों के जन्म, विवाह, मृत्यु की परंपराएं, आवास के साथ उपयोग होने वाले बर्तन,शिकार करने के लिए हथियार,, पहनावे,तरह-तरह के आभूषणों की जानकारी मिली। इसके अलावा खेती, मनोरंजन के साधन, नृत्य-गीत,धार्मिक परम्पराएं, त्यौहार, पारम्परिक तकनीक व सांस्कृतिक विरासतें विद्यार्थियों को दिखाया गया। अगले पड़ाव में पुरखौती मुक्तांगन का भ्रमण कराया गया,जहाँ 200 एकड़ में फैले इस स्थल की प्राकृतिक छटा अनुपम है। यहां छत्तीसगढ़ की संस्कृति व आदिवासी परम्पराओं को करीब से जानने देखने को मिला। यहाँ छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति व सभ्यता का अनुपम व श्रेष्ठ कलाकृतियों का संग्रह छात्र-छात्राओं को शिक्षकों द्वारा दिखाया व समझया गया। पूरे मेला स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है।जहां की डोम अलग अलग थींम में डिज़ाइन किया गया है,जिसमें विभिन्न विभागों में छत्तीसगढ़ के 25 वर्षो की विकास की गौरवगाथा प्रदर्शित की गई है। साथ हीकेंद्र व राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं को देखने को मिला। इस बार 33 विभागोँ की प्रदर्शनी लगायी गयी है, जिसमे सबसे बड़ा डोम कृषि विभाग, जलसंसाधन विभाग, न्यू क्रिमिनल लॉ का देखने को मिला।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपेन्द्र भोई पिता अरक्षित भोई निवासी ग्राम बैतारी तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के पिता अरक्षित भोई के मृत्यु दिनांक 10/05/2010 को ग्राम बैतारी में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 12/11/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**सरायपाली**
**जिला-महासमुंद**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 2255/क/भू.व्यप/अविअ/2025

सरायपाली दिनांक 30/10/2025

आवेदक सुमित अग्रवाल पिता भरतलाल अग्रवाल निवासी सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम हर्राटार में स्थित भूमि खसरा नंबर 840/1, 840/2 रकबा क्रमशः 0.21, 0.19 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 10/11/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 2260/क/भू.व्यप/अविअ/2025

सरायपाली दिनांक 30/10/2025

आवेदक अमित अग्रवाल पिता भरतलाल अग्रवाल एवं 01 अन्य निवासी सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 698/3 रकबा 0.0320 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 10/11/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रं./65/न.पा.नि./जलप्रदाय शाखा/2025-26 बीरगांव, दिनांक 31/10/2025

**// वार्षिक निविदा 2025-26 मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण //**

निकाय की जलप्रदाय शाखा में निम्नानुसार कार्य हेतु पात्र फर्मों से मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री डॉक से आमंत्रित हैं। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 14.11.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 17.11.2025 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 24.11.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 24.11.2025 सायं 4.00 बजे।

| कार्य समूह क्रं. | कार्य का नाम | अनु. लागत लाख रू. |
|---|---|---|
| 1 | नलकूप में गिरे फंसे पम्प/पाईप/रॉड निकालने तथा नलकूप सफाई कार्य (लेबर वर्क)-बीरगांव कार्ड क्र. 20 से 27 | 7.00 |

निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से तथा साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**आयुक्त**

**कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
E-mail : cmonpkharod@rediffmail.com

क्रं./1026/न.प./लो.नि.वि./2025-26 खरौद, दिनांक 06/11/2025

**// ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण //**

नगर पंचायत खरौद क्षेत्रांतर्गत शासन अनुदान मद अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | प्रा. राशि (लाख) | अमानत राशि | डिमांड ड्राफ्ट |
|---|---|---|---|---|
| 178870 08.11.2025 | 1) वार्ड क्र. 03 प्रदीप तिवारी घर के पास बोर खनन सहित एवं पानी टंकी स्थापना कार्य। 2) वार्ड क्र. 01 रमा साहू घर के सामने बोर खनन सहित एवं पानी टंकी स्थापना कार्य। 3) वार्ड क्र. 02 इंदिरा चबुतरा के पास बोर खनन सहित एवं पानी टंकी स्थापना कार्य। 4) वार्ड क्र. 06 चुलमाटी के पास बोर खनन सहित एवं पानी टंकी स्थापना कार्य। 1) वार्ड क्र. 02 हुलासराम साहू घर के पास बोर खनन सहित एवं पानी टंकी स्थापना कार्य। | 12.00 | 9000.00 | 3000.00 |

निविदा की विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन की E-procurment पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत खरौद**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

# मुख्यमंत्री साय ने किया ऊर्जा विभाग के मण्डप का अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के अवसर पर राज्योत्सव में लगे ऊर्जा विभाग के मण्डप का अवलोकन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर पॉवर कंपनी के अध्यक्षगण सुबोध कुमार सिंह एवं डॉ. रोहित यादव तथा तीनों एमडी एस.के. कटियार, राजेश शुक्ला, भीमसिंह कंवर उपस्थित थे। साय ने ऊर्जा विभाग द्वारा सु-सज्जित एवं प्रदर्शित विभिन्न प्रादर्शों की सराहना की। रायपुर ग्रामीण के कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया कि पिछले एक माह से राज्योत्सव की तैयारियां की जा रही थी। ऊर्जा विभाग के मण्डप में मॉडल के माध्यम से पम्प स्टोरेज बिजलीघर, कंपोस्ड बायोगैस सिस्टम, सोलर सिटी, आदर्श सोलर गांव, नियद नेल्लानार तथा विद्युत सुरक्षा संबंधी मॉडल का प्रदर्शन किया गया। पीएम सूर्यघर योजना के चल-चित्र एवं कठपुतली प्रदर्शन के माध्यम से योजना की डबल सब्सिडी की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई। राज्योत्सव में



कुल 1500 रजिस्ट्रेशन दर्ज किए गए। इसके अलावा जनता के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें जीतने वाले प्रत्येक व्यक्ति को क्यूआर इनबिल्ड की-रिंग पुरस्कृत किए गए। 5 दिवसीय राज्योत्सव में कुल 4 हजार प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तरी का आनंद उठाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने मण्डप का अवलोकन किया और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया को मॉडल के माध्यम से समझा। ज्ञानवर्धक एवं रोचक जानकारियों से लोग प्रफुल्लित एवं आकर्षित हुए। मण्डप के जनदर्शन में सभी श्रेणी एवं वर्ग के लोगों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 5 दिनों तक चले राज्योत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आगंतुकों को योजनाओं की जानकारी हेतु पत्रक वितरित किए गए। इस अवसर पर मुरारी श्रीहरि, नीरज वर्मा, मनोज बजाज, राजू साहू, आशीष चंदेल, रूद्र कश्यप, राजीव साहू, मनोज वर्मा, विवेक मिंज, अश्विनी कुमार, तेजराम कोसरिया, ओमकार चंद्राकर, सुशांत फुलजले, सौरभ भरदिया, आयुष पांडेय, हरिश बंजारे, दाऊरेम आडिल, हुमेंद्र राजपूत, रेखचंद एवं रेखराज चौरे ने मण्डप का सफल संचालन किया।

### पॉवर कंपनी में वंदे मातरम् कै सामूहिक गान आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गान होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन भी लाइव सुना जाएगा। उक्त कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को प्रातः 10 से 11 बजे तक देखने के लिये विद्युत सेवा भवन के बैंक्विट हॉल व्यवस्था की गई है। जिसमें सभी पावर कंपनियों के कार्यालय प्रमुखों एवं अध्यक्ष/ प्रबन्ध निदेशक कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों की उपस्थिति रहेंगे।

## शिवरतन शर्मा ने छात्राओं को बांटी साइकिल, बोले- शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रदेश भाजपा के नेता शिवरतन शर्मा ने भाटापारा में नगर पालिका उच्चतम (कन्या) विद्यालय में छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियां हैं तो कल है, सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके उपरांत प्राचार्य राजेंद्र जोशी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान शिवरतन शर्मा ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आज छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं। बेटियां हैं तो कल है, सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें, हमारे प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना।



शिवरतन शर्मा ने कहा यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है, शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ हमारी छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जा रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है। हमारी सरकार के मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में आगे की ओर अग्रसर होते हुए प्रदेश में बेहतर शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। भाटापारा विधानसभा के सभी स्कूलों को व्यवस्थित और बेहतर बनाया जाएगा, किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आभा व्यास एवं आभार प्रदर्शन रेखा वर्मा द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, नीरा साहू, आशीष जायसवाल, नंद किशोर अग्रवाल, आशीष पुरोहित, भास्कर देवांगन, दुर्गेश शर्मा, अशोक तिवाड़ी, आनंद शर्मा, अंजनी जायसवाल, तनूजा धृतलहरे, रितु यादव, शकून ध्रुव, गीता साहू, नंदकिशोर शर्मा, शिक्षक किरण साहू, शिवानी पुरोहित, खुशी गुप्ता, द्रोपती पारस, सुमित वर्मा, आकाश यादव, योगेवर, दलेश्वरी ठाकुर उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव में जिंदल स्टील का भव्य स्टाल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर स्थित मेला स्थल में आयोजित भव्य राज्योत्सव 2025 के दौरान जिंदल स्टील ने एक आकर्षक और जानकारीपूर्ण स्टॉल लगाया, जिसने वहां आने वाले लोगो का ध्यान अपनी ओर खींचा। जिंदल स्टील के इस स्टॉल में कंपनी के विभिन्न उत्पादों, आधुनिक तकनीक, मशीनरी डिवीजन के उन्नत उपकरणों एवं ष्टस्क्र गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही, कंपनी द्वारा पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को भी प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। स्टॉल में जिंदल स्टील के स्टील, स्ट्रक्चरल्स, रेल्स, प्लेट्स, मशीनरी पार्ट्स इत्यादि उत्पादों की जानकारी के साथ-साथ उनकी निर्माण प्रक्रिया और गुणवत्ता मानकों को भी दर्शाया गया। इसके अलावा, कंपनी के ष्टस्क्र कार्यक्रमों के अंतर्गत शिक्षा,




स्वास्थ्य, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी गतिविधियों की झलक भी दिखी। राज्योत्सव के दौरान बड़ी संख्या में आये लोग एवं उद्योग प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं सरकारी अधिकारियों ने स्टॉल का भ्रमण किया और जिंदल स्टील के नवाचार एवं उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने बताया कि स्टॉल न केवल जानकारीपूर्ण था, बल्कि छत्तीसगढ़ में जिंदल स्टील की 25 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा और योगदान को गर्व के साथ प्रदर्शित भी करता है। जिंदल स्टील के प्रतिनिधियों ने बताया कि कंपनी आगे भी छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान जारी रखेगी और विकसित छत्तीसगढ़, मजबूत भारत के विज़न को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

## विधायक राजेश मूणत ने नवनिर्मित सामुदायिक भवनों का लोकार्पण कर दी सौगात

**कृष्णानगर सामुदायिक भवन के सामने शीघ्र शेड निर्माण करवाने दिए निर्देश, मितानिन भबन शीघ्र बनाने किया भूमिपूजन**

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 7 क्षेत्र अंतर्गत संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के अंतर्गत कृष्णा नगर रामनगर क्षेत्र में विभिन्न 8 स्थानों में लगभग 60 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से निर्मित नवीन सामुदायिक भवनों का फीता काटकर लोकार्पण कर नगरवासियों को सौगात रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद नगर निगम पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू, जोन 7 जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद मीना ठाकुर, पूर्व पार्षद लोधी समाज के पदाधिकारी मोहन उपारकर,मण्डल



अध्यक्ष सन्नी मोहिले, जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति में दी है। वहीं 5 लाख रूपये की लागत से कृष्णा नगर में आंगनबाड़ी भवन के समीप नवीन मितानिन भवन के निर्माण कार्य का श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कृष्णा नगर में नए सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर वहाँ नागरिकों की सुविधा और उपयोग हेतु शीघ्र शेड निर्माण करवाने के निर्देश जोन 7 के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कृष्णा नगर रामनगर में लोधी समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर वीरांगना अवन्ति बाई लोधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया।

## मारवाड़ी यूनिवर्सिटी की ऐतिहासिक उपलब्धि, क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में शानदार पदार्पण

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

गुजरात की अग्रणी निजी संस्था मारवाड़ी यूनिवर्सिटी ने इतिहास रच दिया है। विश्वविद्यालय ने क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में अपनी पहली ही प्रविष्टि में एशिया स्तर पर 353वां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि मारवाड़ी यूनिवर्सिटी को भारत की शीर्ष निजी विश्वविद्यालयों में शामिल करती है और किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय की अब तक की सबसे ऊँची पहली रैंकिंग है। इस उपलब्धि के साथ, मारवाड़ी यूनिवर्सिटी को अब गुजरात की नंबर 1 निजी विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ है। यह इसे क्यूएस रैंकिंग्स 2026 में भारत की सर्वश्रेष्ठ निजी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में भी लाती है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2026 में शामिल यह विश्वविद्यालय एशिया की सबसे युवा




निजी यूनिवर्सिटी भी है, जिसने पहली ही बार में यह मुकाम हासिल किया, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान क्षमता और वैश्विक उत्कृष्टता का गौरवपूर्ण प्रमाण है। क्यूएस क्वैक्रेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स एशिया की सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन करती है। इसमें शिक्षा की गुणवत्ता, अनुसंधान और नवाचार, छात्र-शिक्षक अनुपात, प्रतिष्ठा तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे मानदंड शामिल किए जाते हैं।

## कार्यालय में संलग्न पर्यवेक्षक मूल पदस्थ स्थान में भेजे जाएंगे, मंत्री राजवाड़े का संघ को आश्वासन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग राज्य महिला आयोग सहित विभिन्न जिला व परियोजना कार्यालय में संलग्न पर्यवेक्षकों को उनके मूल पदस्थ स्थान के लिए बहुत जल्द कार्य मुक्त किया जाएगा। इस आशय का आश्वासन प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष को मंत्री महिला एवं बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा दिया गया। उल्लेखनीय है कि महिला वाल विकास विभाग के लिपिकीय कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल मंत्री महिला एवं बाल विकास लक्ष्मी राजवाड़े से उनके निवास स्थान में मिला। प्रतिनिधि मंडल में दिलीप कुमार बंजारे अध्यक्ष विभागाध्यक्ष / संचालनालयीन अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, सुनील कुमार यादव, एवं राज कुमार साहू शामिल थे। भेंट के



दौरान मंत्री को अवगत कराया गया कि मैदानी स्तर के पर्यवेक्षकों को राज्य महिला आयोग, संचालनालय सहित जिला व परियोजना कार्यालयों में संलग्न कर लिपिकों का कार्य लिया जा रहा है । प्रदेश अध्यक्ष अटेरिया ने मंत्री को बताया कि पर्यवेक्षक मूलतः मैदानी कर्मचारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई पर्यवेक्षक ऐसे हैं जो 10 वर्षों से भी अधिक समय से अलग-अलग जगह में संलग्न कर लिपिक का कार्य कर रहे हैं। अटेरिया ने मंत्री को अवगत कराया कि पर्यवेक्षकों के द्वारा लिपिक का कार्य किए जाने से महिला एवं बाल विकास विभाग के लिपिकों में जबरदस्त आक्रोश है। उन्होंने मैदानी पर्यवेक्षकों को तत्काल प्रभाव से उनके मूल स्थान के लिए कार्य मुक्त किए जाने की मांग की।

## श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में 2 दिवसीय हैकाथन नवोन्मेष 25 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर में 2 दिवसीय हैकाथन नवोन्मेष 25 के फाइनल राउंड का आयोजन 7 और 8 नवंबर को किया जा रहा है। इस हैकाथन में पूरे भारत से 560 टीम ने प्रेजेंटेशन दिया, जिसमें 57 टीम फाइनल राउंड के लिए सलेक्ट हुई, ये 57 टीम 24 घंटे में अपना प्रोडक्ट बनाकर देंगे, इनमें से विजेता को 1 लाख, उपविजेता को 75 हजार, तीसरी टीम को 50 हजार और 5 टीम को 10-10 हजार का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। ये हैकाथन श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर और रायपुर नगर निगम के ज्वाइंट सहयोग से आयोजित की जा रही है। चेयरमैन (बीजी) निशांत त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष 'नवोन्मेष 25' करने के पीछे बहुत बड़ा सकारात्मक उद्देश्य है। नगर निगम रायपुर द्वारा दी गई प्रॉब्लम स्टेटमेंट के विभिन्न सेक्टरों में अनेक समस्याएं हैं, जिन पर इनोवेशन बेस्ड रिसर्च और प्रोजेक्ट की आवश्यकता है, इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों से इस हैकथन के माध्यम से सोल्यूशन अपेक्षित है। इन क्षेत्रों पर यदि शोधपूर्ण काम किए जाए तो न सिर्फ विद्यार्थियों को अपना टैलेंट दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि अनेकानेक समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। हैकाथन की आयोजन टीम के डॉ धीरेन्द्र क्षत्रिय और डॉ सुमन स्वर्णकार ने बताया कि लगभग 10 राज्यों से 57 टीम पार्टिसिपेट करने आ रही हैं, जिनमें एनआईटी, आईआईटी, आईआईआईटी, वीआईटी और अन्य इंस्टीट्यूट भी हैं। जिनका जजमेंट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होगा जिसमें हर्षवर्धन चुनावला अमेजन वेब सर्विसेज यूएसए से, प्रांजल शर्मा ओरेकल इंडिया से, एस.सुब्रह्मण्यम रिवॉलाइज यूएसए से और शिखर शर्मा वालमार्ट ग्लोबल यूएसए से टेक्निकल एक्सपर्ट्स जज के रूप में ऑनलाइन जुड़ेंगे।

## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक रूरल अपॉच्र्यूनिटीज फंड, ग्रामीण भारत की ग्रोथ पोटेंशियल पर रहेगा फोकस

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने कोटक रूरल अपॉच्र्यूनिटीज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रामीण और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश पर फोकस करेगी। यह स्कीम 6 नवंबर से 20 नवंबर तक निवेशकों के लिए खुली रहेगी। इस फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में निवेशकों की दौलत में इजाफा करना है, जिसके लिए यह उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगा, जो भारत के ग्रामीण विकास और बदलाव (रूरल ट्रांसफॉर्मेशन) से जुड़ी हैं या उससे लाभ कमा रही हैं। इस स्कीम का बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी रूरल इंडेक्स टीआरआई होगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने इस मौके पर कहा कि, ग्रामीण भारत अब केवल खेती तक ही सीमित नहीं है, यह 'भारत' के विकास का नया मोर्चा बन चुका है। वित्तीय समावेशन से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग तक, ग्रामीण भारत में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। यह बदलाव अवसरों, नई उम्मीदों और सरकारी नीतियों की वजह से आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आय और कंजम्पशन अब भारत की बड़ी आर्थिक कहानी का एक अहम हिस्सा हैं। कोटक रूरल अपॉच्र्यूनिटीज फंड का लक्ष्य निवेशकों को इस बदलाव में भागीदार बनने में मदद करना है, यह बदलाव भारत की सबको साथ लेकर चलने वाली और संतुलित आर्थिक विकास की यात्रा के साथ मेल खाता है। ग्रामीण भारत तेजी से बदल रहा है, अब लगभग 40% ग्रामीण लोग खेती के अलावा अन्य कामों में लगे हैं। 2018 से अब तक, ग्रामीण महिलाओं की नौकरी में भागीदारी लगभग दोगुनी हो गई है, जिससे दोहरी आय वाले परिवारों की संख्या बढ़ रही है।

## केबिनेट मंत्री केदार कश्यप को भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने दी जन्मदिन की बधाई



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के वन, सहकारिता एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप के जन्मदिन के अवसर पर उनके नया राजधानी स्थित निवास स्थान पर बड़ी संख्या में शुभचिंतक, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने मंत्री केदार कश्यप जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की मंगलकामना की। योगेश तिवारी ने कहा– केदार कश्यप सदैव संगठन और समाज के बीच समन्वय का सेतु बने रहे हैं। उन्होंने हमेशा किसानों, युवाओं और ग्रामीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। हम सभी उनके नेतृत्व से प्रेरणा लेते हैं। इस अवसर पर आशु चंद्रवंशी और अश्वनी शर्मा भी उपस्थित रहे। सभी ने मंत्री कश्यप का अभिवादन कर उनके जनसेवा के कार्यों की सराहना की। सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा केदार कश्यप जैसे कर्मठ और समर्पित नेता छत्तीसगढ़ की राजनीति की अमूल्य धरोहर हैं।

## गौधाम के समग्र विकास, गौ-सुरक्षा तथा नगर में घूमंतु गौवंश से संबंधित समस्याओं के समाधान पर बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद् भाटापारा के सभाकक्ष क्रमांक-2 में गौधाम के समग्र विकास, गौ-सुरक्षा तथा नगर में घूमंतु गौवंश से संबंधित समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद् के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गौधामों की आधारभूत संरचना, गोधन के भोजन की उपलब्धता, नियमित चिकित्सा सुविधा, उचित देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में नागरिकों को अधिक से अधिक पैरा



दान के लिए प्रेरित करने, घास एवं हरे चारे के उत्पादन को प्रोत्साहित करने, गौधाम में गोधन मालिकों द्वारा छोड़े गए पशुओं को रखने तथा ऐसे मालिकों पर दंडात्मक कार्यवाही करने, दो माह के चारे का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने, रसीद प्रणाली के माध्यम से दान प्राप्त करने तथा गौधाम के गोबर से छेना निर्माण एवं गौमूत्र विक्रय जैसी योजनाओं को क्रियान्वित करने के सुझाव दिए गए। इसके अतिरिक्त पार्षद श्रेणिक गोलछा द्वारा दिसंबर एवं मार्च माह में एक-एक ट्रॉली चारे की व्यवस्था करने की घोषणा की गई। वहीं गोलछा परिवार द्वारा 11,000 एवं रामरतन मूंधड़ा द्वारा 1,00,000 का सहयोग प्रदान किया गया। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, मनीष मिश्रा, नंदु वैष्णव, श्रेणिक गोलछा, सतीश साहू, गोवेर्धन डहरिया, प्रकाश ठाकुर, शुभम राजपूत, दशरथ साहू, लिकेश साहू, योगेश अनंत, भुवन सिंह ठाकुर, रामरतन मूंधड़ा, अनिल चांडक, सुशील भूषणीया, अनिल रोचलानी, कैलाश बलानी, सुरेश भानुशाली, बजरंग दल से रवि वर्मा, गौसेवक अभिषेक मिश्रा, मुकेश शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ अग्रवाल, शहर थाना प्रभारी प्रवीण मिंज, सुनील ठाकुर एवं प्रतिष्ठित नागरिकजन उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह पहल न केवल गौ-संरक्षण एवं गौ-कल्याण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

## भाटापारा शहर में गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान प्राण घातक वार करते हुए गंभीर चोट पहुंचाने वाले 13 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com

01 नवंबर को संतकंवर राम वार्ड भाटापारा के निवासियों द्वारा एक साथ मिलकर बाजे गाजे के साथ गौरी-गौरा विसर्जन करने माता देवालय तालाब भाटापारा ले जाया जा रहा था, इसी बीच मातादेवालय मंदिर के पीछे, सर्कस मैदान के आरोपी मिथिलेश निषाद, राकेश मिश्रा एवं अन्य आरोपी तालाब से वापस आ रहे थे। फिर आरोपी संतकंवर राम वार्ड के गौरी-गौरा में लगे बाजा में नाचने लगे, जिससे मना करने पर आरोपियों द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गलौज करते हुए, हत्या करने की नियत से संतकंवर राम वार्ड के गौरी-गौरा विसर्जन में शामिल लोगों के ऊपर डंडे, राड, पत्थर, चाकू आदि से प्राण घातक वारकर, गंभीर चोट पहुंचाया गया कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 591/2025 धारा 296, 109, 191(2), 190 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए प्रकरण में 10 विधि से संघर्षरत बालक सहित कुल 13 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान बाजा में नाचने की बात को लेकर संतकंवर राम वार्ड के निवासियों के ऊपर पत्थर, लाठी डंडे, लोहे के राड, चाकू आदि से प्राण घातक वारकर उन्हें गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। की प्रकरण में सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई। प्रकरण विवेचना में है।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी६७ पॉवर: 15,000 रुपये से कम कीमत में सबसे अच्छा कैमरा फोन 7000एमएच बैटरी के साथ

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर और भारत का अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने आज 15के सेगमेंट के तहत अपने सर्वश्रेष्ठ्स कैमरा फोन मोटो जी67 पॉवर के लॉन्च की घोषणा की है। इसमें विशाल 7000एमएच की बैटरी दी गई है। यह डिवाइस अपने सेगमेंट को फिर से परिभाषित करता है, जिसमें सेगमेंट का सर्वश्रेष्ठ्स 50एमपी सोनी लिथियम 600 कैमरा है, जिसमें सभी कैमरों से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग की अनूठी सुविधा है, स्लिमर डिजाइन के लिए सिलिकॉन कार्बन टेक्नोलॉजी के साथ विशाल 7000एमएच बैटरी, शक्तिशाली स्नैपड्रैगन0 7एस जेन 2 प्रोसेसर, सेगमेंट की सर्वोच्च मजबूती गोरिल्ला ग्लास 7आईं और एमआईएल 810एच के साथ, और एक शानदार 6.7 120एचजेड एफएचडी+ डिस्प्ले, इन सबको एक अल्ट्रा-प्रीमियम पैंटोन, क्यूरेटेड वेगन लेदर डिजाइन में पेश किया गया है।



# कलेक्टर व्यास ने बगीचा में जनसुविधा, स्वास्थ्य और खेल अवसंरचना के विकास कार्यों का लिया जायजा

## इंडोर स्टेडियम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मंगल भवन के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने नगर पंचायत बगीचा में नागरिक सुविधाओं, खेल अवसंरचना एवं स्वास्थ्य संस्थानों से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक स्थल पर अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने इंडोर स्टेडियम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मंगल भवन के चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने चल रहे सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अटल परिसर में सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर व्यास ने पेड़ों में वॉर्म लाइट लगाने, बाउंड्रीवाल में रंग-रोगन पूर्ण करने और परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परिसर नगर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, अतः इसका सौंदर्यीकरण नागरिकों को एक बेहतर वातावरण प्रदान करेगा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बगीचा प्रभात सिड्डाम, एसडीएम प्रदीप राठिया, जनपद सीईओ विनोद सिंह, निर्माण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित निर्माण एजेंसी के कर्मीगण मौजूद रहे।

**इनडोर स्टेडियम बनेगा खेल प्रतिभाओं का नया केंद्र** -कलेक्टर व्यास ने बगीचा शहर में निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम का भी अवलोकन किया। यहां दो बैडमिंटन वुडन कोर्ट तैयार किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने ड्राइंग डिजाइन देखकर चेंजिंग रूम, पार्किंग और टॉयलेट की व्यवस्था का जायजा लिया तथा पर्याप्त पार्किंग की सुविधा सुनिश्चित करने कहा, जिससे भविष्य में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहूलियत हो। उन्होंने स्टेडियम की भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह स्टेडियम जिले के खेल प्रतिभाओं के लिए अभ्यास और प्रशिक्षण का सशक्त केंद्र बनेगा तथा युवाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करेगा।

**बगीचा में स्वास्थ्य सुविधाओं के ढांचे को मिल रही मजबूती** -कलेक्टर व्यास ने बगीचा में 30 बिस्तर वाले निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा की और अस्पताल के पंजीयन काउंटर, ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, एक्स-रे कक्ष, माइनर ओटी, पार्किंग आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि यह अस्पताल बगीचा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा केंद्र बनेगा, जिससे उन्हें उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने छत की वॉटरप्रुफिंग, पाइपलाइन व्यवस्था, टंकी की फिटिंग तथा वर्षा जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि भवन टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बन सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल के बचे हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण की जाए जिससे क्षेत्र के लोगों को बगीचा में ही बेहतर और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मिले।

**दो मंगल भवनों से सामाजिक कार्यक्रमों को मिलेगा नया आयाम** -कलेक्टर व्यास ने इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन दो मंगल भवनों का भी निरीक्षण किया। इनमें से एक भवन का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है, जबकि दूसरा भवन मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 99 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन है।

# केमिस्ट बंधुओं का दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



टेम्पल सिटी शिवरीनारायण के होटल कैफेटेरिया में जिले के केमिस्ट बंधुओं का दीपावली मिलन समारोह एवं कार्यशाला अत्यंत भव्यता, गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम में आस्था, सौहार्द और सामाजिक जिम्मेदारी की अदभुत झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा जिले के सहायक औषधि नियंत्रक रविन्द्र गेंदले, ड्रग इंस्पेक्टर भुवनेश्वर मोहले एवं हितेन्द्र बाम्वोडे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीडीए प्रांतीय कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, डीसीडीए अध्यक्ष अविनाश शर्मा, सचिव पवन पालीवाल, कोषाध्यक्ष दीपक गोयल तथा शिवरीनारायण केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सचिव पंकज केशरवानी और कोषाध्यक्ष अखिल केशरवानी सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट बंधु सम्मिलित हुए। अतिथियों के शबरी धाम आगमन पर नटराज चौक में केमिस्ट बंधुओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथि भगवान शिवरीनारायण मंदिर पहुंचे, जहाँ मुख्तियार सुखरामदास के मार्गदर्शन में भगवान शिवरीनारायण के दरबार में पूजा-अर्चना कर मत्था टेका। चंद्रचूड़ महादेव, लंका दहन हनुमान जी एवं जगन्नाथ स्वामी के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया। मुख्तियार सुखरामदास ने मंदिर के धार्मिक महत्व की जानकारी दी एवं अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं भगवान शिवरीनारायण की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अतिथि एवं केमिस्ट बंधु चित्रोत्पला गंगा घाट पहुँचकर नौका के माध्यम से बीच नदी में दीपदान कर देव दीपावली पर्व का मंगलारंभ किया। वृक्षारोपण - एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सहायक औषधि नियंत्रक रविन्द्र गेंदले ने मेला ग्राउंड में पीपल का वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। होटल कैफेटेरिया में कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' के मधुर गायन के साथ हुआ। अतिथि स्वागत के पश्चात कैफेटेरिया प्रांगण स्थित प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण एवं माता शबरी की जीवंत प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर 101 दीपों का प्रज्ज्वलन किया गया। वातावरण में मंत्रोच्चार और दीपों की आभा से दिव्यता छा गई। इस अवसर पर केमिस्ट बंधुओं को मुख्य अतिथि सहायक औषधि नियंत्रक रविन्द्र गेंदले ने कहा – दवा का क्रय-विक्रय शासन के नियमों के अनुसार ही किया जाए। प्रत्येक केमिस्ट एनआरएक्स एवं एचवी श्रेणी की दवाओं का पूरा रिकॉर्ड रखें और केवल अधिकृत स्टॉकिस्ट से ही बिल आधारित खरीदी करें।

# रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने महापौर मीनल चौबे पार्षदों सहित फील्ड में उतरेंगी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था को राजधानी शहर के अनुरूप सुधारने अब नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे वार्ड पार्षदों सहित फील्ड पर उतरेंगी। महापौर ने पार्षदों को सफाई कार्य में जागरूक रहने का सुझाव दिया है। महापौर मीनल चौबे नगर निगम जोन 1 और जोन 3 कार्यालय पहुंचीं एवं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर सहित जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, जोन 3 अध्यक्ष साधना प्रमोद साहू, एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर साहू, संतोष सीमा साहू, पार्षद डॉ मनमोहन मनहरे, अम्बिका साहू, परमिला बल्लाराम साहू, सोहन लाल साहू, राजेश कुमार देवांगन, कैलाश बेहरा, राजेश गुप्ता, पुष्पा रोहित साहू, प्रदीप कुमार वर्मा, महेश कुमार ध्रुव, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 1 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी, जोन 3 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा, सुशील मोडेस्टस, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन, पूरन कुमार ताण्डी, अन्य सम्बंधित जोन 1 और जोन 3 अधिकारियों, रामकी कम्पनी के स्थानीय अधिकारी प्रतिनिधि योगेश कुमार की उपस्थिति में सफाई कार्य को लेकर समीक्षा कर सफाई व्यवस्था राजधानी के अनुरूप सुधारने वार्ड पार्षदों से चर्चा कर सुझाव लिए और अधिकारियों को अनेक निर्देश दिए। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि सफाई कार्य उनकी प्राथमिकता है और सभी घरों से प्रतिदिन शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। महापौर ने सभी नियमित और ठेका सफाई कामगारों की ड्यूटी पर शत-प्रतिशत संख्या में निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। महापौर ने कहा कि सफाई व्यवस्था सुधार कार्य में कोई कोताही कदापि सहन नहीं की जाएगी।

# भ्रम की स्थिति में दो अतिक्रमणकारी आपस में भिड़े, चार घायलों में दो गंभीर

## वन विभाग अतिक्रमण हटाओ मामला

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत कलिकापुर में वन विभाग के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भ्रम की स्थिति में दो अतिक्रमणकारियों के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें चार लोग घायल हो गए और दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग का अमला अतिक्रमण हटाने मौके पर पहुंचा था और रूपलाल यादव का कब्जा हटाया के बाद जब दरोगा यादव का कब्जा हटाने गए तो उसे शक हुआ कि रूप लाल यादव ने ही मेरी शिकायत की होगी इसी बात को लेकर दोनों परिजनों के बीच लाठी डंडे चलने लगे और वन अमला तमाशा बिन बना रहा इसी बीच हमले में रूपलाल यादव,अनिल यादव,रामलाल यादव और सुशील यादव बुरी तरह से घायल हो गए। इनमें रूपलाल यादव और अनिल यादव को सिर में गंभीर चोटें आईं हैं जबकि रामलाल यादव का बायां हाथ टूट गया हैं और सुशील यादव को भीं चोटें आई हैं। तत्पश्चात मौके पर उपस्थित अतिक्रमण हटाओ दल के द्वारा तत्काल उनको अपने वाहनों में बिठाकर रामानुजगंज हॉस्पिटल लाया गया। और प्राथमिक उपचार के बाद रूपलाल और अनिल यादव को बेहतर इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अक्टूबर 2025 में 6.50 लाख यूनिट की बिक्री के साथ मजबूत ग्रोथ दर्ज की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अक्टूबर 2025 में कुल 6,50,596 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की है। इसमें 5,98,952 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 51,644 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। एचएमएसआई ने अक्टूबर 2024 की तुलना में कुल बिक्री में 9% की साल-दर-साल वृद्धि और सितंबर 2025 की तुलना में 15% की माह-दर-माह वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-अक्टूबर 2025) की अवधि के दौरान, एचएमएसआई ने कुल 36,41,612 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जिसमें 32,78,451 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 3,63,161 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। एचएमएसआई ने सड़क सुरक्षा के प्रति अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए देशभर के विभिन्न शहरों सिवान, मथुरा, झुंझुनू, अहमदाबाद, नवी मुंबई, कोलकाता, जालना, लखनऊ, कन्नूर और हुब्बली में जागरूकता अभियान आयोजित किए।

# पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा रायपुर नगर निगम कार्यालय में पान, सिगरेट, गुटखा का कचरा फैलाने पर प्रतिबंध लगाया जाये

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 8 जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर और संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के पार्षद अर्जुन यादव, शासकीय प्राथमिक शाला डिपरापारा की प्राचार्य देवांगन, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्कूल के विद्यार्थियों, जोन 8 के अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में स्कूल परिसर में लगभग 18 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से फीता काटकर प्रार्थना शेड, अतिरिक्त कक्ष, नवीन शौचालय, उन्नयित शौचालय का लोकार्पण कर शानदार सौगात दी। इस हेतु वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने पश्चिम विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे को हार्दिक धन्यवाद दिया। विधायक ी राजेश मूणत ने कहा कि शासकीय स्कूलों की व्यवस्था को सुधारना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने स्कूल परिसर में रिक्त स्थान में स्कूल के विद्यार्थी बच्चों के लिए खेलने की सुविधा के रूप में झूले, फिसलपट्टी, गार्डन विकास करवाने विधायक निधि से 5 लाख रूपये का स्वेच्छानुदान देने की घोषणा की. रायपुर पश्चिम विधायक ने स्कूल के बच्चों से घरों में सफाई में सहयोग करने और घर का कचरा प्रतिदिन स्कूल आते समय गार्बेज बैग में रखकर नियत स्थान मुक्कड़ में डालकर आने की अपील की, ताकि वार्ड में पूर्ण स्वच्छता कायम हो सके। विधायक राजेश मूणत ने सुझाव दिया कि नगर निगम कार्यालय में पान, सिगरेट, गुटखा की गन्दगी और कचरा फैलाये जाने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

# जिला डंडा अधिकारी ने जारी किया फरमान

**बलरामपुर।** प्रचलित भारतीय मुद्रा एक एवं दो रूपये के सिक्के बाजार मे खुदरा व्यवसायियों द्वारा नहीं लेने के कारण प्रचलन से बाहर होते जा रहा है,जिससे आमजनों को आर्थिक क्षति एवं लेन-देन मे कठिनाईयां हो रही है। इस संबंध में अ प र कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी आर.एस.लाल ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व,तहसीलदार, जनपद सीईओ व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के समस्त शहरों एवं ग्रामों में मुनादी कराकर उपरोक्त मुद्राओं का लेन-देन व्यवहार में रखा जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी व्यवसायी या आमजन मुद्राओं को लेन-देन से मना करता है तो नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने को भी कहा है।




# वेदांता पावर बिजनेस ने तमिलनाडु डिस्कॉम से किया 500 मेगावॉट का पावर पर्चेस एग्रीमेंट


पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वेदांता लिमिटेड की ऊर्जा व्यवसाय इकाइयों मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड (एमईएल) और वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) ने तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (टीएनपीडीसीएल) के साथ 500 मेगावॉट का पावर पर्चेस एग्रीमेंट (पीपीए) किया है। इंडीपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर (आईपीपी) व्यवसाय के क्षेत्र में यह अनुबंध वेदांता के लिए मील का पत्थर है। इससे विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के तौर पर देश में कंपनी की स्थिति मजबूत हुई है। लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) के अनुसार टीएनपीडीसीएल को एमईएल द्वारा 300 मेगावॉट और व्हीएलसीटीपीपी द्वारा 200 मेगावॉट विद्युत की आपूर्ति की जाएगी। अनुबंध की अवधि 1 फरवरी 2026 से 31 जनवरी 2031 तक पांच वर्षों के लिए 5.38 रुपए प्रति किलोवॉट घंटा के समतुल्य दर से प्रभावी होगी। टीएनपीडीसीएल ने 1580 मेगावॉट विद्युत आपूर्ति की निविदा जारी की थी जिसमें से सबसे अधिक हिस्सेदारी वेदांता पावर की इकाइयों एमईएल, आंध्रप्रदेश और व्हीएलसीटीपीपी, छत्तीसगढ़ को मिली। यह पीपीए वेदांता पावर की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त और प्रचालन उत्कृष्टता का द्योतक है। वेदांता ने इन दोनों विद्युत इकाइयों का अधिग्रहण कर रिकॉर्ड समय में विद्युत उत्पादन प्रारंभ किया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर वेदांता लिमिटेड के सीईओ-पावर राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए विश्वसनीय बेसलोड पावर बहुत जरूरी है। इस स्थिरता को सुनिश्चित करने की दिशा में तापीय विद्युत इकाइयों की भूमिका अहम है। इस अनुबंध ने कुशल और भरोसेमंद विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में वेदांता की उत्तरोत्तर मजबूत हो रही नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है। एमईएल और व्हीएलसीटीपीपी से उत्पादन वेदांता के प्रचालन मॉडल की मजबूती और जटिल परिसंपत्तियों से मूल्य निर्माण क्षमता को प्रदर्शित करती है। चूंकि हम वेदांता पावर की पहचान के साथ अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो के प्रस्तावित डीमर्जर की ओर से अग्रसर हैं ऐसे में इस पीपीए से हमारी राजस्व प्राप्ति, वित्तीय स्थिरता और भावी विकास की योजनाएं सुदृढ़ हुई है। वेदांता ने वर्ष 2023 में आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में स्थित 1,000 मेगावॉट के तापीय विद्युत संयंत्र मीनाक्षी एनर्जी लिमिटेड का अधिग्रहण कर उसे पुनः प्रचालन में लाने की योजनाओं को तेजी से सफ्लतापूर्वक लागू किया। अधिग्रहण के दो वर्षों में संयंत्र ने अपनी पूर्ण प्रचालन क्षमता प्राप्त कर ली। इसी तरह छत्तीसगढ़ के सिंघीतराई में स्थित वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट (व्हीएलसीटीपीपी) की उत्पादन क्षमता 1,200 मेगावॉट है। इस संयंत्र को पूर्व में एथेना छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड (एसीपीएल) के नाम से जाना जाता था जिसे वर्ष 2022 में अधूरी परियोजना के तौर पर अधिग्रहित किया गया था। अगस्त 2025 में इसकी पहली 600 मेगावॉट इकाई की कमीशनिंग हुई। वेदांता अपने विभिन्न व्यवसायों में 12 गीगावॉट क्षमता के तापीय विद्युत इकाइयों का प्रचालन करता है।

07 Nov. 2025 Pride Of Raipur


























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

माँ भारती को समर्पित
देशभक्ति और आध्यात्मिकता के
भाव से भरा गीत

# वन्दे मातरम्

## राष्ट्रीय गीत के
## 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर
# सामूहिक 'राष्ट्रीय गीत' गायन



कार्यक्रम का शुभारंभ

यशस्वी प्रधानमंत्री



## श्री नरेन्द्र मोदी जी

के द्वारा

## 7 नवंबर 2025, शुक्रवार

सुबह 10 से 11 बजे तक

**ग्राम पंचायत से प्रदेश स्तर तक सभी शासकीय कार्यालय, शैक्षिक और अन्य संस्थानों में 4 चरणों में साल भर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| पहला चरण | 7-14 नवंबर 2025 |
| दूसरा चरण | 19-26 जनवरी 2026 |
| तीसरा चरण | 7-15 अगस्त 2026 |
| चौथा चरण | 1-7 नवंबर 2026 |

## वन्दे मातरम्।

सुजलाम् सुफलाम् मलय़जशीतलाम्,
शस्यश्यामलाम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 1।।

शुभ्रज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीम् सुमधुरभाषिणीम्,
सुखदाम् वरदाम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 2।।

कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
के बॉले माँ तुमि अबले,
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्,
रिपुदलवारिणीं मातरम्। वन्दे मातरम्।। 3।।

तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म,
त्वम् हि प्राणाः शरीरे, बाहुते तुमि माँ शक्ति,
हृदय़े तुमि माँ भक्ति, तोमारेई प्रतिमा गड़ि मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम् ।। 4।।

त्वम् हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्,
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्। वन्दे मातरम्।। 5।।

श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूषिताम्,
धरणीम् भरणीम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 6।।

samvad- 45814/66

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

**आइए, हम सभी इस ऐतिहासिक क्षण को गर्व और उल्लास के साथ मनाने का संकल्प लें।**

## वन्दे मातरम्!!



DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
डीडी न्यूज़ पर देखें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403